प्रयागराज, शनिवार, 19 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, कृष्ण पक्ष 11, वर्ष 11, अंक 210, पृष्ठ 12, मूल्य : 5 .00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर- अर्थ तंत्र को गति देते बैंक



अंदर- अभी तक टी20 प्रारुप नहीं समझ पायी है भारतीय टीम : अश्विन



# छुट्टी के विवाद में दो शिक्षकों में जमकर मारपीट

## अभिवावकों ने विद्यालय कराया बन्द, कार्यवाई की मांग पर अड़े



अभिवावकों द्वारा बंद कराया गया विद्यालय



पुलिस से दोषी शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाई की मांग करते ग्रामीण

**लालापुर।** विकास खंड जसरा के प्राथमिक विद्यालय बेलामुण्डी में आये दिन अवकाश को लेकर होने वाला विवाद गुरुवार को गहरा गया, जिससे दो शिक्षकों में जमकर मारपीट हुई। घटना में एक शिक्षक को काफी चोटें आई है। सूचना पर पहुंची 112 न. पुलिस ने लोगों से पूछताछ की है। जानकारी के अनुसार आरोप है कि बेलामुण्डी विद्यालय के सहायक अध्यापक ने हेडमास्टर से चार्ट लगाने हेतु कील की मांग करने पर अपने लड़के को बुलाकर सहायक को पीट दिया। जिससे स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों के अनुसार पिटाई से सहायक अध्यापक इतने सहम गए कि थाने में जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके। हेडमास्टर स्थानीय होने के कारण दबंगई करते हैं। बच्चों से भी हेडमास्टर का व्यवहार अच्छा नहीं रहता। घटना की जानकारी लेने पहुंची पुलिस से गाँव वालों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए दोषी शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाई की की मांग की है। अभिवावक एक जुट होकर विद्यालय बन्द करवाकर कार्यवाई की मांग करते रहे। वही देर शाम खण्ड शिक्षा अधिकारी जसरा पहुँच कर घटना की पूरी जानकारी लेते हुए ग्रामीणों को शान्त कराया। मामले में थानाध्यक्ष लालापुर शेरसिंह यादव ने कहा कि लिखित तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जाएगी। खण्ड शिक्षा अधिकारी जसरा अखिलेश वर्मा ने बताया जांचकर दोषी शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाई हेतु उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा।

## लोडर ट्रक की टक्कर लगने से वृद्ध महिला की मौत

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के लेप्रोसी चौराहे पर शुक्रवार की दोपहर सड़क पार करते समय लोडर ट्रक की टक्कर लगने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के पतेवरा गांव निवासी सुतरी देवी (80) वर्षीय पत्नी स्व. मौला शुक्रवार की दोपहर कहीं जा रही थी। लेप्रोसी मिशन चौराहे पर सड़क पार करते समय लोडर ट्रक की टक्कर लगने से घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना से मौके पर अफरा तफरी मच गई। कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया। वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। मृतका के नाती जगदीश मंगता पुत्र हुड्डा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# बार एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**चुनाव**

### अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र दुबे व मंत्री पद के लिए चंद्रमणि शुक्ल हुए निर्वाचित



समर्थकों के साथ प्रसन्न मुद्रा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष मंत्री

**मेजा।** बार एसोसिएशन मेजा का चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग संपन्न हो गया। मतदान के बाद मतगणना हुई जिसमें महेंद्र दुबे अध्यक्ष व चन्द्रमणि शुक्ल मंत्री निर्वाचित हुए। शुक्रवार को बार के चुनाव के लिए मतदान के बाद हुई मतगणना में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी महेंद्र दुबे को कुल 317 मत प्राप्त हुए हैं उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी देवानंद पटेल को 265 मतों से पराजित किया है। अन्य प्रत्याशी श्रीकांत तिवारी को कुल 141 मत तथा रामेश्वर मिश्र को कुल28 मतों से संतोष करना पड़ा। महेंद्र दुबे दोबारा अध्यक्ष पद पर जीत हासिल किए हैं। मंत्री पद पर चन्द्रमणि शुक्ल को कुल 290 मत प्राप्त हुए हैं। उनको चुनौती देने वाले अतुल वैभव द्विवेदी को कुल 210 मत तथा कामेश्वर पटेल को 143 मतों से संतोष करना पड़ा। इसी पद के अन्य प्रत्याशी आलोक कुमार श्रीवास्तव को कुल 68 मत, प्रभाकर श्रीवास्तव को मात्र 7 मत मिले हैं, उमाशंकर पाठक को कुल18 मत से ही संतोष करना पड़ा है। तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ताओं जटा शंकर शुक्ल, एसपी मिश्र, सतीश दुबे, तुलसीदास तिवारी, दुर्गेश तिवारी, उमाकांत मिश्र, अनिल सिंह सिद्धान्त तिवारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय आदि ने विजेता पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**कोरांव।** शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र कोरांव पर तहसील के दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार सिंह मौजूद रहे। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता में हुए दिव्यांग 100 मीटर दौड़ में प्रीति खजुरी प्रथम स्थान रागिनी सिंह सीकी कला द्वितीय स्थान आलोक सीकी कला ने तृतीय स्थान हासिल किया ।। इसी तरह से कुर्सी मानसिक दौड़ में सोनी कोरांव ने प्रथम स्थान संगीता बेलहट ने द्वितीय स्थान सन्नो बेलहट ने तृतीय स्थान हासिल किया। गायन में रेनू पसना ने प्रथम स्थान शोभित जायसवाल कोरांव ने द्वितीय स्थान दीपक बसहरा ने तृतीय स्थान हासिल किया। चित्रकला में अंजली सिंह बेलहट ने प्रथम स्थान।

## संक्षेप

### मेजारोड मे पुलिस ने चेकिंग मे सात वाहनों का किया चालान



**मेजा।** मेजारोड चौराहे पर शुक्रवार की शाम चौकी प्रभारी ने चेकिंग अभियान चलाया। जिसमे अनियमितता पाए जाने पर सात वाहनों का चालान किया। बता दें कि चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा ने देर शाम वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमे बाइक सवारों को हेलमेट न लगाने व चार पहिया वाहनों के चालकों को सीट बेल्ट न लगाने एवं नम्बर प्लेट व अन्य अनियमितता पाए जाने पर सात वाहनों का चालान किया। चौकी प्रभारी रामभवन वर्मा ने बताया कि यातायात माह को लेकर लगातार चौराहों पर, स्कूल कालेजों मे पुलिस उच्चाधिकारियों द्वारा जागरूक किया जा रहा है। लगातार चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है। उसके बावजूद वाहन चालक नियमों को ताक पर रख कर बिना नियमों के फर्राटे भर रहे हैं। जिसको देखते हुए शुक्रवार की शाम चेकिंग अभियान चलाया गया और सात वाहनों का चालान किया गया और हिदायत दी गई कि नियमों का पालन करने पर पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### न्यूड वीडियो कॉल साइबर फ्रॉड गिरोह के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज हुई शिकायत

**नैनी।** फेसबुक- व्हाट्सएप के जरिए लोगों को ब्लैकमेल करने वाले अपराधी गिरोह के खिलाफ मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है । इसके पहले साइबर थाना प्रभारी, साइबर क्राइम सेल, क्राइम ब्रांच, पुलिस लाइंस, प्रयागराज कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। शिकायती पत्र दिए जाने के बाद शिकायत को आज मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी दर्ज करा दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नैनी के श्रमिक बस्ती निवासी एक पत्रकार ने पोर्टल पर दर्ज कराई गई है। शिकायत में कहा है, कि इस गिरोह के आतंक के कारण बुजुर्ग लोगों का जीना दुश्वार हो गया है । फेसबुक और व्हाट्सएप चैट के जरिए पहले यह लोगों को फंसाते हैं । फिर उसके बाद वसूली के लिए जिस तरह से लोगों को धमकाते हैं। उससे कमजोर दिल के आदमी को दिल का दौरा पड़ सकता है । इस साइबर क्राइम के बहुत से लोग शिकार हो चुके हैं । पहली बार किसी ने व्हाट्सएप चैट के प्रमाण के साथ क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई है । क्राइम विभाग को इन अपराधियों के द्वारा प्रयोग किए जाने वाले व्हाट्सएप नंबर और एक फोन पे नंबर दिए गए हैं। इन दो नंबरों के आधार पर पुलिस यदि चाहे तो मुख्य अपराधी गिरोह और उसके सक्रिय लोगों को पकड़ सकती है ।इन अपराधी गिरोहों के आतंक के कारण शरीफ इज्जतदार लोगों का जीना दुश्वार हो गया है । ब्लैक मेलिंग के जरिए धन उगाही करने वाले इन अपराधियों ने सोशल मीडिया को बदनाम कर दिया है । ब्लैकमेल करने वाले इन साइबर फ्रॉडो ने फेसबुक पर वकायदे अपनी प्रोफाइल बना रखी है और उस प्रोफाइल के जरिए लोगों से दोस्ती कर बाद में भयादोहन करते हैं । पिछले कई वर्षों से यह खेल चल रहा है। देखना है प्रयागराज पुलिस इस मामले में अपराधियों को कब तक गिरफ्तार करती है ? एक वरिष्ठ पत्रकार का कहना है कि पुलिस को सारे साक्ष्य दे दिए जाने के कारण अपराधियों की आसानी से गिरफ्तारी होनी चाहिए। सूत्रों का कहना है कि इस तरह के साइबर अपराधियों द्वारा पूरे देश में लंबे पैमाने पर ब्लैक मेलिंग का धंधा चलाया जा रहा है । लोगों से लाखों रुपए वसूला जा रहा है। अनेकों लोग इसका शिकार हो चुके हैं । लेकिन आज तक कोई संगठित गिरोह पकड़ा नहीं गया। इन अपराधी गिरोहों को पकड़े नहीं जाने के कारण न्यूड वीडियो कॉल के जरिए ब्लैकमेलिंग का धंधा बढ़ता जा रहा है। खास तौर पर इस गिरोह के लोग 60 से 70 वर्ष के बीच के लोगों को टारगेट करते हैं। बहुत से लोग इस शिकार हो चुके हैं, लेकिन लोक लाज के भय से किसी से कहते नहीं । आखिर ब्लैक मेलिंग का यह खेल कब तक चलेगा ?

### राष्ट्रीय सेवा योजना एवं शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया




**नैनी।** शिक्षक शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को एनएसएस ओरिएंटेशन प्रोग्राम-2022 का आयोजन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना और इसकी कार्यप्रणाली को पूरे देश में जागरूक करने के लिए तत्पर है। ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शोभा डॉ. अशोक कुमार श्रोति, क्षेत्रीय निदेशक, एनएसएस उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के क्षेत्रीय निदेशालय की उपस्थिति में हुई। डॉ. सुनीता गुप्ता, राज्य संपर्क अधिकारी, डॉ. दीपक कुमार बोस, एनएसएस समन्वयक, और श्री सत्यम केसरी, उप समन्वयक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। मेहमानों को शॉल पहनाया गया और उन्हें एक गमले में लगा पौधा और एनएसएस मोमेंटो भेंट किया गया। डॉ. अशोक कुमार श्रोति ने छात्रों को आज की पीढ़ी में सामाजिक कार्य की भावना विकसित करने की आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने एनएसएस के तत्वावधान में आने वाले विभिन्न कार्यक्रमों जैसे कार्यशालाओं, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जागरूकता कार्यक्रमों आदि पर चर्चा की। डॉ. गुप्ता ने छात्रों को समाज में एक सकारात्मक सहयोगी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. बोस ने शिक्षक शिक्षा विभाग को कार्यक्रम आयोजित करने के प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान डेंगू जागरूकता पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता भी कराई गई। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ सामला एस मसीह सहित सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे। करीब 200 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### पांच बम के साथ युवक गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के पुराने यमुना पुल के समीप गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पांच अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को पुराने यमुना पुल के समीप मुखबिर की सूचना पर नैनी पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पांच अदद देसी बम बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम देवराज निषाद पुत्र स्वर्गीय शुद्धू निषाद निवासी महेवा पूरब पट्टी नैनी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।



प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित अतिथिगण

## दिव्यांग बच्चो की तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न, कुल 57 दिव्यांग बच्चो ने किया प्रतिभाग

**शंकरगढ़।** ब्लाक संसाधन केंद्र शंकरगढ़ पर तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चो की खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें शंकरगढ़ ब्लाक व जसरा ब्लाक के कुल 57 बच्चो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक व्यायाम शिक्षक सुनील द्विवेदी व कम्पोजिट विद्यालय शंकरगढ़ के इंचार्ज प्रधानाध्यापक बीरेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में सुनैना प्रथम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 100 मीटर दौड़ में बिरजू प्रथम, थ्री लेग रेस में मुस्कान प्रथम व रेशमी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में मतीन सिद्दीकी प्रथम व मनक्शा द्वितीय , चित्रकला में प्रिया सिंह प्रथम, ऋतुराज द्वितीय व सिद्धार्थ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अस्थिबाधित चित्रकला प्रतियोगिता में नेहा प्रथम, संध्या द्वितीय व खुर्शीद तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुलेख में ऋतुराज सिंह प्रथम व प्रिया सिंह द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजयी बच्चो को मेडल व पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया। इस दौरान मंच का संचालन नारायण सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में नृपेंद्र सिंह, विजय सिंह अरविंद सिंह, सरदार सिंह, अभिषेक सिंह, शुभांक पांडेय, रवींद्र कुमार शुक्ला, ममता सोनकर, अरविंद मिश्रा, रामसूरत , संगीता आदि शिक्षको ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विद्यालय शिक्षा का एक मंदिर है हमारे शिक्षक शिक्षा की लौ जलाते हैं : रजनी तिवारी

**कार्यक्रम**

### उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने करछना के बघेडा में बीएम जी डिग्री कॉलेज के वार्षिकोत्सव में छात्रों को स्मार्टफोन वितरण किया



कार्यक्रम को संबोधित करतीं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी

**करछना।** विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है। हमारे शिक्षक शिक्षा की लौ जलाते हैं। और बच्चे इस लौ के प्रकाश को राष्ट्र के निर्माण व संस्कार में प्रकाशित करते हैं । जिस प्रकार से माता-पिता अपने बच्चों के संस्कार के सहित आगे बढ़ता देखकर प्रसन्न होता है । उसी प्रकार शिक्षक भी शिष्य को आगे निकलता देख बहुत प्रसन्न होता है। उन्होंने सरकार की ओर से चलाई जा रही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विषय में लोगों को जानकारी दी कि इस शिक्षा के तहत संस्कार और रोजगार परक शिक्षा लोगों में मुहैया कराई जा रही है। उक्त बातें प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने करछना तहसील क्षेत्र के बी एम जी डिग्री कॉलेज बघेडा में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शुक्रवार को कहीं उन्होंने स्नातक कक्षाओं के अंतिम वर्ष के 237 छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन का वितरण भी किया। मुख्य अतिथि ने बी एमजी डिग्री कॉलेज बघेडा के प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल के इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा भी की। और उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में जो भी आवश्यकता पड़ेगी सरकार आपके द्वार पर खड़ी है। कार्यक्रम के आयोजक व संयोजक बीएमजी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन बघेडा के निदेशक एनपी सिंह की ओर से कराए जा रहे सामाजिक क्षेत्रों में महिलाओं की दशा एवं दिशा सुधारने गरीबी उन्मूलन एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे अनेक कार्यों के प्रति उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों की ओर से दीप प्रज्वलन से किया गया। वहीं दूरदर्शन एवं उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक गीतों सहित नृत्य की प्रस्तुतियां भी हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे करछना विधायक पियूष रंजन निषाद ने अपने उद्बोधन में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री से करछना विधानसभा क्षेत्र में एक राजकीय महिला महा विद्यालय की मांग की। अन्य विशिष्ट अतिथि में भाजपा यमुनापार के जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारती करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी भाजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय रहे। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो मनोज कुमार मिश्र उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को बीएमजी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन बघेड़ा के निदेशक एनपी सिंह बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा के प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल व व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह की ओर से पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। और साथ ही साथ सभी मुख्य अतिथि समेत सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्रम भेंट करके सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष डां वीके सिंह ने किया। संचालन आकाशवाणी के उद्घघोषक प्रमोद कुमार द्विवेदी ने किया। इसके साथ ही साथ दर्जनभर से अधिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक व प्रधानाचार्यो समेत मीडिया कर्मियों को बीएमजी डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल की ओर से स्मृति चिन्ह देकर व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रणविजय सिंह, सुरेंद्र सिंह, अरुण कुमार तिवारी, डॉ अनिल कुमार, विजय कुमार, श्वेता शुक्ला, वंदना बाजपेई, सविता सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरू सिंह, संतोष शुक्ला, रूश्दा, नाहिद, अम्बरीष तिवारी, कपिल तिवारी, सेवालाल पटेल, प्रदीप पांडेय, प्रभा कांत मिश्रा, राम मनोहर मिश्र, अलख नारायण, राजकुमार मिश्रा, शिशिन सिंह, रिंकू सिंह सहित विद्यालय के कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# ब्लाक बहरिया में हुई क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक

**बैठक**

### प्रमुख बहरिया ने नए स्तर से विकास करवाने का किया वादा



बैठक को संबोधित करते ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्रा

**बहरिया।** ब्लाक बहरिया के सभागार में नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्रा के नेतृत्व में ब्लॉक के समस्त क्षेत्र पंचायतों की एक बैठक आहूत की गई। इस बैठक के माध्यम से क्षेत्र पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में कराए जाने वाले कार्य की रूपरेखा के विषय में एक विस्तृत चर्चा की गई। जिस बैठक में यह भी बताया गया। कि वर्तमान में क्षेत्र पंचायत निधि में 4 करोड़ तीस लाख रुपए पड़े हैं। इस बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा परिषद सदस्य निर्मला पासवान भी उपस्थित रही। इस सभा का संचालन जेई एम आई हौसला प्रसाद मिश्र ने किया । सभा में मौजूद सभी सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्रा ने कहा। कि अभी तक जिस परंपरा से कार्य हो रहा था। उससे इतर सभी कार्यों को प्रभावी ढंग से कराने की कोशिश करूंगा। उन्होंने अपने नए एजेंडे के तहत बताया। कि अब सभी ग्रामीणों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों को अपने अपने कार्यों के विषय में परेशानी नहीं उठाने पड़ेगी। क्योंकि इसके लिए मैं सर्व सुलभ 3 योजनाएं बनाया हूं। जिसके तहत इन सभी का संचालन मेरे अधीन होगा। पहला सुझाव बॉक्स बनेगा जोकि मेरे ऑफिस के बाहर लगा रहेगा। दूसरा एक टोल फ्री नंबर रहेगा जो सार्वजनिक सभी को उपलब्ध रहेगा। तीसरा सामान्य व्हाट्सएप नंबर जो की सर्व सुलभ रहेगा। इन्हीं के माध्यम से क्षेत्र की सारी जानकारियां एवं कमियों की ओर विशेष ध्यान देते हुए इनका निराकरण समय से कराने का प्रयास करता रहूंगा। इसी कड़ी में बैठक में मौजूद विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान ने भी कहा कि मेरे द्वारा भी जो संभव होगा मैं बहरिया ब्लाक के लिए अधिक से अधिक बजट उपलब्ध कराकर इस ब्लॉक का विकास कराने का प्रयास करूंगी। इस बैठक में खंड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता, एडीओ पंचायत केसी पांडेय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक पंकज कुमार पवन, पशु चिकित्सा अधिकारी प्रियदर्शना राव, एडीओ आईएसबी राम अवध यादव एडीओ कोआपरेटिव रामविलास मौर्य, लेखाकार अरुण त्रिपाठी, जेई गजेंद्र गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी सौरभ सिंह, रवि मौर्या, अफरोज, जया, मंजू, प्रतीक्षा, प्रीति, रविंद्र प्रताप, सुशील तिवारी, वीरेंद्र प्रकाश, ग्राम प्रधान राजेश प्रताप सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष, वीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रियांशु तिवारी, भुवर लाल यादव, संत लाल यादव, राजकुमार यादव, नरेश कुमार भारतीया, राकेश सिंह, मान सिंह यादव, प्रधान प्रतिनिधि कालूपुर सीताराम यादव, प्रधान प्रतिनिधि रामगढ़ कोठारी अनिल कुमार पटेल, क्षेत्र पंचायत सदस्य राम सिंह, राम शंकर मिश्र, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद शकील, जितेंद्र कुमार यादव, उदयराज कमलेश पाल, सुरेश कुमार, राज बहादुर यादव, अनिल प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# चतुर्थ राज्य स्तरीय कला क्राफ्ट पेपेट्री प्रतियोगिता की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता प्राथमिक स्तर हेतु आयोजित

**प्रयागराज।** चतुर्थ राज्य स्तरीय कला क्राफ्ट पेपेट्री प्रतियोगिता का आयोजन डायट प्रयागराज में शुक्रवार 18 नवंबर को प्राथमिक स्तर के विद्यालय के लिए संपन्न हुआ। इसके अंतर्गत प्राथमिक स्तर के विद्यालयों के अध्यापकों द्वारा भाषा एवं गणित विषय से संबंधित टी एल एम का निर्माण किया गया ज्ञात हो कि भाषा तथा गणित से एक एक उत्कृष्ट प्रतिभागी राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में जनपद की ओर से प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री शिव नारायण द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कला प्रवक्ता निधि मिश्रा व संचालन संजय यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में कुल 24 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें गणित विषय के अंतर्गत सहायक अध्यापिका रीनू जायसवाल प्राथमिक विद्यालय पालपुर प्रथम स्थान पर रही तथा भाषा विषय के अंतर्गत सहायक अध्यापिका श्वेता निर्मल संविलियन विद्यालय नेवादा, बहरिया प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के प्रमुख डायट प्राचार्य प्रताप द्वारा उद्बोधन करते हुए कहा गया कि ऐसे कार्यक्रमों में और अधिक संख्या में प्रतिभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए जिससे कि शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक निखार लाया जा सके तथा शिक्षा को और अधिक सहज और रोचक बनाया जा सके। अंत में प्राचार्य महोदय द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता श्री आलोक तिवारी प्रवक्ता अमित सिंह अंबालिका मिश्रा विवेक त्रिपाठी पंकज यादव अब्दुल मोहीय राजेश पांडे तथा अन्य प्रवक्ता गण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी डी एल एड 2021 बैच के प्रशिक्षु विपिन कुमार कुशवाहा ने दी है।

## सांसद केशरी देवी पटेल ने भाजपा नेता के आवास पर पहुंचकर जताया शोक




**सहसों।** शुकवार को फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने थरवई थाना क्षेत्र के बसमहुआ गांव पहुंचकर भाजपा नेता अशोक तिवारी के परिजनों से मिलकर शोक जताया गौरतलब है कि नारायण पुर ग्राम सभा से क्षेत्र पंचायत सदस्य व पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता अशोक तिवारी की कुछ दिन पहले डेंगू हो जाने से इलाज के दौरान दिल्ली में निधन हो गया था अशोक तिवारी भाजपा के वरिष्ठ नेता थे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र पटेल, सत्या त्रिपाठी, रतन राज, डा0 जे जे चंद्रिका पटेल, सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी कार्यवाही : अनिल राजभर

**निरीक्षण**

### श्रम मंत्री ने निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करते श्रम मंत्री

**कोरांव।** अटल आवासीय श्रमिक विद्यालय के निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी अगर निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही पाई जाती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उक्त बातें शुक्रवार को प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कोरांव के बेलहट गांव में अटल आवासीय श्रमिक विद्यालय के निर्माण के निरीक्षण के दौरान कही । श्रम मंत्री ने इस दौरान भवन निर्माण के ड्राइंग में किसी भी तरह का फेरबदल न किए जाने का निर्देश जारी किया। कार्य अवधि के अंदर निर्माण कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया । समय से भवन निर्माण कार्य पूरा होने पर अगले सत्र से विद्यालय के संचालन की शुरूआत श्रम मंत्री ने कही । इस दौरान जिम्मेदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि मजदूरों की संख्या बढ़ाकर समय से कार्य को पूर्ण किया जाए उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर अटल आवासीय श्रमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया है। जिम्मेदार अफसरों को कागज पर प्रगति रिपोर्ट गलत दिए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। निर्माण कार्य के दौरान घटिया बालू के उपयोग की शिकायत पर जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए बालू के सैंपल की जांच कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से विधायक राजमणि कोल, मुख्य विकास अधिकारी सीपू गिरी, उप श्रम आयुक्त राजेश मिश्रा, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एसडीएम शुभम यादव, खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार सिंह, तुलसीदास राणा, तारा शंकर पांडे, बबुआन द्विवेदी, श्याम मिश्रा, रामकृष्ण केसरी, रामाश्रय शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय, प्रधानाचार्य, मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज, प्रयागराज।

**मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज के विभिन्न विभागों, ट्रामा सेन्टर एवं पी0एम0एस0एस0वाई0 में संविदा के आधार पर आचार्य, सह-आचार्य एवं सहायक आचार्य के पदों पर सेवायोजन हेतु विज्ञप्ति:-**

मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रंयागराज के विभिन्न विभागों, एवं पी0एम0एस0एस0वाई0 में आचार्य, सह-आचार्य एवं सहायक आचार्य के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर सेवायोजन हेतु जारी विज्ञप्ति संख्या-संविदा पत्रा0/2022/4802-09 दिनांक 16 नवम्बर 2022 द्वारा इच्छुक अभ्यर्थियों से नये आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 15.12.2022 सायं 05:00 बजे तक प्रधानाचार्य कार्यालय के डाक अनुभाग में अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। पदों की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mlnmc.in तथा इस कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

**प्रधानाचार्य**
**मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज**
**प्रयागराज।**

सख्याः- संविदा पत्रा0/2022/4819 दिनांक- 17/11/2022



प्रयागराज, शनिवार, 19 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, कृष्ण पक्ष 11, वर्ष 11, अंक 210, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित


अंदर- अर्थ तंत्र को गति देते बैंक

अंदर- अभी तक टी20 प्रारुप नहीं समझ पायी है भारतीय टीम : अश्विन




नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news


# ‘एक भारत-उन्नत भारत’ के लिए हो रहा ‘काशी तमिल संगमम’ : मोदी

## माहव्यापी आयोजन को लेकर उत्साहित प्रधानमंत्री ने किया ट्वीट

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद के सांसद एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ‘काशी-तमिल संगमम’ को लेकर उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा है कि ‘एक भारत-उन्नत भारत’ के लिए हो रहा यह अभूतपूर्व आयोजन है। काशी-तमिल संगमम एक अनूठा कार्यक्रम है। यह देश के लोगों में गहरे संबंधों को बनाए रखने का अवसर प्रदान करेगा। इस ट्वीट के साथ ही पीएम मोदी ने ‘काशी-तमिल संगमम’ का एक प्रमोशनल वीडियो भी शेयर किया। उस वीडियो में वाराणसी और तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत के बारे में बताया गया है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने सूबे के अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। जिसमें उन्होंने कहा कि इस पूरे आयोजन को सरकारी के बजाए पूरी काशी का महोत्सव बनाया जाए। संगमम की तैयारियों को लेकर बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी काशी में पुरातन आध्यात्मिक संस्कृति के मिलन के क्षण को ऐतिहासिक बनाया जाए।

**बोले प्रधानमंत्री**

**कहा, इसे सरकारी नहीं बल्कि पूरी काशी का बनाएं महोत्सव**

**ऐसा हो अतिथियों का स्वागत कि पूरी दुनिया बने उसकी साक्षी**





उन्होंने आने वाले अतिथियों के सेवा और सत्कार पर जोर देते हुए कहा कि तमिलनाडु और वहां से काशी आने वाले अतिथियों का ऐसा स्वागत हो कि पूरी दुनिया उसकी साक्षी बने। तमिलनाडु और काशी की सांस्कृतिक विरासत के मिलन के इस अनूठे आयोजन में मेहमानों को पूरा सत्कार मिले। आतिथ्य परंपरा के अनुसार हम आने वाले अतिथियों को पूरा सम्मान दें और वहां की परंपराओं से काशी को जोड़ने का प्रयास करें। इस आयोजन के बारे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते गुरुवार की रात तमिल में ट्वीट कर कहा कि काशी हो या तमिलनाडु, हमारी संस्कृति, आध्यात्मिकता और दर्शन की विरासत एक ही है। ‘काशी तमिल संगमम’ इस ‘एकीकृत राज्य’ की पवित्र और समृद्ध भावना को व्यक्त करने का एक अनूठा अवसर है। प्रधानमंत्री मोदी इस आयोजन में शनिवार को उपस्थित रहेंगे।

## फारूक अब्दुल्ला ने नेकां के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पार्टी की कमान युवाओं की अगली पीढ़ी को सौंपी जाए। अब पार्टी का अगला अध्यक्ष कौन होगा, इसके लिए 5 दिसंबर को चुनाव होगा। इस पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कोई भी नेता नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी लोकतंत्र पर यकीन रखती है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने की संभावना के बीच फारूक अब्दुल्ला के इस कदम ने सभी को चौंका दिया है। उन्होंने जेकेएनसी के अध्यक्ष के रूप में पद छोड़ने के अपने फैसले के बारे में अपने सहयोगियों को सूचित किया है। पार्टी के एक बयान में कहा गया कि उनके सहयोगियों द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद अब्दुल्ला ने अपना निर्णय नहीं बदलने का फैसला किया है। इसमें कहा गया, इस अचानक घोषणा ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। पार्टी संविधान के अनुसार, पार्टी महासचिव को अगले अध्यक्ष के लिए चुनाव कराने का काम सौंपा गया है।

# बांग्लादेश के गृहमंत्री से मिले अमित शाह

**शिष्टाचार भेंट**

**अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमलों का मुद्दा उठाया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अपने बांग्लादेशी समकक्ष असदुज्जमां खान से मुलाकात की। इस दौरान शाह ने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों और मंदिरों पर हमलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने बांग्लादेशी मंत्री के साथ सीमा प्रबंधन और सामान्य सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी है।



आधिकारिक सूत्रों के ने बताया कि शाह ने खान के साथ बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और मंदिरों पर हमलों का मुद्दा उठाया। गृह मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन के मौके पर बांग्लादेश के गृहमंत्री असदुज्जमां कान से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने सीमा प्रबंधन और सामान्य सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की है। खान यहां गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित मंत्रिस्तरीय तीसरे 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन में हिस्सा लेने आए हैं। यह दो दिवसीय सम्मेलन है। शुक्रवार को इस सम्मेलन में 75 से ज्यादा देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 450 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इससे पहले शाह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा है, लेकिन आतंक के लिए वित्त पोषण (टेरर फाइनेंसिंग) उससे भी ज्यादा खतरनाक है।


NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
• पार्किंग की सुविधा उपलब्ध •


# अंतरिक्ष में भारत की नई उड़ान

**उपलब्धि**

**देश के पहले प्राइवेट रॉकेट ‘विक्रम’ की सफल लॉन्चिंग**

**नई दिल्ली।** देश में पहली बार प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट ने शुक्रवार (18 नवंबर, 2022) को अपना पहला रॉकेट विक्रम-एस लॉन्च कर दिया है। कंपनी के विक्रम-एस रॉकेट को श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लॉन्चपैड से सुबह 11.30 बजे लॉन्च किया गया। स्काईरूट एयरोस्पेस ने दो सालों में विक्रम-एस रॉकेट को विकसित किया है। कंपनी के लिए यह लॉन्च बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन 80 प्रतिशत तकनीकों को मान्यता दिलाने में मदद करेगा, जिनका उपयोग विक्रम-1 कक्षीय वाहन में किया जाएगा, जिसे अगले साल लॉन्च किया जाना है। विक्रम-एस का प्रक्षेपण सब-ऑर्बिटल में किया गया। इसका मतलब यह है कि यान बाहरी अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद पृथ्वी के चारों ओर ऑर्बिट में नहीं रहेगा। वहीं, विक्रम-1 एक बड़ा यान होगा, जो ऑर्बिटल की उड़ान भरेगा। स्काईरूट ने रॉकेटों की इस विक्रम श्रृंखला का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के संस्थापक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा है। ये रॉकेट दुनिया के कुछ लॉन्च वाहनों में से हैं, जिन्हें कार्बन कंपोजिट का उपयोग कर-के बनाया गया है। वाहन में स्पिन स्टेबिलिटी के लिए इस्तेमाल होने वाले थ्रस्टर्स को 3डी प्रिंटेड किया गया है।

## विदेश मंत्रालय के ड्राइवर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शुक्रवार को विदेश मंत्रालय में कार्यरत एक ड्राइवर को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक ड्राइवर गुप्त सूचनाएं लीक करता था। इसके अलावा यह बात भी सामने आ रही है कि इसे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा हनी ट्रैप के जरिए फंसाया गया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्हें खुफिया इनपुट मिले थे कि विदेश मंत्रालय का एक ड्राइवर खुफिया जानकारी पाकिस्तान की एक महिला को भेजता है। यह महिला आईएसआई की एजेंट है।

**पाकिस्तान भेजता था गुप्त सूचनाएं**

# सावरकर को लेकर महाराष्ट्र में ठनी

## कांग्रेस से गठबंधन तोड़ सकते हैं पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** सावरकर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से महाराष्ट्र में सियासी घमासान छिड़ गया है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के दोनों सहयोगी दल एनसीपी और शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने राहुल के बयान से दूरी बना ली है। वहीं अब इससे महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन पर भी फूट पड़ने के आसार हैं।

सूत्रों के अनुसार, राहुल के बयान से नाराज उद्धव ठाकरे गुट कांग्रेस से अपना गठबंधन तोड़ने पर विचार कर सकता है। उद्धव गुट के नेता अरविंद सावंत ने एक चैनल से बातचीत में गठबंधन टूटने की ओर इशारा किया है। अरविंद सावंत ने कहा कि 'वीर सावरकर को लेकर राहुल गांधी ने जो कुछ भी बोला, हम उससे सहमत नहीं है। हम वीर सावरकर की बहुत इज्जत करते हैं, ऐसे में उनके खिलाफ कुछ भी ऐसा सुनना हमें पसंद नहीं है।' राहुल के बयान से गठबंधन पर असर के सवाल पर अरविंद सावंत ने कहा कि 'यह मुझे तो नहीं पता, पार्टी के शीर्ष नेता ही इस पर तय करेंगे।इससे पहले गुरुवार को पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने भी राहुल के बयान से असहमति जताई थी। उद्धव ठाकरे ने कहा था, ह्यहम सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी को स्वीकार नहीं करते हैं। वीर सावरकर के प्रति हमारे मन में अपार सम्मान और आस्था है और इसे खत्म नहीं जा सकता।

**विवाद शुरू**

**अरविंद सावंत ने कहा- हम वीर सावरकर की बहुत इज्जत करते हैं, उनके बारे में कुछ भी सुनना पसंद नहीं**



राहुल गांधी के बयान से बीजेपी को कांग्रेस के सहयोगी दलों पर हमलावर होने का मौका मिल गया है। मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष आशीष शेलार ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा, 'हमें हैरानी है कि उद्धव ठाकरे ने इस मुद्दे पर इतना नरम रुख क्यों अपना रखा है। शेलार ने कहा कि ऐसा करके उद्धव ने अपनी खुद की विश्वसनीयता समाप्त कर ली है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने स्वतंत्रता सेनानी सावरकर पर तीखा हमला बोला था। गुरुवार को अकोला में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी ने सावरकर की ओर से अंग्रेजों को लिखी गई दया याचिका की कॉपी दिखाई थी। राहुल गांधी ने कहा था, 'सावरकर जी ने इसमें लिखा है- मैं प्रार्थना करता हूं, सर, मैं सदा आपका आज्ञाकारी सेवक बना रहूंगा... जब उन्होंने इस खत पर दस्तखत किए, क्या वजह थी? वह डर था, वह अंग्रेजों से डरते थे।

## उत्तराखंड के चमोली में दर्दनाक हादसा 12 लोगों की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के जोशीमठ में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है। इस हादसे में 12 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। रेस्क्यू अभी भी जारी है और फंसे लोगों को निकालने का प्रयास हो रहा है। बताया जा रहा है कि जोशीमठ ब्लॉक की उर्गम-पल्ला जखोला मोटर मार्ग पर गाड़ी ने अचानक से संतुलन खो दिया और वो खाई में जा गिरी। मरने वालों में 10 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। यह दुर्घटना चमोली जिले के जोशीमठ ब्लॉक में हुई है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल सहित एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन की टीम घटना स्थल पर पहुंच चुकी है। अभी तक 12 शव बरामद कर लिए गए हैं, जानने का प्रयास है कि अगर और भी लोग फंसे हैं या नहीं। इस हादसे में तीन लोग घायल भी बताए गए हैं जिन्हें उपचार के लिए पास के ही अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। अब किस वजह से ये दर्दनाक हादसा हुआ, क्या ड्राइवर के स्तर पर कोई लापरवाही थी या नहीं, पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर कर दी है। अभी जोर सिर्फ घायलों के उपचार और रेस्क्यू ऑपरेशन पर दिया जा रहा है।

**700 मीटर गहरी खाई में गिरी गाड़ी**

# राहुल को धमकी देने वाला गिरफ्तार

## 20 नवंबर को मध्यप्रदेश में शुरू होने वाली थी यात्रा

**इंदौर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान इंदौर में बम धमाकों से दहलाने की धमकी देने वाले को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसका नाम अभी सामने नहीं आया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस को यकीन है कि युवक ने परेशान करने के लिए यह चिट्ठी भेजी थी। इस पत्र में युवक ने राहुल गांधी के साथ ही कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ को भी गोली मारने की धमकी दी थी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 20 नवंबर को मध्यप्रदेश में शुरू होने वाली थी। उनके गुजरात दौरे की वजह से यह कार्यक्रम दो दिन टल गया और अब मध्यप्रदेश में उनकी यात्रा 23 नवंबर को शुरू होगी। शुक्रवार को एक पत्र सामने आया है।



**पूछताछ**

**मिठाई की दुकान पर भेजी थी चिट्ठी, गुजरात दौरे की वजह से दो दिन टल गया था यह कार्यक्रम**

उसमें लिखा था कि यदि राहुल गांधी मध्यप्रदेश में आते हैं तो उनकी यात्रा में कई जगह धमाके होंगे। इसके साथ ही सिख दंगों के लिए जिम्मेदार रहे कमलनाथ को भी गोली मार दी जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर धमकी भरे पत्र में 1984 में हुए सिख दंगों का जिक्र करते हुए लिखा गया है कि नवंबर के अंतिम सप्ताह में इंदौर धमाकों से दहल उठेगा। जगह-जगह बम विस्फोट होंगे। राहुल गांधी की यात्रा के दौरान कमल नाथ को भी गोली मार दी जाएगी। पत्र में एक महिला और पुरुष के चित्र हैं। ज्ञान सिंह का नाम लिखकर 10 अंकों में नंबर भी लिखे गए हैं। दूसरे पेज पर भी दो मोबाइल नंबर लिखे हैं। इसके अलावा किसी अमनदीप सिंह के मतदाता परिचय पत्र की फोटोकापी भी पत्र के साथ रखी गई है। अब पुलिस इन नंबरों की जांच कर रही है।

## डिंपल के चुनाव प्रचार में स्वामी प्रसाद मौर्य के बिगड़े बोल

**मैनपुरी।** मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के लिए समाजवादी पार्टी ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। शुक्रवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने करहल क्षेत्र में सभा की। उनके साथ पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा और भगवान श्रीराम को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिस पर विवाद खड़ा हो सकता है। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा राम का सौदा करती है। जो भाजपा राम का सौदा कर सकती है, वो आपको भी बेच सकती है। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्ति योगी और मोदी की संपत्ति नहीं है। भाजपा सरकार ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह कार्य कर रही है। ईस्ट इंडिया कंपनी भारत से खजाना लूट कर इंग्लैंड भेज रही थी। उसी तरह योगी और मोदी देश की संपत्ति को अदाणी और अंबानी के हाथों में दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा शासन में जितना विकास हुआ। उतना भाजपा कभी नहीं कर सकती।

# कुएं में गिरने से दो सगी बहनों की मौत

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के कुसम्हा गांव में शुक्रवार की शाम कुएं में गिरने से दो सगी बहनों की डूब कर मौत हो गयी। दोनों कुएं के पास खेल रही थीं।

कुसम्हा गांव निवासी एक व्यक्ति के यहां 12 दिन पूर्व लऊवा चेरूई गांव से आठ मजदूर सपरिवार धान काटने के लिए आए थे। इसमें से एक परिवार घर लौट गया था जबकि सात परिवार के मजदूर शुक्रवार को दोपहर बाद धान काट रहे थे। इस दौरान रामाशंकर की दो मासूम पुत्रियां पास में ही स्थित कुएं के समीप खेल रही थीं। खेलते-खेलते दोनों कब कुएं के पास गई और पैर फिसलने से डूब गईं इसकी जानकारी किसी को नहीं हुई। धान काट रहे मजदूरों ने जब रामाशंकर की पुत्रियों 11 वर्षीय सीमा व छह वर्षीय सुषमा को वहां नहीं देखा तो उनकी तलाश शुरू कर दी। इस दौरान मजदूरों ने कुएं में झांककर देखा तो बालिकाओं का कपड़ा उतराया हुआ दिखाई पड़ा। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। वहां संबंधित किसान के साथ ग्रामीणों ने मशीन लगाकर पहले कुएं से पानी निकाला, फिर दोनों बच्चियों का शव बाहर निकाला। इस घटना से मृतक बच्चों के स्वजन के साथ ही वहां मौजूद हर किसी की आंख भर आई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर बालमुकुंद मिश्रा ने बताया कि सूचना पर शव को कब्जे में ले लिया और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

**दुखद**

**सदर कोतवाली रॉबर्ट्सगंज के कुसम्हा गांव का मामला**

## कांग्रेस न आस्था का सम्मान कर सकती है, न ही देश की सुरक्षा : सीएम योगी

**नई दिल्ली।** गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा नेताओं ने तूफानी प्रचार शुरू कर दिया है। पार्टी के स्टार प्रचारक और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी गुजरात में शुक्रवार को जनसभा की। योगी ने अपनी जनसभा की शुरूआत मोरबी से की। बता दें कि कुछ दिनों पहले ही मोरबी में हुए पुल हादसे में कई लोगों की मौत हो गई थी। वांकानेर में रैली के दौरान योगी ने हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। योगी ने कहा कि मोरबी पर बार-बार विपत्ति आई है और मोरबी हर बार उस चुनौती को झेलते हुए खड़ा हुआ है। योगी ने कहा कि पुल हादसे के दौरान देश मोरबी के साथ खड़ा था और आज भी खड़ा है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत का नाम दुनिया में आदर से लिया जा रहा है। दुनिया में बेहतर अर्थव्यवस्था की बात हो या जन कल्याणकारी योजनाओं के जरिए जनता को राहत पहुंचाने की बात हो।

# दो बच्चों की नीति लागू कराने वाली याचिका खारिज

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-इस मुद्दे को देखना सरकार का काम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए दो-बच्चे के नियम को लागू करने के लिए कदम उठाने की मांग करने वाली दलीलों पर विचार करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि इस मुद्दे को देखना सरकार का काम है। जन्मदर में वृद्धि के बावजूद भारत की जनसंख्या स्थिर होने के बारे में मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि ये ऐसा मुद्दा नहीं है जिसमें अदालत को हस्तक्षेप करना चाहिए।

न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि जनसंख्या कोई ऐसी चीज नहीं है जो एक दिन में रुक जाए। याचिकाकताओं में से एक अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने कहा कि इस मुद्दे पर विधि आयोग की रिपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण है। उपाध्याय ने शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर कर दिल्ली हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी जिसमें बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए दो बच्चों के मानदंड सहित कुछ कदमों की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया था।

**जनसंख्या नियंत्रण**

**जनसंख्या कोई ऐसी चीज नहीं है जो एक दिन में रुक जाए**

शीर्ष अदालत के यह कहने के बाद कि वह याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं है, उन्होंने इसे वापस ले लिया। उनकी दलील के अलावा पीठ ने इस मुद्दे पर दायर कुछ अन्य याचिकाओं पर भी विचार करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद अधिवक्ताओं ने उन्हें वापस ले लिया। जब उपाध्याय ने तर्क दिया कि उनकी अर्जी का उद्देश्य विधि आयोग को इस मुद्दे पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश देना है, तो पीठ ने पूछा कि आयोग जनसंख्या विस्फोट पर एक रिपोर्ट कैसे तैयार कर सकता है।

अदालत ने कहा कि वह इसमें नहीं जा सकती क्योंकि इसमें कई सामाजिक और पारिवारिक मुद्दे शामिल हैं, यह सरकार को करना है। पीठ ने कहा, क्या यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर हमें हस्तक्षेप करना चाहिए? हमारे पास करने के लिए बेहतर चीजें हैं। सुनवाई के अंत में उपाध्याय ने कहा कि भारत के पास लगभग दो प्रतिशत भूमि और चार प्रतिशत पानी है, लेकिन दुनिया की 20 प्रतिशत आबादी है। एजेंसी

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारों को छोड़ने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा केंद्र

**नई दिल्ली।** राजीव गांधी के हत्यारों को रिहा करने के फैसले के खिलाफ मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। केंद्र ने पुनर्विचार याचिका दायर की है। सरकार ने नलिनी समेत छह को रियायत देने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट से दोबारा विचार करने की मांग की। 11 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व पीएम राजीव गांधी के दोषियों को रिहा करने का फैसला किया था। शीर्ष कोर्ट के आदेश के बाद नलिनी समेत छह दोषियों को जेल से रिहा कर दिया गया था। केंद्र ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या करने वाले दोषियों को छूट देने का आदेश मामले में एक आवश्यक पक्षकार होने के बावजूद उसे सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिए बिना पारित किया गया। सरकार ने कथित प्रक्रियात्मक चूक को उजागर करते हुए कहा कि छूट की मांग करने वाले दोषियों ने औपचारिक रूप से केंद्र को एक पक्ष के रूप में शामिल नहीं किया, जिसके परिणामस्वरूप मामले में उसकी गैर-भागीदारी हुई। समीक्षा याचिका में कहा गया है कि 11 नवंबर का आदेश पेरारिवलन आदेश पर गलत तरीके से भरोसा करके पारित किया गया है और कहा कि भारत संघ द्वारा किसी भी सहायता के अभाव में इसे इंगित नहीं किया जा सकता है कि 18 मई का आदेश वास्तव में और कानून में, शेष सह-अपराधियों के मामले में लागू नहीं था क्योंकि अधिकांश अपीलकर्ता विदेशी नागरिक थे और उनकी पेरारिवलन की तुलना में एक अलग और अधिक गंभीर भूमिका थी।

## पीएम मोदी आज करेंगे डोनी पोलो हवाई अड्डे का उदघाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे डोनी पोलो का उद्घाटन करेंगे। इस हवाई अड्डे को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की मदद से 640 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल बी.डी. मिश्रा ने ईटानगर के पास बने इस हवाई अड्डे का निरीक्षण किया। ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा हर मौसम में संचालन के लिए उपयुक्त है। हवाई अड्डे पर आईएलएस स्थापित किया है, जिसमें एक लोकलाइजर, एक ग्लाइडपथ और दूरी मापने के उपकरण शामिल हैं। इससे हर मौसम में हवाई अड्डे पर परिचालन करने में मदद मिलेगी। हवाई अड्डे का नाम अरुणाचल प्रदेश की परंपराओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सूर्य (डोनी) और चंद्रमा (पोलो) के प्रति इसकी सदियों पुरानी स्वदेशी श्रद्धा को दशार्ता है। उल्लेखनीय है कि यह हवाई अड्डा 4,100 वर्ग मीटर में फैला हुआ है।

# जब तक आतंकवाद जड़ से खत्म न हो, तब तक चैन नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से राजधानी स्थित होटल ताज पैलेस में आतंकवाद-रोधी वित्तपोषण पर आतंक के लिए कोई धन नहीं (नो मनी फॉर टेरर) विषय पर आयोजित तीसरे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में 70 से अधिक देशों और अतंरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति पैदा करने की कोशिश करने वाले संगठनों और व्यक्तियों को भी अलग-थलग किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। मोदी ने कहा- हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक आतंकवाद को जड़ से खत्म नहीं कर दिया जाता है। उन्होंने कहा, 'यह सर्वविदित है कि आतंकवादी संगठनों को कई स्त्रोतों से पैसा मिलता है। एक स्त्रोत किसी देश से मिलने वाली मदद है। कुछ देश अपनी विदेश नीति के तहत आतंकवाद का समर्थन करते हैं। वे उन्हें राजनीतिक, वैचारिक और वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं।' उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय संगठनों को यह नहीं सोचना चाहिए कि युद्ध नहीं हो रहा है तो इसका मतलब शांति है। छद्म युद्ध भी खतरनाक और हिंसक होते हैं।

**सम्मेलन**

**पीएम मोदी ने ‘नो मनी फॉर टेरर’ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कहा-हमने आतंकवाद का बहादुरी से किया मुकाबला**

## संक्षेप

### आज पल्लवी करेंगी प्रेस कांफ्रेंस

**कौशाम्बी।** सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल आज शहजादपुर गँगा नदी पर नवनिर्मित दुर्गा भाभी सेतु में आई हुई दरार पर सेतु का स्थली निरीक्षण करेंगे साथ ही सेतु पर प्रेस प्रतिनिधियों से संवाद करेंगी। उसके उपरांत नरसिंहपुर कछुआ स्थित ट्रामा सेंटर का भी निरीक्षण करेंगी। उसके उपराँन्त कार्यकताओं से मां शीतला अतिथि ग्रह में जनसंवाद करेंगी। 20 नंवबर को जनपद में ओवरलोडिंग व क्षेत्रीय जनता के अनावश्यक उत्पीड़न को लेकर पुलिस अधीक्षक कौशांबी को ज्ञापन प्रेषित करेंगी।

### आज सांसद करेगें जनसुनवाई

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रय मंत्री व कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर आज शनिवार समय 12:00 बजे अपरान्ह विकास भवन स्थित अपने संसदीय कार्यालय सरस हाल में जनसुनवाई करेगें। कौशाम्बी लोकसभा के आमजन अपनी समस्या व अपने क्षेत्र की समस्या के साथ आमन्त्रित हैं। उक्त आशय की जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय ने दी।

### कर्मचारी पद के लिए प्रस्ताव आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण नहीं हुई होए उन्हें वरिष्ठ सहायक के रिक्त 33 पदों परए कनिष्ठ सहायक के 02 पदों पर स्टेनोग्राफर ग्रेड.1 के 03 पदों पर, स्टेनोग्राफर ग्रेड.2 के 07 पदों पर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 15 पदों पर पुर्ननियुक्ति न्यायिक अधिष्ठान, कौशाम्बी में की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतयः अस्थायी होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिए अथवा सीधी भर्ती द्वाराए प्रोन्नति द्वारा अथवा स्थानान्तरण पश्चात भरे जाने की तिथि तकए जो ही पहले होए के लिए की जायेगी। इन पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। आवेदक अपना आवेदन आयु प्रमाणपत्र व स्वस्थता प्रमाणपत्र के साथ 30 नवंबर की सायं 04 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं।

# विकास भवन में हुआ सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जिले मे इफको द्वारा शुक्रवार को सहकारी प्रशिक्षण का आयोजन विकास भवन मे किया गया। जिसमे जनपद के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला कृषि अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र कौशाम्बी से डॉक्टर मनोज एवं इफको लखनऊ से मुख्य प्रबंधक कृषि सेवाएं डॉक्टर पी तिवारी उपस्तिथ रहे।

जिला कृषि अधिकारी ने बदले हुए परिवेश क्रांतिकारी उत्पाद को अपनाने पर बल दिया। सहायक आयुक्त सहकारिता ने समितियों को समिति का कारोबार बढ़ाने पर बल दिया। जिससे कारोबार बढ़े और अपने पैरो पर रहकर किसानो की सेवा करे। उर्वर क अनुदान का बहुत बड़ा बोझ केंद्र सरकार पर 2.५ लाख करोड़ को कम करने हेतु नैनो यूरिया अपनाने पर बल दिया। डॉक्टर मनोज ने कृषि की तमाम उन्नत तकनीकियों उत्तम प्रजातियों को अपनाने पर बल दिया। ताकि कृषि उत्पाद्न बढ़ सके। डॉक्टर



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारीगण

जी पी तिवारी ने सभी प्रभारियों को कारोबार बढ़ाने,नैनो यूरिया की बिक्री,जैव उर्वरक की बिक्री को अधिक और तीव्र करने पर जोर दिया। प्रोत्साह्न स्वरूप सभी उत्पादों के प्रति पैक और प्रति मेट्रिक टन समझाया गया। कौशम्बी क्षेत्र प्रबंधक द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्वागत तथा आभार व्यक्त किया गया। द्वारा भी आयोजन को सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया।

# कोयला का धन मांगने गए व्यापारी को मिली धमकी

**धमकी**

**पीड़ित ने प्रयागराज एडीजी जोन से लगाया न्याय की गुहार**

**कौशाम्बी।** कोखरज कोतवाली अंतर्गत लोहरा गांव का एक व्यक्ति कोयला व्यापारी है। प्रयागराज स्थित एडीजी जोन कार्यालय पहुंचकर एडीजी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि पूरामुफ्ती क्षेत्र में संचालित भट्टा मालिक द्वारा उसे कोयला का धन न देकर उसे धमकी दे रहा है।

शिकायतकर्ता राशिद एक कोयला व्यापारी है। उसका आरोप है कि उसने पूरामुक्ति थाना क्षेत्र के बेगमपुर गांव में तनु ईट उद्योग को 28 लाख 74 हजार 357 रुपया का कोयला उधारी दिया था। लालमन दास, राजू केसरवानी, बच्चा तीनों लोग पाटनर हैं। इन दिनों फरार है। वर्तमान में भट्टे की देख.रेख राजू केसरवानी पुत्र


शिकायती पत्र लिए पीड़ित व्यापारी

बजरंग दास निवासी मनौरी कर रहे हैं। पीड़ित के मुताबिक वह उधारी की रकम मांगने गया तो उसे धन देकर जान से मारने की धमकी दी गई। इसकी शिकायत उसे स्थानीय कोतवाली पुलिस से किया है लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। हालांकि एडीजी जोन मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण की जांच कराकर न्याय दिलाए जाने का आश्वासन दिया है।

# पहली बार नगर पंचायत का चुनाव लड़ने का मिला है अवसर

**जोश**

**मतदाताओं सहित संभावित प्रत्याशियों में दिख रही दिलचस्पी**

**दारानगर,कौशाम्बी।** सिराथू नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम का गठन लगभग तीन वर्ष पहले हुआ है। इस नगर पंचायत में 11 राजस्व गांव शामिल किए गए हैं। कस्बे के लोगों को मूलभूत सुविधा दिलाने के लिए नगर पंचायत का गठन किया गया है। राजस्व ग्राम के लोगों मे नगर पंचायत बनने से शहरी सुविधा मिलने की आस जगी हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक स्थनीय लोगों की पहल पर सूबे के डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने दारानगर कड़ा धाम के नाम नए नगर पंचायत का सृजन करवाया था। नवसृजित नगर पंचायत का गठन 23 दिसंबर 2019 को हुआ था जिसमे 11 राजस्व गांव को सम्मिलित किया गया है। नगर पंचायत का क्षेत्रफल 20.79 वर्ग किलोमीटर हैं। नव सृजित नगर पंचायत की ब्लॉक की सूचना पर वर्ष 2011 के अनुसार जनसंख्या 24191 हैं। जिसमे सौरई बुजुर्ग ग्राम पंचायत का आर्शिक भाग शामिल हैं साथ नए नगर पंचायत में अनुमानित सामान्य मतदाताओं की जनसंख्या 7150 अन्य पिछड़ा वर्ग 11718, अनुसूचित जाति 5323 हैं। 15 वाड़ो का गठन कर उनका नाम करण किया गया है। साथ ही अधिशासी अधिकारी के तैनाती के बाद नगर पंचायत में विकास कार्यो मे तेजी आई हैं। नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम नगर पंचायत में पहली बार चुनाव होने जा रहे हैं। जिसकों लेकर जहां मतदाताओं मे जोश हैं। तो वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासद के दावेदारों ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई हैं।

# यातायात जागरूकता को छात्रों ने निकाली रैली

**जागरूकता**

**चौकी इंचार्ज सुनील कुमार यादव ने अपने हमराहियों के साथ विद्यालय में पहुँचकर बच्चों व अभिभावकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में बताते हुए दिलाई शपथ**

**कौशाम्बी।** सुरक्षित यातायात व दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को जन जागरूकता के उद्देश्य से कड़ा ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय सौंरई बुजुर्ग में शुक्रवार को छात्रों ने रैली निकालकर व पम्फलेट बांटकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज सुनील कुमार यादव ने अपने हमराहियों के साथ विद्यालय में पहुँचकर बच्चों व अभिभावकों को सड़क सुरक्षा के नियमो के बारे में बताते हुए शपथ दिलाई। विद्यालय के शिक्षक अजय कुमार साहू के नेतृत्व


रैली में शामिल छात्र व बांटते पंफलेट

में ग्रामीणों व क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज के सहयोग से हुए वृहद जागरूकता आयोजन में निकली रैली कम्पोजिट विद्यालय सौंरई बुजुर्ग से शुरू होकर गाँव के प्रत्येक मुख्य सड़कों पर घूम घूम कर वाहन चालकों को सीट बेल्ट,हेलमेट,वाहन चलाते समय मोबाइल में बात न करने जैसी सावधानियों के पम्फलेट देकर जागरूक किया। विद्यालय के छात्रों ने जिंदगी न मिलेगी दोबारा थीम पर सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर भाषण, निबंध, क्विज आदि प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस अवसर पर छात्रों ने यातायात के संकेत चिह्न व उनका अर्थ विषय पर पोस्टर बनाए।

शिक्षक अजय कुमार साहू ने बच्चो व अभिभावकों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी जानकारियों को समझाते बताया कि हमे सड़क पार करते समय व वाहन चलाते समय जल्दबाजी नही करनी करनी चाहिए, लापरवाही में अपने बहुमूल्य जीवन मे खतरे खतरे में नही डालना चाहिए। जागरूकता अभियान में क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज सुनील कुमार यादव व उनके हमराही सहित विद्यालय स्टाफ बीरेंद्र शंकर, अजय साहूराम प्रसाद, राठौर शशि देवी, राजेश शर्मा, योगेंद्र, आशीष श्रीवास्तव, शिवम केशरवानी, पूजा, सुनीता आदि में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जिलाधिकारी ने रोजगार मेले का किया शुभारम्भ

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ;संकल्प योजनान्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कौशाम्बी एवं सेवायोजन के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के परिसर में आयोजित वृहद रोजगार मेले का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। रोजगार मेले में लगभग 3000 अभ्यर्थियों एवं 25 नियोक्ताओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया, मेले में 713 अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, के0के0 राम नोडल प्रधानाचार्य, एमएम शुक्ला प्रधानाचार्य, गौतम घोष सेवायोजन अधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह, एमआईएस प्रबन्धक, दीपा श्रीवास्तव मण्डल अध्यक्ष कड़ा भारतीय जनता पार्टी, विनोद सिंह वरिष्ठ सहायक, सुरूचि सिंह, सनी कुमार पाण्डेय,



रोजगार मेले में बोलते जिलाधिकारी

अविनाश श्रीवास्तव एवं राजकीय आईटीआई, केंद्र व्यवस्था विजय मौर्य, कृष्णा दुबे, रेहान अहमद, धीर सिंह के अलावा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## बाल सभा चुनाव में निर्जला रही प्रथम

**कौशाम्बी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय 18 टेनशाह आलमाबाद विकास खण्ड मंझनपुर में बाल सभा का चुनाव कराया गया। 235 छात्राओं में 13 छात्राओं ने बाल सभासद के लिए प्रतिभाग किया। जिसमें 3 बालिकाओं ने सचिव पद पर नामांकन किया। जिसमें सचिव पद पर निम्न वोट मिले, निर्जला 45 मत पहला स्थान। अर्चना देवी .26 मत दूसरा स्थान अंजली मौर्य .26 मत तीसरा स्थान पाकर विजयी हुईं। सभी शिक्षकों ने विजयी प्रत्याशियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चे बड़े ही उत्साहित रहे। उपरोक्त चुनाव में शेष कुमार दुबे मोहम्मद शाहिद अली,आनन्द कुमार अग्रहरि, विमल कुमार तिवारी, नीतू सिंह आदि सहायक अध्यापक व एजुकेट गर्ल्स के गुलाब पाल, फील्ड कोआर्डिनेटर मौजूद रहे।

# राजस्व वसूली में लक्ष्य के सापेक्ष की जाए वसूली

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने उदयन सभागार में कर.करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर, आबकारी, परिवहन, स्टॉम्प एवं रजिस्ट्रेशन, विद्युत, नगर निकाय एवं खनन आदि से सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने आर.सी वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए तहसीलदारों को आर.सी की वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने ई.ओ को गृहकर वसूली में प्रगति लाने के भी निर्देश दियें। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेट राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं सभी उप जिलाधिकारीगण व तहसीलदार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# रात के अंधेरे में बालू माफिया करते हैं काला कारोबार

**अवैध**

**चित्रकूट जिले की बालू को इस पार लाकर कराते हैं परिवाहन**

**अवैध बालू खनन को लेकर कई बार हो चुका है विवाद**

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी व पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कई घाटों में इस समय रात के अंधेरे में चित्रकूट जनपद से अवैध बालू खनन कर नाव के द्वारा कई घाटों पर बालू निकासी का धंधा जोरों पर चल रहा है। लेकिन इस अवैध धंधे में पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।

क्षेत्र के बरंमबारी,गोपसहसा,हिसामबाद,बड़ का गढ़वा,पाली उपरहार में दो घाट व पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के



केवटराना व पभोषा घाट में इन दिनों बालू माफिया सक्रिय है। उन्हें ना पुलिस का डर है ना प्रशासन का खौफ रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर चित्रकूट जनपद से अवैध बालू खनन कर नाव से परिवहन कर लाया जा रहा है। रात के अंधेरे में ही इन्हें ट्रैक्टर के द्वारा क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर डंप कर दिया जाता है। बालू माफिया इसे दिन में आसानी से बेखौफ होकर धड़ल्ले से बेच रहे है। जिसमें पुलिस की संलिप्तता भी बताई जा रही है। यह खेल पिछले 1 साल से शुरू है। ग्रामीणों की शिकायत पर कई बार जिलाधिकारी व तत्कालीन एसपी के मौके पर पहुंचने से पहले ही माफियाओं को इसकी भनक लग जाती है जिससे वह माल समेटकर फरार हो जाते हैं। कई बार तो यमुना नदी के किनारे डंप बालू भी बरामद हुआ लेकिन कभी माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। जिससे इनके हौसले बुलंद हैं। सूत्रों की माने तो जो भी ग्रामीण इसका विरोध करते हैं उन्हे स्थानीय पुलिस किसी ना किसी झूंठे मामले में फंसा कर जेल भेजने की धमकी देती है। क्षेत्र के लोगों में माफियाओं के प्रति दहशत भी है। बहरहाल इलाकाई बृद्धिजीवियों ने इसकी गोपनीय जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले माफियाओं पर कार्यवाही कराए जाने की मांग किया है।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए संचारी रोग की फैलाई गई जागरूकता


नाट्य मंचन के माध्यम से जागरूक करते लोग

**कौशाम्बी।** नगरसेवक पथवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत सिराथू में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया गया। उत्तर मध्य सांस्कृतिक क्षेत्र प्रयागराज पर आए हुए कलाकारों द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र सिराथू के 5 स्थानों पर संचारी रोगों से बचाव आप सफाई पूरा प्रति करण सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे विषयों पर बहुत ही मनोरंजन आत्मक ढंग से प्रस्तुतीकरण दिया। उक्त कार्यक्रम नगर पंचायत कौशांबी के अधिकारी अनिल मौर्य के आदेश के क्रम में हुआ कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी विनय पांडे,श्रम विभाग अधिकारी अमित मिश्रा उपस्थित रहे व कार्यालय के ओम प्रकाश बाबू दीप कमल बाबू और नगर पंचायत क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## आज 96 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में लगेगा बैंकिंग कैम्प

**कौशाम्बी।** एलडीएम जितेन्द्र चौधरी ने अवगत कराया है कि वित्तीय समावेशन से सशक्तीकरण ;ग्राम पंचायत स्तरीय.वित्तीय समावेशन अभियान के तहत 19 नवम्बर को ग्राम पंचायत. सादिकपुर सेमरहा, मो. पइन्सा, टांडा, अफजलपुर सातों, जमदुआ, निखोदा, बैरमपुर, खपरा खनदेवरा, हकीमपुर, महिला, बन्थरी, घोसिया, नरसिंहपुर कछुवा, केसारी, हिनौता, अमनीलोकीपुर, उदाथू, अतरसुइया, पिण्डरा सहावनपुर, कोसम ईनाम, इब्राहिमपुर, ऐलई उर्फ बक्सीपार, कादिराबाद, मोहम्मदपुर, नुरपुर हाजीपुर, उचरावां, पुनवार, इच्छना, सैयद सरावां, मर्दानपुर वर्जी, करनपुर सौरई, नगियामई, तिल्हापुर, सोंधिया, बरई सलेम, चलौली, बौली, पंसौर एवं पण्डीरी सहित कुल 96 ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिन लोगों के बैंक खाते नहीं खुले हैं वे सभी लोग अपना बैंक खाता निःशुल्क खुलवा सकतें हैं। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पात्र व्यक्ति अपना आवेदन देकर योजना का लाभ उठा सकतें हैं। एल.डी.एम ने बताया कि 26 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में बैकों द्वारा कैम्प का आयोजन कर प्रत्येक वयस्क व्यक्ति का निःशुल्क खाता खोला जायेंगा, केवाईसी की जायेंगी। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से लाभान्वित किया जायेंगा तथा केसीसी एवं मुद्रा लोन के आवेदन प्राप्त किये जायेंगें।

# नगर पालिका परिषद में भाजपा की वार्ड स्तरीय बैठक संपन्न

**बैठक**

**नगरपालिका की तीन वार्डों में हुई बैठक**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में चुनाव की तैयारियों में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दिया है। शुक्रवार को नगर पालिका की 3 वार्डों में बैठक हुई। जिसमें चंद्रशेखर आजाद नगरए गौतम बुद्ध नगर तथा चंद्र गुप्त मौर्य नगर में बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संयोजक दिनेश कुमार पाण्डेय कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेश लोधी ने किया।

बैठक में बोलते हुए संयोजक दिनेश पांडे ने कहा कि आज जरूरी है कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में तथा प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी की अगुवाई में चल रही योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचें। जिससे लोगों को पता चले कि कैसे सरकार में पहुंचकर भाजपा लोगों को लाभ पहुंचा रही है। इस मौके पर उन्होंने गांव के लोगों से मिलकर उनके समस्याओं को जाना और बूथ स्तर के कार्यकताओं का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी, आशीष, दुर्गेश गुप्ता, अंशुल केसरवानी, अरुण केसरवानी, राजेश कुमार, अनिलेश, अशोक चौधरी, चंद्र किशोर मिश्रा, आलोक तिवारी, टिकेंद्र मिश्रा से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद भाजपाई

## ग्राम सभा पंडेरी में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का लगेगा कैंप आज

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंशा के अनुरूप एवं जनपद कौशांबी के जिला अधिकारी के आदेशानुसार सक्रिय शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक आफ इंडिया शाखा मंझनपुर के द्वारा मिनी ब्रांच संचालिका सुधा अग्रहरी के द्वारा ग्राम पंचायत पंडेरी में जीरो पॉइंट के खाते खोले जाएंगे। साथ ही साथ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा जीवन बीमा, अटल पेंशन योजना का भी खाते खोले जाएंगे एवं किसान भाइयों का किसान ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा।




एडीजी कार्यालय पर धरना देती दलित महिला

# प्रयागराज

## मौसम

अधिकतम : 29.00
न्यूनतम : 15.00
सूर्योदय : 06.19
सूर्यास्त : 05.15

### प्रयागराज का शशांक हैदराबाद की सीनियर क्रिकेट टीम में

**प्रयागराज।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित विजय हजारे ट्रॉफी के लिए प्रयागराज के शशांक मेहरोत्रा का चयन हैदराबाद की सीनियर क्रिकेट टीम में किया गया है। हैदराबाद की टीम अपना अगला मुकाबला 20 नवंबर को मणिपुर के खिलाफ नई दिल्ली में खेलेगी। स्थानीय कालिंदीपुरम निवासी एलआईसी कर्मी विशाल मेहरोत्रा के पुत्र शशांक ने क्रिकेट की बारीकियां कोच जावेद अहमद से सीखीं हैं। शशांक बांग्लादेश के विरुद्ध इंडिया अंडर-19 'बी' टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली

**मुठभेड़**

छात्र पर फायर करने वाले आरोपी गिरफ्तार, भाग रहा तीसरा आरोपी भी पकड़ा गया

घायलों को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती किया गया

मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

**प्रयागराज।** कीडगंज क्षेत्र में लूट और हत्या के प्रयास की घटना करने वाले 3 बदमाशों के साथ गुरुवार रात मुठभेड़ हुई। दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। वहीं एक बदमाश भागने की फिराक में था, पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया है। इनके कब्जे से तमंचा कारतूस और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। एसपी सिटी संतोष कुमार मीणा ने बताया कि गुरुवार रात मुखबिर की सूचना पर कीडगंज और अतरसुइया की संयुक्त पुलिस टीम परेड मैदान के पास पहुंची। पुलिस को देखकर तीन बदमाश हड़बड़ा गए। बाइक वहीं पर गिराकर पुलिस पर फायरिंग करने लगे। पुलिस की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई। इसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है।

घायलों को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं भाग रहे एक बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया है। एसपी सिटी संतोष कुमार मीणा ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाशों की पहचान राज उर्फ रोमियो निवासी संजय नगर झोपड़पट्टी और राज पासी निवासी बाराडीह हासिमपुर थाना जार्जटाउन के रूप में हुई है। वहीं पकड़े गए तीसरे बदमाश की पहचान प्रकाश पासी निवासी गणेश नगर म्योराबाद थाना कैंट के रूप में हुई है।



जानकारी देते पुलिस अधिकारी

### बदमाशों ने छात्र को मारी थी गोली

कीडगंज के बैरहना में बेखौफ तीन बदमाशों ने 15 नवंबर को मोबाइल लूट के विरोध पर छात्र शुभम यादव (19) को गोली मार दी थी। संयोग था कि गोली उसके पैर में लगी। दरअसल झूंसी का रहने वाला शुभम श्यामा प्रसाद मुखर्जी डिग्री कॉलेज में बीकॉम द्वितीय वर्ष का छात्र है। वह जार्जटाउन में कोचिंग पढ़ता है।शुभम रोज की तरह 15 नवंबर को भी वह कोचिंग पढ़ने गया था। वहां से करीब 11 बजे साइकिल से घर लौटने लगा। जैसे ही बैरहना में हर्षवर्धन चौराहे के पास तिकोनिया पार्क पर पहुंचा ही था, तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया। वह कुछ समझ पाता, इसे पहले ही असलहा दिखाकर उससे मोबाइल छीनने लगे। विरोध पर गालियां देते हुए धमकाया। वह नहीं माना तो फायर झोंक दिया गया था।गोली पैर में लगी और वह चीखता हुआ गिर पड़ा था। इसके बाद बदमाश भाग निकले थे। आसपास के लोगों की सूचना पर पहले दारागंज और फिर कीडगंज पुलिस आ गई। घायल को एसआरएन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे भर्ती कर लिया गया था। अभी भी छात्र अस्पताल में भर्ती है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

**बैठक**

उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर करे निस्तारित

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित हुई । बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि उद्योग धंधों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों को औद्योगिक क्षेत्र नैनी में विद्युत, साफ-सफाई सहित अन्य उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने मे0 भार्गव पैकेटेक, इण्डियन प्रेस के प्रकरण में विद्युत विभाग से जानकारी ली, जिसमें विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता के द्वारा बताया गया कि कमेटी का गठन कर दिया गया है, आगे की कार्यवाही की जा रही है। मे0 तरूण इण्टरप्राइजेज नैनी द्वारा जमा धनराशि के रिफंड के प्रकरण में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को मामले का यथाशीघ्र निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए है। मे0 त्रिवेणी इलेक्ट्रोप्लास्ट प्रा0लि0 के प्रकरण में जिलाधिकारी ने आईटीआई नैनी के प्रधानाचार्य को 10 दिन के अंदर भुगतान की कार्यवाही पूरे किए जाने के निर्देश दिए है, नहीं तो प्रधानाचार्य के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। शासन द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनाओं में अग्रणी बैंक प्रबंधक (एलडीएम) को योजनाओं से सम्बंधित लाभार्थियों के लम्बित पत्रावलियों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने उद्यमियों को उद्योगों को और विकसित किए जाने के लिए भी प्रेरित किया है।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने अडानी गैस के अधिकारियों के साथ गैस लीकेज की रोकथाम एवं सुरक्षा के उपायों के सम्बंध में बैठक करते हुए कहा है कि गैस लीकेज सम्बंधी समस्या न हो, इसके लिए एलर्ट रहने के लिए कहा है। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग सहित उद्योग बंधु से श्री मुरारी लाल अग्रवाल, श्री संतोष त्रिपाठी, श्री नटवर लाल भारती सहित अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

## माघ मेला 2022-23 को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत मंडलायुक्त एवं मंडल रेल प्रबंधक की समन्वय बैठक संपन्न

**प्रयागराज।** माघ मेला 2022-23 को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत एवं मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा की अध्यक्षता में रेलवे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की समन्वय बैठक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व में आयोजित किए गए माघ मेलों से सीख लेते हुए कुछ आवश्यक निर्णय लिए गए जिसके अंतर्गत माघ मेले 2022-23 की भीड़ प्रबंधन संबंधित सभी तैयारियां 2019-20 के माघ मेले में आई भीड़ को बेस मानते हुए की जाएंगी। मंडलायुक्त ने रेलवे विभाग को विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के संचालन संबंधित निर्णय भी उसी को ध्यान में रखते हुए लेने की अपील की है।

मंडलायुक्त ने रेलवे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर माघ मेले की भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत एक नॉर्मल अथवा एक कंटीन्जेसी प्लान तैयार करने का भी प्रस्ताव दिया है जिसके अंतर्गत दोनों ही विभागों के अधिकारी संयुक्त सिग्नेचर कर प्लान का सत्यापन करेंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिलाधिकारी को वॉलिंटियर्स की एक बड़ी टीम तैयार कराने का भी निर्देश दिया है जिससे कि पुलिस एवं सिविल डिफेंस के अतिरिक्त इन वॉलिंटियर्स का इस्तेमाल मेला क्षेत्र, रेलवे स्टेशन तथा अन्य शहरी इलाकों में भीड़ प्रबंधन हेतु किया जा सके। उन्होंने इन वॉलिंटियर्स का 100-100 व्यक्तियों का ग्रुप तैयार कर उनका ओरियंटेशन कराने के भी निर्देश दिए हैं। इन सभी वॉलिंटियर्स को कार्य के पश्चात जिला प्रशासन की तरफ से सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इनके चिन्हीकरण हेतु इन्हें 'क्या मैं आपकी सहायता कर सकता हूं टी-शर्ट' पहनाने का सुझाव भी मंडल आयुक्त द्वारा दिया गया है।

इसी क्रम में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के दृष्टिगत मेला क्षेत्र के साथ-साथ इस बार शहर के विभिन्न स्थानों में भी साईनेज लगाए जाएंगे जिससे कि श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक पहुंचने में कोई कठिनाई न हो।

## पुस्तैनी मकानों पर बुलडोजर चलने से फफक फफक रो पड़े जंघई फाटक के निवासी



अधिकारियों के आगे रोती गिड़गिड़ाती महिलाएं



पुस्तैनी मकानों को ढहाता जेसीबी

**जंघई।** जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन के पूर्वी फाटक 51 बी के पास पुलिस की मौजूदगी मे रेलवे ने अतिक्रमण ढहा दिया। इस दौरान मकान मालिक हंगामा भी करते रहे पर अधिकरियों ने एक ना सुनी और दो मंजिला मकान भी ढहा दिये गये। वाराणसी प्रतापगढ़ रेलवे रुट पर स्थित जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर इन दिनों सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है मछलीशहर जंघई मार्ग पर स्थित स्टेशन का पूर्वी रेलवे फाटक 51बी के पास रेलवे विभाग द्वारा रास्ता डायवर्ट किया जा रहा है इस दौरान रेलवे की जमीन पर पड़ने वाले मकानों को गिराने का रेलवे ने पहले ही नोटिस दिया था तब भारतीय किसान यूनियन ने किसानों के साथ धरना प्रदर्शन कर-के विरोध किया था और रेलवे प्रशासन पर आरोप लगाया गया था कि रेलवे विभाग किसानों की जमीन को अपना बता रही है इसी विरोध को देखते हुए रेलवे ने भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अतिक्रमण ढहाने का काम शुरू किया। मीरगंज थानाध्यक्ष मयफोर्स, जीआरपी, आरपीएफ, पीएससी की मौजूदगी मे मकानों को जेसीबी से ढहाना शुरू किया तो महिलाओं ने विरोध शुरू किया तो ढहाने का काम कुछ देर के लिए बंद हो गया। इसी बीच तहसीलदार मछलीशहर सुदर्शन राम से लोग दो दिन की मोहलत मांगते रहे पर प्रशासन ने एक नही सुनी और मकान ढहा दिये गये रेलवे की कार्यवाही मे राकेश गौड़, महेश गौड़, रमेश गौड़, उमेश गौड़, कन्हैया गौड़, अवधेश गौड़, पन्नालाल गौड़, सुरेन्द्र यादव, सेवक यादव के मकान को ढहा दिया गया। लोगो का आरोप है की रेलवे विभाग ने लोगो की जमीन पर जबरदस्ती चिन्ह लगाकर मकान गिरा दिया। पुश्तैनी मकान आंखों के सामने गिरता देख परिवार के समस्त सदस्य फफक कर रो पड़े क्योंकि सभी लोग बेघर हो गए।

## संक्षेप

### पाण्डेश्वर नाथ धाम पहुंचे जिलाधिकारी व एसएसपी किए दर्शन पूजन



**थरवई।** शुक्रवार की शाम प्रयागराज जिलाधिकारी संजय खत्री व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय अपनी टीम के साथ थरवई क्षेत्र स्थित पांडेश्वर नाथ धाम पड़िला मंदिर में पहुंचकर बड़े ही विधि विधान से श्रद्धा पूर्वक भगवान शिव का दर्शन पूजन किए इस दौरान मंदिर के पुजारी व ग्राम प्रधान से मंदिर की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली मंदिर के मुख्य मार्ग पर स्थानीय दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के बाबत स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए मुख्य मार्ग पर हुए अतिक्रमण को हटवाए जाने की मांग की गई।

### घर के सामने खड़ी महिला की ट्रक के कुचलने से मौत

**मेजा/माण्डा।** थाना क्षेत्र के मांडा बाजार के पेट्रोल पंप के समीप डंफर ट्रक ने घर के सामने खड़ी महिला को रौंद दिया जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई आक्रोशित लोगों ने रास्ता जाम करने की कोशिश करने लगे। तब तक सुचना पर पुलिस पंहुची पुलिस ने मोर्चा सम्हाल लिया । गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के मुसाही बारी मांडा निवासी मीरा देवी (45) पत्नी भगवान दास बिंद अपने घर के पास खड़ी थी कि अनियंत्रित डंफर ट्रक ने महिला को रौंद दिया। जिससे महिला की मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने प्रयागराज-मिजार्पुर मार्ग को जाम करने की कोशिश की। तब तक सुचना पर थाना प्रभारी मांडा अरविंद कुमार गौतम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। और अगली कार्रवाई मे जुट गए। पुलिस आक्रोशित भीड़ को समझाने और शव को कब्जे मे लेने के लिए जुट गई।

### बारा विधायक ने मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए पर्यटन विभाग से की मांग

**लालापुर।** तीर्थों का राजा कहे जाने वाले प्रयागराज की पावन धरा से मात्र 45 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम के छोर पर लालापुर में पहाड़ी के बीचों बीच स्थित लगभग 500 वर्ष प्राचीन राम जानकी मंदिर अपने आप मे एक अलग ही कीर्तिमान स्थापित कर रही है।राम जानकी मंदिर लालापुर क्षेत्र का पवित्र व दिव्य धाम है, जिसे मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के वेद पुराणों का सार रामायण काल से जुड़ा हुआ है। लेकिन रामजानकी मंदिर विगत पांच सौ वर्षों से उपेक्षा का शिकार रहा है। किसी जनप्रतिनिधि ने इस मंदिर की ओर कभी ध्यान नही दिया। क्षेत्र के पत्रकारों द्वारा कई बार मंदिर के बारे मे खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई लेकिन किसी ने कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया। राम जानकी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष शिवेंद्र पाण्डेय ने मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए कई बार प्रयास किया। तहसील बारा में उप जिलाधिकारी रहे अर्पित गुप्ता ने मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए काफी प्रयास किया था, जिससे मंदिर की बाउंड्री और दीवाल का मरम्मती करण हुआ था। बुधवार को बारा विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद के अथक प्रयास से बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी प्रयागराज को पत्र लिखकर राम जानकी मंदिर के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की मांग की है।बता दें कि राम जानकी मंदिर लालापुर क्षेत्र का सबसे पुराना मंदिर है। मंदिर पूरी तरह से जीर्ण शीर्ण हो चुका है, मंदिर में जाने के लिए रास्ता भी नहीं है।

जर्जर मकान गिरने से गाय व बछड़े की मौत

### मोहल्ले में दहशत का माहौल

**प्रयागराज।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बहादुरगंज स्थित रिलायंस मॉल के बगल में भार्गव बिल्डिंग शुक्रवार की शाम अचानक भरभरा कर गिर पड़ा मलबे में दबने से एक गाय तथा उसके बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। गनीमत रहा कि मौके पर और कोई मौजूद नहीं रहा नहीं तो बहुत बड़ी घटना हो सकती थी ।अचानक मकान गिरने की खबर जब मोहल्ले वालों की लगी तो मोहल्ले में दहशत का माहौल हो गया हर कोई उस तरफ दौड़ पड़ा कि उनके परिजनों के साथ कोई अनहोनी ना हो गई हो ।सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर मौके पर सीओ सत्येंद्र तिवारी एसआई आकाश सचान मुदित राय अश्वनी कुमार सिंह एस.ओ शाहगंज सत्येंद्र तिवारी सहित पुलिस घटनास्थल पर पहुंची ।वहां पर मलबे हटाने का काम जारी रहा। खबर लिखे जाने तक मलवा हटाने का काम जारी रहा मलवे से गाय को निकालने का प्रयास किया जा रहा था वहां आसपास खड़ी कार स्कूटी इत्यादि बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिल रही है

### एडीजी कार्यालय पर धरना दे रही दलित महिला को महिला पुलिस ने हिरासत में लिया

**प्रयागराज।** थानां करछना अंतर्गत सेमरी ताल का पूरा निवासी दलित महिला की गांव के दबंगो ने उसकी जमीन कब्जा कर ली परेशान पीड़ित महिला दबंगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को सुबह दस बजे एडीजी प्रयागराज जोन के दफ्तर के सामने धरने पर बैठ गयी,धरने की जानकारी मिलते ही सिविल लाइंस पुलिस हरकत में आई महिला थाने की पुलिस ने पहले समझाया कि धरना हटा लें किन्तु पीड़िता के न मानने पर लगभग सवा बारह बजे धरना दे रही 65 वर्षीय चंदो देवी व उसकी पुत्र बधू बिटोला को हिरासत में लेकर थाने पर ले गयी हालांकि कुछ देर बाद महिला को छोड़ दिया गया। प्रश्न यह उठता है कि 65 वर्षीय वृद्ध महिला और उसकी पुत्र बधू को जिस महिला पुलिस ने हिरासत में लिया फिर चार घण्टे बाद उसे छोड़ दिया उस महिला पुलिस ने यह नही सोचा कि वृद्ध महिला व उसकी पुत्र बधू शहर से लगभग 40 किलोमीटर दूर कैसे अपने घर पहुचेगी तनिक भी विचार नही किया। वृद्ध महिला का बेटा भाइयन कहना है कि महिला पुलिस को अपने संरक्षण में घर भेजवाने की व्यवस्था करनी चाहिए थी। परेशान बेटे ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिले अफसरों ने दबंगो के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही की है अब मजबूरन सोमवार 21 नवम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर न्याय की फरियाद करेंगे।

## प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक पुरस्कार समारोह आयोजित

**पुरस्कार समारोह**

कुल 105 कर्मचारियों को किया गया पुरस्कृत

**प्रयागराज।** शुक्रवार को उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय के अरावली सभागार में प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिप्लव कुमार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक द्वारा वर्ष 2021-22 में परिचालन विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुख्यालय के 18, प्रयागराज मण्डल के 44, झांसी मण्डल के 25 तथा आगरा मण्डल के 18 कर्मचारियों सहित कुल 105 कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कार समारोह में श्री डी.के. वर्मा, मुख्य मालभाड़ा यातायात प्रबंधक, एस. के. शुक्ला, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक / गुड्स, गिरीश कंचन, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक / कोचिंग, शिवम शर्मा, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक (समन्वय) /प्रयागराज, जयशंकर, निजी सचिव-क (राजपत्रित) , राहुल सिंह यादव, वरिष्ठ यातायात प्रबंधक / योजना/ प्र.का सहित परिचालन विभाग के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन गिरीश कंचन, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक/कोचिंग ने किया। प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक महोदय ने अपने उद्बोधन में पुरस्कार प्राप्त करने वाले समस्त कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी तथा संरक्षा के साथ बड़ी ही सजगता से गाड़ियों की समय पालनता का विशेष ध्यान रखते हुए ट्रेन का संचालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर कर्मचारियों द्वारा सुझाये गये उपायों एवं कर्मचारियों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को सुना एवं उनके निराकरण कराने के आश्वासन भी दिए।



कर्मचारियों को पुरस्कृत करते उमरे के अधिकारी

## दाखिले का मामला पहुँचा पिछड़ा वर्ग आयोग

**प्रयागराज।** छात्र नेता अजय यादव सम्राट के दाखिले का मामला पिछड़ा वर्ग आयोग पहुंच गया है।अजय ने आयोग को शिकायत करते हुए कहा कि पिछड़े वर्ग की श्रेणी में मेरा प्रथम रैंक होने के बावजूद इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन मेरे साथ ज्यादती कर रहा है और विश्वविद्यालय में एक पिछड़े समाज से आने वाले छात्र को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने की साजिस विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की जा रही है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति समेत प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मुझे लगातार मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है क्योंकि मैं पिछड़े वर्ग समाज से तालुकात रखता हूं। मेरे भविष्य को बर्बाद कर दिया विश्वविद्यालय में मेरा दाखिला निरस्त कर दिया गया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में तानाशाही चरम सीमा पर है। महोदय मेरे दाखिले को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को दिशा निर्देश जारी करें और मेरे साथ न्याय स्थापित करें। वही फीस वृद्धि मामले को लेकर अजय यादव सम्राट के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में आंदोलन जारी है। इस मौके पर छात्र नेता आलोक तिवारी, अनुराग यादव, आनंद सांसद, हरेंद्र यादव, अजय पांडे, गौरव गोड, बागी, मनीष कुमार ,अमरीश, हिरेंद्र पटेल, सूर्या, राहुल पटेल ,सुधीर यादव, घनश्याम, अनिल, सचिन, आशीष, विकाश, अमित कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## नए तथ्य की खोज में शोध की महत्वपूर्ण भूमिका : प्रो0 पाण्डेय

**प्रयागराज।** नए तथ्य की खोज एवं समाज के विकास में शोध की महत्वपूर्ण होती है। शोध हमें नयी तकनीक का ज्ञान एवं उससे परिचित कराती है। उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विज्ञान विद्याशाखा के तत्वावधान में पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो0 के0बी0 पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं पूर्व कुलपति, कानपुर विश्वविद्यालय ने व्यक्त किए।

उन्होंने शोध में प्रयुक्त होने वाले आंकड़ों की महत्ता एवं उसके विश्लेषण पर विशेष प्रकाश डाला। लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में आयोजित समापन सत्र के अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो0 पी0पी0 दुबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा ने विश्वविद्यालय में शोध एवं उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। प्रो0 दुबे ने सांख्यिकी एवं शोध द्वारा समाज में परिवर्तन एवं उसकी उपयोगिता पर विशेष बल दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में शोध छात्रों को ऐसे विषयों को चुनने के लिए कहा जो सामाजिक सरोकार को परिपूर्ण कर सके। कार्यशाला निदेशक, प्रो0 आशुतोष गुप्ता ने साफ्टवेयरों एवं नयी तकनीक का शोध में उपयोग एवं उसकी गुणवत्ता कैसे बढ़ाई जाए इस पर प्रकाश डाला। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत कार्यशाला के सह-संयोजक प्रो ए के मलिक ने किया। कार्यशाला की आख्या आयोजन सचिव डॉ गौरव संकल्प ने प्रस्तुत की। समापन सत्र का संचालन आयोजन सचिव डॉ दिनेश कुमार गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ श्रुति ने किया। पांच दिवसीय कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रोफेसर ज्ञान प्रकाश सिंह, बीएचयू एवं प्रोफेसर एस ए अंसारी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, डॉ अनूप कुमार, एसजीपीजीआई, लखनऊ इत्यादि शामिल रहे।

## वार्डवार गठित समिति की देख-रेख में हो रही फागिंग

**प्रयागराज।** वार्डवार गठित समिति की देख-रेख में 135 साईकिल माउण्टेड मशीन, 8 बड़ी मशीन तथा जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी 1 अद्द बडी मशीन एवं 143 कर्मचारियों/मशीनों को लगाकर फॉगिंग कार्य कराया जा रहा है। एन्टी लार्वा के छिड़काव हेतु क्षेत्र में 212 हैण्ड स्प्रे मशीन, 20 व्हीकल माउन्टेन एवं 352 कर्मचारियों को तैनात करते हुए नगर निगम प्रयागराज द्वारा चुनाव वार्ड-खुल्दाबाद क्षेत्र, मुठ्ठीगंज क्षेत्र, कटरा क्षेत्र, अल्लापुर क्षेत्र, नैनी क्षेत्र, मुण्डेरा, बम्हरौली, पीपल गांव, झलवां क्षेत्र, फाफामऊ शान्तिपुरम क्षेत्र, झूंसी नगर पंचायत, आदि क्षेत्र में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

शुक्रवार को निम्न क्षेत्रों में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। मलिन बस्ती- स्वराज नगर, नौधरवा, शुतुरखाना, अम्बेडकर पार्क, मेंहदौरी, संजय नगर, हैजा अस्पताल, करैली 60फिट रोड, करैलाबाग बालू मण्डी, गंगागंज, सरैंया, नेवादा, गुलाब बाड़ी मिन्हाजपुर, आदि क्षेत्र में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। अस्पताल- सचान क्लीनिक, श्रीनारायण आश्रम अस्पताल, ओम सांई राम नर्सिंग होम, मदनानी हास्पिटल, शिखर हास्पिटल, जवाहर हास्पिटल, नवजीवन हास्पिटल, बेली हास्पिटल, आनन्द हास्पिटल, सेन्ट्रल हास्पिटल, मयंक नर्सिंग होम, काल्विन आदि क्षेत्र में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। सरकारी कार्यालय- थाना करैली, मा0 उच्च न्यायालय, एस0एस0पी0 कार्यालय, बी0एस0ए0 कार्यालय, परियोजना कार्यालय, थान मुठ्ठीगंज, पी0डब्लू0डी0 कार्यालय, संयुक्त उद्योग कार्यालय आदि में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

हॉट स्पॉट- धूमनगंज, बम्हरौली, खरकौनी नैनी, तेलियरगंज, पन्ना लाल रोड, चकिया क्षेत्र में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। स्कूल/कॉलेज- एम0एन0 एन0आई0टी, ज्वाला देवी, सेन्ट पीयर्स स्कूल, सरस्वती शिशु मन्दिर, चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, बचपन प्ले स्कूल, किदवई इण्टर कालेज, के0डी0 मेमोरियल स्कूल, दिग्गज सिंह स्कूल, आक्सफोर्ड कालेज, गरीब नवाज मदरसा, एम0एल0 कान्वेंट आदि में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

नगर निगम प्रयागराज द्वारा नियमित रूप से आई0ई0सी0 एक्टिविटी के तहत विभिन्न माध्यमों जैसे-पी0ए0 सिस्टम माध्यम द्वारा सभी 198 डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहनों से द्वारा डेंगू सम्बन्धी जानकारी दी जा रही है। वी0एम0डी0 द्वारा 40 बडे चैराहों पर, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से माधव ज्ञान केन्द्र, जहॉगीराबाद, नैनी तथा दयानन्द पब्लिक स्कूल जहॉगीराबाद नैनी में डेंगू एवं मलेरिया से रोकथाम हेतु जन जागरूक किया गया। नगर निगम प्रचार वाहनों के माध्यम से आटोसेल्स कानपुर रोड, हॉट स्टफ चैराहा, हनुमान मन्दिर चैराहा, तेलियरगंज चैराहा, ट्रैफिक चैराहा, जिशान मार्केट गोविन्दपुर आदि के पास क्षेत्र में कराते हुए एवं 06 वार्ड समिति की बैठकों द्वारा जनमानस को जागरूक किया जा रहा हैं।



## जनसंपादकीय

# देश में सट्टेबाजी ऐप का फैलता जाल

देश में सरकारी व्यवस्थाओं के नाक के नीचे सट्टे का एक ऑनलाइन कारोबार चल रहा है, जिससे हर साल सरकारी खजाने को 3.50 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। देश के रेल, शिक्षा, और स्वास्थ बजट को जोड लें, तो भी ये 3.50 लाख करोड रुपये से कम बैठता है, और इतने की टैक्स चोरी रोकने के लिए अभी तक सरकार ने कोई भी कदम नहीं उठाया है। दरअसल सरकार को जानकारी ही नहीं है कि ये टैक्स चोरी कहाँ हो रही है, साथ ही साथ सरकारी तंत्र को इसकी कानोकान खबर तक नहीं है। ऐसे कई ऑनलाइन गेम्स अथवा खेल हैं, जिसमें आप अपनी पसंदीदा टीमें बनाते हैं। मैच में खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर आपको पॉइंट्स अथवा अंक दिए जाते हैं, और इसी पॉइंट्स के आधार पर आप जीतते या हारते हैं। लेकिन देश में ऑनलाइन गेम्स अथवा खेलों के नाम पर सट्टा खिलवाने वाली विदेशी कंपनियां चोरी छिपे घुस चुकी हैं, और खेल में सट्टेबाजी करवाने वाली विदेशी कंपनियां वेबसाइट और सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर लोगों से ये बता रही हैं कि खेल में सट्टेबाजी वैध है अथवा लीगल है, और ये गेम ऑफ स्किल है। जबकि हमारे देश में सट्टा खेलना और खिलवाना गैर कानूनी है, लेकिन इसके बावजूद सरकार को इस तरह की सट्टेबाजी के बारे में खबर तक नहीं है। देश में कोई भी खेल वैध है या अवैध है, ये दो पैमानों पर तय किया जाता है। पहला है, गेम ऑफ स्किल यानि कि ऐसा खेल जिसमें आपका टैलेंट दिखता हो, दूसरा पैमाना है गेम ऑफ चांस यानि कि ऐसा खेल जिसमें आपका टैलेंट नहीं बल्कि आपकी किस्मत खेलती है, और आपकी हार और जीत किस्मत पर टिकी होती है। गेम ऑफ स्किल को देश में वैध माना जाता है, और गेम ऑफ चांस को देश में अवैध माना गया है। यानि कि जिस खेल में आपको मेहनत करनी पड़ती है वो खेल वैध है, अब चाहें उसमें आपने दिमाग लगाया हो या फिर शारीरिक मेहनत की हो। ठीक इसी तरह से हर वो खेल अवैध है, जिसमें आपने कुछ नहीं किया बस आपकी किस्मत पर आपकी जीत या हार तय होती है। मोबाइल फोन में हम कई तरह के ऑनलाइन गेम्स खेलते हैं, इन गेम्स को देश में गेम ऑफ स्किल के तौर पर जाना जाता है। इस तरीके से ये वैध हैं। उदाहरण के तौर पर अगर हम वैध ऑनलाइन गेम्स ऐप में क्रिकेट को ही ले लें, तो इनमें किसी भी मैच से पहले आप मोबाइल गेम में अपनी एक टीम बनाते हैं, उस टीम में आप जो खिलाड़ी चुनते हैं, उसका सारा रिकॉर्ड आपको मालूम होता है। आपको पता होता है कि वो खिलाड़ी फॉर्म में है या नहीं, और इस जानकारी को आपका टैलेंट माना जाता है, और मैच में उतरने से पहले आप मोबाइल गेम के वॉलेट में कुछ रुपए डालते हैं। इन रुपयों की मदद से आप मोबाइल गेम खेलते हैं, अब अगर आपका चुना हुआ खिलाड़ी अच्छा परफॉर्म करता है, या आपकी बनायी टीम जीत जाती है तो इस आधार पर आपको पॉइंट्स मिलते हैं और फिर इन पॉइंट्स के आधार पर आपकी जीत या हार तय होती है। जिसमें आपको रैंकिंग के आधार पर रुपये मिलते हैं। इस फॉर्मेट अथवा प्रारूप को वैध माना गया है। वजह ये है कि जब आप अपनी समझ का इस्तेमाल करके टीम बनाने की कोशिश करते हैं, तो इसे भारतीय कानून गेम ऑफ स्किल कहता है, और भारतीय ऑनलाइन गेम्स कम्पनियाँ आपको वैध तरीके से गेम खिलाती हैं। लेकिन देश में कुछ ऐसी विदेशी कंपनियों का जाल फैला हुआ है, जो मोबाइल एप्लीकेशन के बहाने ऑनलाइन गेम्स खेलने वालों को सट्टेबाजी करवा रही हैं, जिनमें बेट ऑन क्रिकेट, यूनीबेट, बेटवे जैसी 24 विदेशी कंपनियां हैं। सट्टेबाजी करवाने वाली कंपनियां यूजर्स को ऑनलाइन गेम्स के जरिये फंसाती हैं, फिर उन्हें सट्टेबाजी की तरफ लेकर जाती हैं और ये अपने आप में बहुत गंभीर विषय है। खेलों में सट्टेबाजी करवाने वाली इन विदेशी कंपनियों का प्रचार प्रसार इंटरनेट स्मार्टफोन और सरकारी तंत्र की दूरदर्शिता की कमी की वजह से तेजी से बढ़ रहा है। उदाहरण के तौर पर सट्टेबाजी खिलवाने वाली विदेशी कंपनियां क्रिकेट फुटबॉल एवं टेनिस जैसे खेल खिलवाने का लालच देती हैं, और जैसे ही आप कंपनियों के मोबाइल गेम एप्लीकेशन पर जाते हैं, तो ये मैच खिलवाने के लिए आपसे टीम बनाने या प्लानिंग के बारे में नहीं कहते बल्कि सीधे रुपये मांगते हैं, फिर आपसे लाइव चल रहे मैच की भविष्यवाणी करने के लिए कहते हैं। अगर आपका तुक्का सही साबित हुआ तो आप जीतते हैं, नहीं तो आप हार जाते हैं। इस तरह के खेल में आप की स्किल, टैलेंट या मेहनत नहीं लगती है, बस आपकी किस्मत होती है, आप बस चांस लेते हैं और अगर चांस सही साबित हुआ तो जीत होती है नहीं तो आप हार जाते हैं। इस तरह खेल खिलवाने वाले ऑनलाइन गेम्स को सरकार गेम ऑफ चांस मानती हैं, और यही वजह है कि ये देश में अवैध है। जितनी भी भारतीय कंपनियां आपको ऑनलाइन गेम्स खिलवाती हैं, वो अपनी कमाई में से सरकार को कम से कम 18% जीएसटी देती हैं। ये टैक्स भारत सरकार के खाते में जाता है, लेकिन जो विदेशी ऑनलाइन गेम्स के नाम पर सट्टा खिलवा रही हैं, वो किसी भी प्रकार का टैक्स सरकार को नहीं देती हैं, और ऐसी ज्यादातर कंपनियां उन देशों से ऑपरेट होती हैं, जिन्हें टैक्स हेवन कहा जाता है जिसमें माल्टा, एवं साइप्रस जैसे देश प्रमुख हैं। सट्टा खिलवाने वाली कंपनियों को ये मालूम है कि भारत में सट्टेबाजी अवैध है, उनको ये भी मालूम है कि भारतीय कंपनियों के ऑनलाइन गेम्स में जीत की रकम से 30% तक टैक्स कट्ता है, और ये टैक्स जीतने वाले खिलाडी को ही देना होता है। ऐसे में सट्टा खिलवाने वाली ऑनलाइन गेम कंपनियां खिलाडियों को टैक्स न देने का लालच भी देती हैं और वो ये भी कहती हैं कि उनके ऐप पर गेम खेलने में फायदा ये है कि जीत की रकम से टैक्स नहीं देना पड़ता। इस लालच की वजह से देश के खजाने को और कुछ समय बाद आपको भी नुक्सान उठाना पड़ सकता है.



**ऋषभ मिश्रा**
**सहायक प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, कानपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, संपर्क: 9648189659**

## श्रद्धा

प्यार शब्द पर तुमने क्यूँ ऐसा क्रूर प्रहार किया,
'श्रद्धा' की श्रद्धा का तुमने, क्यूँ ऐसा संहार किया ?
श्रद्धा की तो रूह ने भी, तुझको गले लगाया था,
पर तूने तो केवल उसके, जिस्म से दिल लगाया था।
दीवानगी ये जिस्म की भी, क्यूँ न स्थिर रह सकी,
टुकड़े किए थे जब तूने, बेचारी न वो सिसक सकी।
दिलबर कौन कहेगा तुझको, तू तो एक दरिंदा है,
तेरी इस हरकत पर तो, सारे आशिक शर्मिंदा हैं।
खण्ड-खण्ड विश्वास हुआ, प्रेमी ही हत्यारा है,
'श्रद्धा' रूपी दीप बुझा है, हुआ घोर अँधियारा है।
बेटी 'श्रद्धा' तुमने भी तो, एक कदम गलत उठाया था,
ढाई दशक के अनन्य प्रेम को, पल भर में ठुकराया था।
तिरस्कार माँ-बाप का करके, अंजान को गले लगाया था,
एक भी न मानी थी उनकी, कितना तुमको समझाया था।
कलप रहा है पिता आज फिर, बेटी से ही हारा है,
'श्रद्धा' की श्रद्धा ने उसको, जीते जी ही मारा है।
हे भारत की बेटियों, एक छोटी सी अपील है,
अवहेलना माँ-बाप की देखो, फिर से बनी नजीर है।



**– सर्वेश कुमार मिश्र**

# सवर्ण गरीबों के आरक्षण का समाजशास्त्र

## प्रसंगवश



**डॉ0 विशेष गुप्ता**

देश की सर्वोच्च अदालत ने आर्थिक रुप से कमजोंर वर्गों के लिए शिक्षा और नौकरियों में 10 फीसदी आरक्षण को जायज ठहराकर केन्द्र सरकार के साथ-साथ इस वर्ग को एक बड़ी राहत प्रदान की है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की पॉच सदस्यीय संविधान पीठ ने विगत सात नबंवर 2022 को बहुमत यानि 3-2 के आधार पर आर्थिक रुप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्गों को 10 फीसदी आरक्षण देने के केन्द्र सरकार के फैसले पर अपनी मुहर लगा दी है। बहुमत से जुड़ी पीठ ने इस कानून को भेदभावपूर्ण मानने से इंकार करते हुए साफ कहा कि इस आरक्षण से संविधान के मूल ढ़ॉचे का उल्लंघन नहीं होता। इन न्यायधीशों ने यह भी माना कि ईडब्ल्यूएस एक तर्कसंगत श्रेणी है। इसलिए जस्टिस दिनेश माहेश्वरी,जस्टिस बेला एम0 त्रिवेदी तथा जस्टिस जेबी पारदीवाला ने इस कानून कों वैध करार दिया। जस्टिस त्रिवेदी ने तो यहॉ तक कहा कि भारत में आरक्षण के लिए काफी हद तक जाति का ढ़ॉचा उत्तरदायी है। इसके साथ-साथ एससी,एसटी और ओबीसी से जुड़े वर्गों ने इतिहास में अनेक अन्याय सहे हैं। इसी कारण आजादी के 75 सालों बाद हमें व्यापक हित में आरक्षण से जुड़े इस संपूर्ण ढ़ॉचे पर पुनर्विचार की भारी आवश्यकता है।

यहॉ कहना न होगा कि मोदी सरकार ने जनवरी 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले 103 वॉ संविधान सशोंधन करते हुए अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से बाहर के वर्ग के आर्थिक रुप से कमजोर लोगों को दाखिले और सरकारी नौकरियों में दस फीसदी आरक्षण दिये जाने का फैसला लिया था। केन्द्र सरकार के इस फैसले के तुरंत बाद कई जनहित याचिकायें दायर कर-के सुप्रीम कोर्ट में इस निर्णय को चुनौती दी गई थी। पॉच न्यायधीशों की संविधान पीठ में से इस फैसले के विरोध में रहे दो न्यायधीश चीफ जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस रवीन्द्र एस भट्ट ने स्पष्ट किया कि 103 वॉ संशोधन असंवैधानिक और अवैध है। इससे संविधान के मूल ढ़ॉचे का उल्लंघन होता है। उन्होंने यह भी साफ कहा कि आर्थिक आरक्षण स्वतः कोई उल्लंघन नहीं है। परन्तु इसे इसलिए खारिज किया जाना चाहिए क्योंकि इसमें एससी,एसटी और ओबीसी वर्गों से जुड़े गरीब लोग शामिल नहीं हैं। उन्होंने यह संकेत भी दिया कि 50 फीसदी आरक्षण की सीमा का यह हनन भावी उल्लंघनों का प्रवेश द्वार बन जायेगा। भविष्य में यह प्रवृत्ति निश्चित ही विभाजनकारी होगी। अपने निर्णय में उन्होंने यह भी कहा कि डा0 भीमराव आंबेड़कर की ये टिप्पणियॉ ध्यान में रखनी होगीं कि आरक्षण को अस्थायी व असाधारण तौर पर देखा जाना चाहिए।

ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई फैसलों में साफ कहा था कि आरक्षण की सीमा 50 फीसदी सें अधिक नही हो सकती। इसी बजह से आर्थिक आरक्षण के विरुद्ध एक बड़ी दलील यह भी थी कि इससे संविधान के मूल ढ़ॉचे का उल्लंघन होता है। परन्तु ओबीसी वर्ग को जब ज्यादा आरक्षण देने की बात आती है तब इंदिरा साहनी मामले में बंधित 50 फीसदी की ऊपरी सीमा का उदाहरण पेश कर दिया जाता है। इस आधार पर जब 10 फीसदी आरक्षण गरीब सबर्णो को मिलेगा तब आरक्षण की सीमा स्वतः ही 60 फीसदी पहुॅच जायेगी। इसलिए सच्चाई यह है कि 50 फीसदी आरक्षण की सीमा का अब कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं रह जाता है।

आर्थिक रुप से कमजोर सबर्णों को 10 फीसदी आरक्षण देने के मामले पर ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार के सामने इससे जुड़ीं कई चुनौतियों के साथ-साथ देश की राजनीति में अभी और गर्माहट बढ़ेगी। हॉलाकि अधिकांश राजनीतिक पार्टियों ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। परन्तु द्रुमक जैसे असहमत दलों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सामाजिक न्याय की लड़ाई को कमजोर करने वाला है। यहॉ यह बात समझ से परे है कि आखिर सामाजिक रुप से कमजोर लोगों को राहत देना सामाजिक न्याय के विरुद्ध कैसे हो सकता है। यहॉ यह तथ्य भी विचारणीय है कि केवल क्या कुछ जातियों को आरक्षण देने से ही सामाजिक समानता और समता की भावना देश में बलवती हो सकती है। निःसंदेह देश में जातिगत आरक्षण देने के साथ-साथ आर्थिक रुप से कमजोर वर्गों को भी आरक्षण दिये जाने का मामला लबें समय से जोर पकड़ता रहा है। उसी के आधार पर केन्द्र सरकार ने आर्थिक रुप से कमजोर सवर्णों को बराबरी पर लाने हेतु इस आरक्षण का प्रावधान किया था। केन्द्र सरकार के इसी फैसले पर देश की सर्वोच्च अदालत ने अपनी संबैधानिक स्वीकृति प्रदान की है।

यहाँ आरक्षण से जुड़ी संविधान की प्रस्तावना का उल्लेख करना भी अतिप्रासंगिक होगा जिसमें देश में सामाजिक न्याय की संकल्पना को प्रतिस्थापित करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की उपादेयता का अनुभव किया गया था। कहना न होगा कि संविधान में आरक्षण की व्यवस्था अवसरों के सिद्धान्त पर आधारित है। उसी सिद्धान्त के तहत समाज का दायित्व है कि वह भी कमजोर वर्गों की ओर अधिक ध्यान दे। यह मानवता का भी सिद्धान्त है । दरअसल राष्ट्र भी स्वतन्त्रता के पश्चात यह संकल्पना उभर कर सामने आयी थी कि स्वतन्त्र देश में एक ऐसा समाज विकसित होगा जिसमें जातियों के बीच कोई ऊँच-नीच का संस्तरण नहीं होगा, कोई अस्पृश्यता नहीं होगी और न ही कोई सामाजिक-आर्थिक विषमता होगी। देश व समाज के स्तर पर जाति के नाम पर कोई भेद-भाव नहीं होगा और देश में सामाजिक विकास की ऐसी नव संरचना विकसित होगी जहाँ जाति से जुड़े दुराग्रह और अस्मिताएं भी नष्ट हो जाएंगी। परन्तु 75 वर्षों के बाद भी आरक्षण से जुड़ा यह संदर्भित विषय आज भी उतना ही ज्वलंत बना हुआ है। इसमें कोई भी सन्देह नहीं कि विगत 75 वर्षों में आरक्षण ने समाज के दबे-कुचले व कमजोर वर्गों को सामाजिक संस्तरण की व्यवस्था में उन्हें उच्च परिस्थिति प्राप्त कराने के साथ- साथ राजनीतिक व आर्थिक शक्ति भी प्रदान की है । परन्तु यह भी कड़वी सच्चाई है कि दूसरी ओर इस आरक्षण में अनारक्षित जातियों में एक गुस्सैल आक्रोश का बीजारोपण भी किया है। केवल इतना ही नहीं, इसी आरक्षण ने अनारक्षित जातियों के साथ-साथ आरक्षित जातियों के बीच भी जातीय खाईयों को गहरा करते हुए उन्हें जातियां विद्वेष की हिंसा तक पहुंचाया है। इस सच्चाई से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि आरक्षित जातियों के मध्य आरक्षण से ही समाज के विभिन्न वर्गों का द्विभाजन हुआ है। एक ओर इस आरक्षण से पुष्पित व पल्लवित होने वाला क्रीमी लेयर वर्ग है, तो दूसरी ओर वह कमजोर वर्ग है जो देश की आजादी के 75 वर्षों के बाद भी समाज की सबसे निचली पायदान पर खड़ा है। यह सच बात है कि आरक्षण के जरिये जब-जब योग्यता को दर-किनार करके अवसरों की समानता को कम किया गया, तब-तब देश में सामाजिक संघर्ष की पृष्ठभूमि तैयार हुयी है ।

आपको स्मरण होगा जब क्रीमी लेयर के तर्क को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी तो उसमें कोर्ट का सशक्त तर्क था कि आरक्षित जातियों में ही उन तबकों को इस आरक्षण से बाहर किया जाना चाहिए जो शैक्षिक और आर्थिक आधार पर समाज में ऊपर का स्तर प्राप्त कर चुके हैं। वह इसलिए ताकि सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक रूप से पिछड़ जाने वाले वर्गों को भी आरक्षण का उद्देश्यपूर्ण लाभ प्राप्त हो सके। इतिहास साक्षी है कि दलित जातियों के राजनीतिक और आर्थिक उत्थान के सबसे बड़े पक्षकार भारतरत्न बाबा भीमराव अम्बेडकर दलितों के लिए आरक्षण के पक्ष मे कभी नहीं थे । परन्तु जब उन पर दवाब डाला गया तो वे इस शर्त पर सहमत हुये कि 15 वर्ष की निश्चित समयावधि के बाद इस आरक्षण व्यवस्था का अंत कर दिया जायेगा। परन्त निश्चित वोट बैंक की खातिर राजनीतिक दलों ने इस आरक्षण व्यवस्था की समयावधि का विस्तार करते-करते इसे अनंतकालीन बना दिया है।

सही मायनों में देश की सर्वोच्च अदालत का सह निर्णय दूरगामी है। यह जाति विरोधी और संकीर्ण सोच रखने वालों से आगे बढ़कर समतामूलक और आर्थिक रुप से कमजोर लोगों का पूर्ण पक्षधर है। अंत में कहना न होगा कि भारत दुनिया का ऐसा अकेला देश है जिसने सामाजिक रुप से वंचित,गरीब और शोषित व पिछड़े लोगों को देश की मुख्य धारा से जोड़ने में अपनी महती भूमिका निभाई है। देश को एक बार फिर से आशा है कि हमारे नीति नियंता समाज के व्यापक हित में इस आरक्षण व्यवस्था से जुड़े तौर-तरीकों को न्यायसंगत और प्रभावी ढंग से लागू करने में समतामूलक दृष्टि का परिचय देकर ईडब्ल्यूएस को आगे लाने में अपनी महती भूमिका निभायेगें।

**(निवर्तमान/प्राचार्य, प्रोफेसर समाजशास्त्र एवं निवर्तमान अध्यक्ष,उ0प्र0 बाल अधिकार संरक्षण आयोग)**

**देश में सामाजिक न्याय की संकल्पना को प्रतिस्थापित करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की उपादेयता का अनुभव किया गया था। कहना न होगा कि संविधान में आरक्षण की व्यवस्था अवसरों के सिद्धान्त पर आधारित है। उसी सिद्धान्त के तहत समाज का दायित्व है कि वह भी कमजोर वर्गों की ओर अधिक ध्यान दे। यह मानवता का भी सिद्धान्त है । दरअसल राष्ट्र भी स्वतन्त्रता के पश्चात यह संकल्पना उभर कर सामने आयी थी कि स्वतन्त्र देश में एक ऐसा समाज विकसित होगा जिसमें जातियों के बीच कोई ऊँच-नीच का संस्तरण नहीं होगा।**

# अर्थ तंत्र को गति देते बैंक

## अर्थ



**सतीश सिंह**

आज सभी देशों की एक दूसरे पर निर्भरता होने, यूक्रेन एवं रूस के बीच चल रहे युद्ध, कोरोना महामारी और वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक संकट की स्थिति बनी होने के कारण ईंधन और कई उत्पादों की वैश्विक स्तर पर किल्लत हो गई है. विकसित देशों में भी महंगाई चरम पर पहुँच गई है. बावजूद इसके भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, क्योंकि बैंकिंग तंत्र मजबूत हो रहे हैं. भारत ने विगत वर्षों में न सिर्फ कोरोना जैसी खतरनाक महामारी पर जल्द काबू पाने में सफलता पाई, बल्कि केंद्र सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक समयानुसार समीचीन कदम उठाकर अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने में सफल रहे.

### कर्ज वितरण में तेज वृद्धि

सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एएससीबी) के आंकड़ों के अनुसार 9 सितंबर को समाप्त हुए पखवाड़े में कर्ज की वृद्धि दर 16.2 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 6.7 प्रतिशत रही थी. वहीं, 21 अक्टूबर 2022 को समाप्त हुए पखवाड़े में कर्ज की वृद्धि दर 17.9 प्रतिशत रही, जो 9 सालों का उच्चतम स्तर है. इस अवधि में राशि में वितरित ऋण 129 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया. ऋण वृद्धि; उद्योग, सेवा, व्यक्तिगत आदि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दर्ज की गई है. व्यक्तिगत और सेवा क्षेत्र में लगभग 20 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर्ज की गई है. उद्योग क्षेत्र में भी 12.6 प्रतिशत की मजबूत ऋण वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि पिछले साल, समान अवधि में इस क्षेत्र में 1.7 प्रतिशत की मामूली ऋण वृद्धि दर्ज की गई थी.

सेवा क्षेत्र में वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर 20 प्रतिशत की उच्चतम ऋण वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) क्षेत्र में 30.6 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि कारोबारी क्षेत्र में 21.3 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर्ज की गई है.

उद्योग क्षेत्र में उच्च ऋण वृद्धि; सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों में 30 प्रतिशत की वर्ष दर वर्ष के आधार पर हुई ऋण वृद्धि की वजह से मुमकिन हुई है. इस अवधि में बड़े उद्योगों में सिर्फ 7.9 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर्ज की गई है. ऋण वृद्धि लगभग सभी क्षेत्रों में हुई है. बुनियादी धातु, सीमेंट, कांच, निर्माण आदि क्षेत्रों में पिछले वर्ष की सामान अवधि में नकारात्मक ऋण वृद्धि दर्ज की गई थी. आलोच्य अवधि में लकड़ी, लकड़ी के उत्पाद, पेट्रोलियम, कोयला, कोयला के उत्पाद, उर्वरक, रसायन, रसायन के उत्पाद, लौह, बुनियादी धातु, धातु के उत्पाद, इस्पात, दूरसंचार आदि अवसंरचना के लगभग सभी क्षेत्रों में दोहरे अंक में ऋण वृद्धि दर्ज की गई है.

ऋण ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बावजूद ऋण वितरण में वृद्धि होना इस तथ्य की पुष्टि करता है कि माँग और आपूर्ति दोनों में तेजी आ रही है।

### सीडी अनुपात में वृद्धि

मार्च 2020 की तुलना में एएससीबी ने 7 अक्तूबर को समाप्त हुए पखवाड़े में बैंक जमा में 27.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि इस अवधि में ऋण वृद्धि 25.2 प्रतिशत दर्ज की. वहीं, जमा-ऋण वृद्धि अनुपात या सीडी अनुपात 75 प्रतिशत के आसपास रहा. हालांकि, बड़े उद्योग और व्यक्तिगत ऋण की मांग में आई तेजी के कारण अप्रैल 2022 के बाद के महीनों में औसत वृद्धिशील सीडी अनुपात 117 प्रतिशत के आसपास के स्तर पर बनी हुई थी, जो अक्तूबर 2022 में बढ़कर 135 प्रतिशत हो गई. यहाँ यह बताना जरुरी है कि नियामकीय जरूरतों को पूरा करने की मजबूरी की वजह से बैंक 100 रुपए की जमा राशि में सिर्फ 77.5 रुपए का ही इस्तेमाल ऋण देने के लिए कर पाता है, क्योंकि बैंक को 4.5 प्रतिशत नकदी आरक्षित अनुपात (सीआरआर) और 18 प्रतिशत वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) के लिए हर 100 रुपए में से 22.50 रुपए आरक्षित रखनी पड़ती है, ताकि बैंक के डूबने या दिवालिया होने पर इस राशि का इस्तेमाल जमाकताओं की देनदारी को चुकाने के लिए किया जा सके. इसके बाद भी बैंकों द्वारा उच्च स्तर के सीडी अनुपात को बनाये रखना इस बात का संकेत है कि बाजार में उधारी का उठाव बना हुआ है और आर्थिक गतिविधियों में मुसलसल तेजी आ रही है.

### 675 सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन में सुधार

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 675 सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय परिणामों में बेहतरी आई है. इन्होंने 28 प्रतिशत का टॉप लाइन वृद्धि दर्ज की है. टॉपझलाइन वृद्धि उच्च सकल बिक्री या राजस्व संग्रह या आय को संदर्भित करती है. टॉपझलाइन वृद्धि का यह अर्थ हुआ कि कंपनी ने कुल बिक्री या राजस्व या आय में उच्च वृद्धि दर्ज की है। इसे टॉप लाइन इसलिए कहा जाता है, क्योंकि इसे कंपनी के आय विवरण में सबसे शीर्ष पर प्रदर्शित किया जाता है. जो कंपनी अपना राजस्व या आय या बिक्री बढ़ाती है, उसे टॉप लाइन वृद्धि दर हासिल करने वाली कंपनी कहा जाता है सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन में सुधार आने की वजह भी बैंक है. कोरोना महामारी की वजह से कोपोरेट्स, सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्योगों के कामकाज ठप्प हो गए थे, लेकिन कोरोना महामारी का प्रभाव कम होते ही बैंकों ने उन्हें समय पर सहायता उपलब्ध करवाई, जिसके कारण वे अल्प समय में रिकवरी करने में कामयाब रहे.

### सितंबर तिमाही में बैंकों का शानदार प्रदर्शन

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही या सितंबर तिमाही में सभी बैंकों ने शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनएमआई), शुद्ध लाभ और फँसे कर्ज (एनपीए) के पैमानों पर शानदार प्रदर्शन किया है. उदहारण के तौर पर भारतीय स्टेट बैंक ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई से सितंबर तिमाही में एकल आधार पर 13,265 करोड़ रुपये की शुद्ध लाभ अर्जित की है, जो पिछले साल की समान अवधि से 74 प्रतिशत अधिक है. वहीं, दूसरी तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 88,734 करोड़ रुपये हो गई, जो 1 साल पहले की समान अवधि में 77,689.09 करोड़ रुपये थी. पिछली तिमाही में स्टेट बैंक की शुद्ध ब्याज आय 13 प्रतिशत बढ़कर 35,183 करोड़ रुपये हो गई, जबकि 1 साल पहले यह 31,184 करोड़ रुपये थी. चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में स्टेट बैंक का एनपीए भी घटकर 3.52 प्रतिशत रह गया, जबकि 1 साल पहले समान अवधि में यह 4.90 प्रतिशत था. शुद्ध एनपीए का अनुपात भी घटकर कुल अग्रिम का 0.80 प्रतिशत रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 1.52 प्रतिशत था.

बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 59 प्रतिशत बढ़कर 3,313 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 2,088 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था. बॉब की कुल आय वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में बढ़कर 23,080.03 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 20,270.74 करोड़ रुपये थी. इसकी शुद्ध ब्याज आय भी 34.5 प्रतिशत बढ़कर 10,714 करोड़ रुपये हो गई. बॉब का एनपीए सितंबर 2022 के अंत में घटकर सकल अग्रिम का 5.31 प्रतिशत रह गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 8.11 प्रतिशत था. बॉब का शुद्ध एनपीए भी 2.83 प्रतिशत घटकर 1.16 प्रतिशत रह गया. समीक्षाधीन तिमाही में बॉब का शुद्ध ब्याज मार्जिन बढ़कर 3.33 प्रतिशत और पूंजी पर्याप्तता अनुपात 15.55 प्रतिशत से घटकर 15.25 प्रतिशत रह गया.

पंजाब एंड सिंध बैंक (पीएसबी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 27 प्रतिशत बढ़कर 278 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में शुद्ध लाभ 218 करोड़ रुपये रहा था. पीएसबी की दूसरी तिमाही में कुल आय भी बढ़कर 2,120.17 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले 1 साल की समान अवधि में यह 1,974.78 करोड़ रुपये रही थी. वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में पीएसबी का एनपीए घटकर सकल अग्रिम के 9.67 प्रतिशत पर आ गया. पिछले साल यह अनुपात 14.54 प्रतिशत रहा था. पीएसबी बैंक का शुद्ध एनपीए घटकर 2.24 प्रतिशत हो गया, जबकि पिछले साल की सामान तिमाही में यह 3.81 प्रतिशत था.

बैंक को अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है. इसके जरिये ही अर्थव्यवस्था को गतिशील और मजबूत बनाया जा सकता है. जाहिर है, कर्ज वितरण में तेजी आने, सीडी अनुपात के सकारात्मक रहने और बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन में बेहतरी आने से अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी.

**(लेखक आर्थिक मामलों के जानकार हैं, संपर्क 8294586892 )**

## व्यंग्य



## हेड क्लर्क वर्मा साहब का कबूलनामा

**अशोक गौतम**

बीसियों विभागों में डेपुटेशन पर रहते किस्म किस्म के साहबों के तलवे चाट चाट कर घिसा चुके , हर वर्ग की जनता को खा चुके अपने कर्मठ, जुझारू , ईमानदारी, सुयोग्य हेड क्लर्क वर्मा जी को सौ प्रतिशत विश्वास था कि जब वे सिधारेंगे तो साहब चरणों में ही लीन होंगे। उन्हें प्रभु के चरणों से प्रिय साहब चरण जो थे।

पर जैसा उन्हें अंध विश्वास था, उनके सिधारने के बाद वैसा कतई न हुआ।

वे ऑन ड्यूटी ऑफिस की कुर्सी पर ही सिधारे , सो उन्होंने अपने को ले जाने आए यमदूतों से पूछा,ह्य अब ?ह्ल

'अब चलिए साहब ये अपने कर्मों की गठरी लिए!'

' कहां ?'

'जहां मरने के बाद हर जीव को जाना होता है।'

'तो मेरी ये गठरी कौन उठाएगा? आप किसीको साथ लाए हो क्या मेरी गठरी उठाने को ?'

'नहीं जनाब! अपना भार वहां को खुद ही उठाना पड़ता है।'

'हद है! कोई बात नहीं। मैं अपने पीउन को कहता हूं। मेरे अंडर चार चार पीउन हैं ,'

फिर अपने हर रोज के हर भार की तरह अपने कर्मों की गठरी उठाने के लिए भी उन्होंने अपने ऑफिस के अपने खास पीउन को आवाज दी। एक बार! दो बार! पर जब वह बेशर्म नहीं आया तो उन्होंने उसे गालियां देते दूसरे पीउन को आवाज दी। पर वह भी नहीं आया तो वे गुस्साते बोले,ह्य हद है ! मेरे मरते ही साले सब पता नहीं कहां मर गए? पहले तो सब मेरे आगे पीछे अपनी दुम हिलाते यों घूमा करते थे जैसे.... और अब...

फिर उन्होंने अपने ऑफिस की गाड़ी के ड्राइवर को आवाज दी,ह्य अरे यार! कहां हो तुम! मुझे जरा यमराज तक ऑफिस की गाड़ी में छोड़ आओ,ह्ल पर वह भी उनकी आवाज न सुना तो उन्होंने उसे भी गालियां देते कहा,ह्य साला! पहले तो फर्जी गाड़ी ठीक कराने के महीने में बीस बीस बिल मुझसे आंखें मूंद कर पास करवाता था और अब जो उसकी जरूरत पड़ी तो...

आखिर पूरे ऑफिस के अपने मातहतों की ओर से आहत हो आखिर उन्होंने पहली बार अपनी कोई गठरी उठाने कोशिश की और जैसे तैसे अपने कर्मों की गठरी उठाए यमदूतों के पीछे पीछे अपना पसीना पोंछते यमराज के ऑफिस की ओर चले पड़े।

जब वे थके हारे पांवों में छाले लिए यमराज के दबार में पहुंचे तो उन्होंने अपने कर्मों की गठरी अपनी पीठ से अपनी पीठ सीधी करते उतारी तो यमराज ने उनसे मुस्कुराते कहा,ह्य स्वागत है वर्मा जी! मेरे लोक में आपका हार्दिक स्वागत! अभिनंदन! कैसी रही आपकी यात्रा हेड क्लर्क वर्मा साहब?

मत पूछो सर! हेड क्लर्क वर्मा साहब के बहुत बुरे हाल हो गए जनाब! पूरे रास्ते में किसीने पानी को भी नहीं पूछा। कुछ खाने को मिले तो मरे के प्राण बचें,ह्ल वर्मा साहब हेड क्लर्क ने अपनी पीठ सीधी करते कहा तो यमाराज ने तुरंत वहां के कर्मचारियों में से एक को आदेश दिया,ह्य देखो! वार्म साहब बहुत थक गए हैं। सबसे पहले इन्हें गर्मागर्म चाय पिलाओ।

पर साहब! इन्होंने तो आजतक किसीको कुछ पिलाया खिलाया नहीं, सबसे खाया पिया ही है तो...

नहीं! साहब बड़े दयालु हैं। ध्यान से इनका खिलाने वाला खाता चेक करो!

कर लिया हजूर! बिल्कुल खाली है! यमराज के कर्मचारी ने कहा तो यमराज वर्मा साहब हेड क्लर्क की ओर मुंह कर बोले,ह्य देखिए वर्मा साहब! सॉरी! आपको खिलाने पिलाने वाले तो नीचे रह गए! सॉरी! अब हम आपको कुछ भी खिला पिला नहीं सकते।

तो उधार ही दे दीजिए सर! पेंशन आने पर लौटा दूंगा। बहुत मन कर रहा है चाय पीने को, वर्मा साहब हेड क्लर्क ने कहा पर किसीने उनकी एक न सुनी तो उन्हें गुस्सा भी आया! हद है यार! जिसके घर में भी ऑफिस के चार चार पीउन काम करते रहते थे आज उसकी यह हालत! देख लूंगा सबको। बस, एकबार फिर अपनी कुर्सी पर चला जाऊं।

तो तुम्हारा हिसाब किया जाए?

सर! पूरे ऑफिस का हिसाब करने वाले का हिसाब?ह्ल सुन हेड क्लर्क साहब चौंके तो यमराज ने मुस्कुराते कहा,ह्य हां! यहां हिसाब रखने वालों का भी हिसाब होता है। अपने कर्मों की गठरी हमें दो, हम इसे खोलना चाहते हैं।

क्यों सर?

उसके बाद ही तय होगा कि..

सर ! मैं अपने समय का बहुत ईमानदार हेड क्लर्क रहा हूं!

देखो हेड क्लर्क साहब! यहां झूठ नहीं चलता। सच सच बताना जो पूछा जाए। जितनी जल्दी सच कबूलोगे उतनी जल्दी... तो आर यू रेडी सच बोलने के लिए?

जी सर!

आज तक भोलाराम की पेंशन की फाइल किसने दबा कर रखी है?

सर मैंने।

क्यों?

क्योंकि उसने मेरी सेवा पानी नहीं की थी,ह्ल हेड क्लर्क साहब ने सिर नीचा किए कहा।

होरी की गाय मरने पर सरकार द्वारा तय मुआवजा किसने रोका था?

सर मैंने!

क्यों?

क्योंकि उसने मेरी सेवा पानी नहीं की थी,ह्ल हेड क्लर्क साहब ने सिर नीचा किए कहा।

गोबर के घर बिजली का पास हुआ मीटर आज तक किसने लगने से रोका?

सर मैंने !

क्यों?

क्योंकि उसने मेरी सेवा पानी नहीं की थी, हेड क्लर्क साहब ने सिर नीचा किए कहा।

ह्यजन धर खातों में गैस की सब्सिडी किसने जाने से रोकी?

सर मैंने!

क्यों?

क्योंकि जनता ने मेरी सेवा पानी नहीं की थी,ह्ल हेड क्लर्क साहब ने सिर नीचा किए कहा।

गांव की सड़कों का बजट आने के बाद भी वे पक्की होने से किसने रोकीं?

मैंने सर मैंने!

क्यों?

क्योंकि गांव वालों ने मेरी सेवा पानी नहीं की थी, हेड क्लर्क साहब ने सिर नीचा किए कहा।

मातादीन के घर हर घर नल बिन जल योजना के तहत आजतक नल क्यों नहीं लगा?

क्योंकि मातादीन ने मेरी सेवा पानी नहीं की थी सर! हेड क्लर्क साहब ने सिर नीचा किए कहा।

गरीब दोलाराम के बेटे की सरकारी नौकरी लग जाने के बाद भी उसकी चिट्ठी किसकी वजह से आजतक उसे नहीं मिली?

मेरी वजह से सर!

क्यों?

क्योंकि उसने मेरी सेवा पानी नहीं की थी, हेड क्लर्क साहब ने सिर नीचा किए कहा और फिर यमराज के पूछे बिना ही सैंकड़ों सचों का पाप गला फाड़ फाड़ कर अपने सिर कबूलते रहे।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

संक्षेप

## ग्राम पंचायत से जुड़ी विकास योजनाओं में मनमानी को लेकर शिकायत

**लालगंज।** रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के ढ़िगवस ग्राम पंचायत की निर्माण समिति के अध्यक्ष सरिता त्रिपाठी व अन्य ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर बिना ग्राम पंचायत की बैठक बुलाए मनमानी योजनाओं के संचालन का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र मे कहा गया है कि प्रधान द्वारा न तो कार्यकारिणी की बैठक बुलाई जाती है और न ही नियमानुसार खुली बैठक बुलायी जा रही है। ग्राम पंचायत से जुडी विकास योजनाएं प्रधान द्वारा अपनी मनमानी से संचालित करायी जा रही है। शिकायती पत्र पर नसीम अली, माधुरी देवी, पुष्पा, मुकेश द्विवेदी, दीनानाथ कोरी, मो. अकरम आदि के भी हस्ताक्षर अंकित हुये है।

## आभूषण व्यवसायी से लूट की घटना को पुलिस ने बताया फर्जी

**लालगंज।** फेरी लगाने वाले आभूषण व्यवसायी से बदमाशों ने शुक्रवार की सुबह गहनों तथा नकदी की लूट की घटना को अंजाम दिया। सांगीपुर थाना के गौहानी निवासी शीतला प्रसाद स्वर्णकार साइकिल से गांव गांव आभूषण को लेकर फेरी के जरिए व्यापार किया करता है। शुक्रवार की सुबह करीब साढे नौ बजे शीतला प्रसाद साइकिल से घर से फेरी के लिए निकला। गांव से कुछ ही दूर पर चकरोड पर सूनसान इलाके मे आर्टिगा कार सवार बदमाशो ने शीतला प्रसाद की साइकिल मे धक्का मारकर उसे गिरा दिया। इसके बाद बदमाश तमंचे की नोंक पर शीतला प्रसाद के लगभग साठ से सत्तर हजार के गहने व पास मे मौजूद तीन हजार रुपए नकद लूट लिये। बदमाशो के फरार होने पर शीतला प्रसाद ने शोर मचाया तो वहां भीड जुट गयी। सूचना पाकर सांगीपुर एसओ जितेन्द्र सिंह फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस की काम्बिंग के बावजूद बदमाशो का पता नही चल सका। इधर लूट की सूचना मिलते ही सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर भी मौके पर पहुंच गये। सीओ ने जांच मे बताया कि लूट की घटना फर्जी है। आभूषण व्यवसायी ने थाना क्षेत्र के सुजाखर निवासी संदीप कौशल से पचास हजार रुपए उधार लिये थे। संदीप उस पर पैसे वापसी का दबाव बना रहा था। आभूषण व्यवसायी ने शुक्रवार को संदीप को रकम लौटाने की बात कही थी। रकम न अदा करने के लिए व्यवसायी ने खुद ही लूट की घटना की पटकथा तैयार कर ली। पुलिस की पूछताछ मे वह टूट गया और लूट मे उसके द्वारा दशार्या गया माल भी उसके घर पर ही बरामद हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षो को थाने बुलवाया है। सीओ का कहना है कि सांगीपुर पुलिस को दोनों पक्षो से वार्ता कर समस्या के समाधान कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# क्षमता के अनुसार शत प्रतिशत बेसहारा गोवंश को संरक्षित करायें : जिलाधिकारी

### बिना ईयर टैग के गोवंश पाये जाने पर पशु चिकित्साधिकारी के खिलाफ होगी कार्यवाही



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

बैठक

### जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें जनपद में संचालित गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के आधार पर दैनिक श्रमिक, केयर टेकर के मानदेय, शीत-ठंड से बचाव, अति वृहद गो-संरक्षण केन्द्र की स्थापना आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अनिल कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी तथा समस्त जनपदीय नोडल अधिकारी के साथ समीक्षा की गयी। बैठक में बताया गया कि जनपद में निराश्रित/बेसहारा गोवंश का लक्ष्य 14128 के सापेक्ष 44 अस्थायी, 06 वृहद गो संरक्षण केन्द्र, 08 कांजी हाउस, 04 कान्हा गौशाला में कुल 9488 गोवंश संरक्षित किये गये है। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि संचालित स्थायी/अस्थायी गोवंश में क्षमता के अनुसार शत प्रतिशत निराश्रित/बेसहारा गोवंश को संरक्षित करायें। अति वृहद गो-संरक्षण केन्द्र भूमि चिन्हांकन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उपजिलाधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने तहसील व ब्लाक स्तर पर बैठक आयोजित कर-के तहसील क्षेत्रान्तर्गत खाली पड़ी बंजर, ऊसर, बीहड़ भूमि का सीमांकन हेतु भूमि की सूचना मुख्य राजस्व अधिकारी को उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अतिशीघ्र कान्हा गौशाला का निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुये कान्हा गौशाला संचालित कराया जाये। डीएम ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां-जहां गौशालायें बनी हुई है, यदि वहां अतिरिक्त पशु शेड की आवश्यकता हो तो अतिरिक्त शेड की व्यवस्था तत्काल करायी जाये कोई भी गोवंश खुले में न रहे। शीत-ठंड से बचाव के लिए गो आश्रय स्थलों में बोरी/टाट पट्टी की व्यवस्था तत्काल पूर्ण करायें। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि कृषकों को सुपुर्द किये गये गोवंशों के भरण-पोषण हेतु दी जाने वाली धनराशि का भुगतान नियमित डीबीटी के माध्यम से किया जाये एवं ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी अपने-अपने ग्राम पंचायत स्तर पर सुपुर्द किये गये गोवंश का विवरण तैयार करेगें जिससे उच्चाधिकारियों के निरीक्षण के समय कोई कठिनाई न हो। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश की ईयर टैगिंग शत प्रतिशत पूर्ण करा ली जाये किसी भी गोवंश आश्रय स्थल में बिना ईयर टैग के गोवंश पाये जाने पर सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी को उत्तरदायित्व निर्धारण करते हुये कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने अन्त में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित गो-आश्रय स्थलों का सुचारू रूप से सफल संचालन करायें, लापरवाही कदापि न बरती जाये अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों/कार्यो को शत- प्रतिशत निर्वहन करें।

## मत्स्य पालकों को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ अधिक से अधिक दिया जाये : डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की समीक्षा की गयी। बैठक में बताया गया कि केन्द्र पुरोनिधानित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना भारत सरकार द्वारा 2020-21 से 2024-25 तक की अवधि हेतु लागू की गयी है, योजना में कुल परिव्यय का 60 प्रतिशत केन्द्रोश एवं 40 प्रतिशत राज्यांश है। योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला लाभार्थियां को 60 प्रतिशत तथा अन्य लाभार्थियों को 40 प्रतिशत अनुदान देय है। अनुदान के अतिरिक्त परियोजना की शेष धनराशि लाभार्थी अंश है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत विभिन्न परियोजनायें क्रमशः निजी भूमि में तालाब निर्माण एवं निवेश, बायोफ्लॉक निर्माण संवर्धन प्रथम वर्ष निवेश सहित, मत्स्य बीज हैचरी निर्माण, थ्री व्हीलर विद आईस बाक्स, जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र, साइकिल विद आईस बॉक्स, वृहद मत्स्य आहार मिल, बैकयार्ड रीसिस्टम सकुर्लेटरी, लघु री-सकुर्लेटरी सिस्टम आदि संचालित है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत विभागीय पोर्टल पर 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक विभिन्न परियोजना हेतु मण्डलीय कार्यालय से कुल 92 आवेदन पत्र स्वीकृति तथा आवेदन पत्रों में विभिन्न कमियों के कारण 503 आवेदन पत्र वापस किये गये है। जिलाधिकारी ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विकास कुमार दीपांकर को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत जो भी आवेदन पत्र वापस किये गये है उनका दुबारा सत्यापन कराकर योजना का लाभ लाभार्थियों को दिया जाये। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मत्स्य पालकों को प्रधामनंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ अधिक से अधिक दिया जाये जिससे उन्हें आर्थिक दृष्टि से समृद्ध किया जा सके, इसलिये इसका सफल क्रियान्वयन करें और प्रचार प्रसार करायें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0. शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## थाने पहुंचे तीन दर्जन लोगों का शांतिभंग में किया चालान



उदयपुर थाने के सामने मौजूद पूरे भगवत की महिलाएं

**सांगीपुर।** रास्ते के विवाद को लेकर लोडर भरकर थाने आये तीन दर्जन से अधिक लोगो का पुलिस ने शांति भंग में चालान कर वाहन सीज कर दिया।

उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे भोजई (पूरे भगवत) गांव के प्रधान द्वारा खड़ंजा लगवाने की कोशिश चल रही है। गांव के ही रामजी गुप्ता पुत्र स्व0 छवि नारायण ने जमीन पर अपने पुराने कब्जे का हवाला देकर खड़ंजा निर्माण का विरोध किया था। जिसके बाद राजस्व टीम द्वारा भी विवादित भूखंड पर रामजी गुप्ता की कब्जा दिखाकर दी गई रिपोर्ट में भी प्रधान द्वारा कराये जाने वाले खड़जा निर्माण को पूरी तरह विधि विरुद्ध बताया गया है। राजस्व टीम जांच रिपोर्ट को नजर अंदाज कर प्रधान उसी जगह से होकर ही खड़ंजे का निर्माण कराने पर अड़े हुए हैं। शुक्रवार को इसी निर्माण को लेकर प्रधान अपने तमाम समर्थकों के साथ उदयपुर थाने पहुंच गये। प्रधान अपने समर्थकों के साथ थाने पर पहुंचकर पुलिस के ऊपर दवाव बना रहे थे। पुलिस ने राजस्व टीम का हवाला देकर उक्त स्थल पर निर्माण की अनुमति देने से मना कर दिया। लोडर पर थाने पहुंचे 36 लोगो को शांति भंग में पाबंद करते हुए वाहन को भी सीज कर दिया। उदयपुर के प्रभारी एसओ रणविजय सिंह का कहना है कि थाने पर फर्जी हो हल्ला मचा रहे तीन दर्जन से अधिक लोगों को शान्ति भंग में पाबंद कर वाहन सीज कर दिया गया है।

## रुपये छीनकर भाग रहे तीन बदमाशों को पकड़ा

**पट्टी।** बैंक में पैसे निकालने आए ग्राहक से पैसा छीन कर भाग रहे बदमाशों को शोर मचाने पर बाजारवासियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दिया है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के पूरे बाबू गांव के दिव्यांश पांडे पुत्र राकेश पांडे शुक्रवार की दोपहर भारतीय स्टेट बैंक शाखा पट्टी से पांच हजार रुपये निकालकर बैंक से निकला। पहले से रेकी कर रहे तीन बदमाश दिव्यांश का पैसा छीनकर भागने लगे। इस पर उसने शोर मचाया तो कई बाजार वासी दौड़कर बदमाशों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए बदमाश में पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम राजकुमार मिश्रा पुत्र भेरूनाथ मिश्रा पकड़ा आजमगढ़, शोएब पुत्र मोहम्मद अख्तर बलीपुर भगवा चुंगी प्रतापगढ़ तथा जयप्रकाश यादव पुत्र रामसुख यादव कोखा शुकुलपुर थाना सांगीपुर बताया। पुलिस तीनों बदमाशों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# प्राणघातक हमले के विरोध में नेशनल हाइवे पर वकीलों का हुआ विरोध प्रदर्शन

विरोध प्रदर्शन

### आरोपी प्रधान समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास व लूट समेत गंभीर धाराओं मे केस



लालगंज मे हाइवे पर विरोध प्रदर्शन करते वकील



लालगंज में तहसीलदार को ज्ञापन सौपते वकील

**लालगंज।** कोतवाली के रायगढ़ गांव में गुरूवार की देर शाम संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी तथा अधिवक्ता कुलदीप तिवारी पर प्राणघातक हमले को लेकर वकील आक्रोशित हो उठे। हालांकि घटना की देर रात ही पुलिस ने घायल अधिवक्ताओं का मेडिकल परीक्षण कराते हुए गांव के प्रधान समेत चार नामजद आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा लूट समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियो की तलाश मे रात से ही दबिश मे जुटी बतायी जाती है। घटना के विरोध मे लालगंज के वकीलों ने शुक्रवार को नेशनल हाइवे पर धरना प्रदर्शन कर घंटो विरोध जताया। हालांकि पुलिस ने शुक्रवार की सुबह घटना के मुख्य आरोपी नरई प्रधान रायगढ़ निवासी बृजलाल सरोज उर्फ पिंटू को हिरासत मे ले लिया। दोपहर बाद उसे पुलिस ने जेल भेज दिया।

तहसील के दो अधिवक्ताओं पर गुरूवार की देर शाम हुए कातिलाने हमले को लेकर शुक्रवार को यहां साथियों में जबरदस्त आक्रोश पनप उठा। नाराज वकीलो का भारी समूह तहसील परिसर मे सुबह ही एकत्रित हो उठा। प्रशासन के खिलाफ परिसर मे नारेबाजी करते हुए वकील नेशनल हाइवे पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन जताने लगे। सीओ को ज्ञापन देने निकला वकीलो का जत्था उनके कार्यालय पर पहुंचा तो वहां सीओ को न देखकर पारा और चढ़ गया। नाराज वकीलो ने सीओ कार्यालय के सामने नेशनल हाइवे पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। वकीलों की नारेबाजी तथा सडक पर धरना प्रदर्शन को लेकर अफरातफरी का माहौल बन गया। नेशनल हाइवे पर रायबरेली तथा प्रतापगढ़ की ओर से आने वाले वाहनो का लम्बा कतार घंटो जाम का माहौल बनाये दिखा। वहीं हाइवे पर ही वकीलो के विरोध प्रदर्शन के देख स्थानीय पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल उठे। वकीलों ने धरना स्थल पर मौजूद लालगंज प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल से जिले के एएसपी को बुलवाये जाने की मांग रखी। वकीलों के विरोध प्रदर्शन की भनक एसपी सतपाल अंतिल को लग गयी। एसपी ने रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश से फोनिक वार्ता कर आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। एएसपी रोहित मिश्र के जिलामुख्यालय से बाहर होने की स्थिति में इधर एसपी की डांट पर सीओ रामसूरत सोनकर भी मौके पर आननफानन मे पहुंचे। सीओ को वकीलों ने एसपी के नाम संबोधित ज्ञापन में आरोपियो की गिरफ्तारी के साथ उन पर रासुका लगाये जाने की मांग उठायी है। सीओ ने स्वयं के नेतृत्व में आरोपियो की गिरफ्तारी के साथ कडी कार्रवाई का भरोसा दिलाकर वकीलों का गुस्सा शांत कराया। घंटे भर बाद किसी तरह नेशनल हाइवे पर यातायात बहाल हो सका। तब जाकर स्थानीय पुलिस ने राहत की सांस ली। इधर अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी ने दी गई तहरीर मे कहा है कि वह सत्रह नवंबर को शाम करीब साढे पांच बजे तहसील के अधिवक्ता संजय पाण्डेय के घर उनकी पत्नी के निधन पर संवेदना जताकर वापस लौट रहे थे। रास्ते मे रायगढ़ गांव के पास वह अपने एक मुवक्किल से बातचीत करने लगे। इस पर विपक्षी गांव के ही बृजलाल उर्फ पिंटू पुत्र दयाराम, राजेन्द्र पुत्र शिवलाल, जमुना पुत्र पुत्तीलाल व देशराज पुत्र सुखदेव उनकी ब्रेजा गाड़ी पर तोडफोड करने लगे। आरोपी अधिवक्ता तथा उनके साथी कुलदीप तिवारी को घसीट कर मारने लगे। जानलेवा हमले के साथ आरोपियो ने पीडित अधिवक्ता की जेब से मोबाइल तथा बीस हजार रुपए लूट लिया। हमले में अधिवक्ता शेष तिवारी बेहोश हो गये। पुलिस ने वकील की तहरीर पर आरोपी बृजलाल उर्फ पिंटू समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, मारपीट व गालीगलौज तथा तोडफोड समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। धरना प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, उपाध्यक्ष बीके तिवारी, राममोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, घनश्याम मिश्र, आशीष तिवारी, दिनेश मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, सिंटू मिश्र, विनय शुक्ल, प्रमोद सिंह, सुरेन्द्र सिंह, प्रमोद तिवारी, नामवर सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

## एसओ संग्रामगढ़ से हुई नोकझोक

**लालगंज।** तहसील के संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी तथा अधिवक्ता कुलदीप पर प्राणघातक हमले को लेकर गुरूवार को आधी रात तक घटना स्थल से लेकर कोतवाली तक हडकंप का माहौल बना रहा । साथी अधिवक्ता पर हमले की जानकारी होते ही कस्बे मे मौजूद वकीलो का जत्था घटनास्थल पर पहुंच गया। तब तक घटनास्थल पर लालगंज कोतवाल कमलेश पाल व संग्रामगढ़ एसओ सत्येन्द्र राय भी भारी फोर्स के साथ पहुंच चुके थे। वहीं वकील पर हमले को लेकर वहां बडी संख्या मे ग्रामीण भी जुट गये थे। मौके पर एसओ संग्रामगढ़ से वकीलों के बीच काफी देर तक तीखी नोंकझोक भी शुरू हो गयी। हालांकि लालगंज कोतवाल ने स्थिति को भांपकर वकीलों को कार्रवाई का भरोसा दिला थाने पहुंचने को कहा। नगर के ट्रामा सेंटर मे देर रात घायल वकीलो का इलाज व चोटो का परीक्षण हुआ। ट्रामा सेंटर मे भी भारी संख्या मे जुटे वकीलो को देख पुलिस भी अलर्ट दिखी। रात मे ही पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया। शुक्रवार को सांगीपुर क्षेत्र में लूट की एक घटना की सूचना पर सीओ वहां के लिए निकल गये थे। इस बीच वकीलों का आक्रोश बढ़ गया तो आननफानन मे सीओ वापस लालगंज पहुंचे और यहां वकीलों से वार्ता कर कार्यवाही का भरोसा दिलाकर माहौल को ठण्डा किया।

## स्वच्छ भारत अभियान के तहत एनएसएस शिविरार्थियों ने प्रस्तुतियों से मोहा मन



एनएसएस शिविरार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति

**लालगंज।** नगर के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में स्वच्छ भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर मे शिविरार्थी प्रिया मिश्रा, ज्योती, कंचन, सोनम बानो, आदर्श आदि छात्र छात्राओं ने स्वच्छता पर आधारित सामूहिक लोक नृत्य तथा नाटिका व भाषण का प्रस्तुतीकरण कर लोगों को स्वच्छ भारत के प्रति जागरूकता भी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के एनएसएस कार्यक्रम के निदेशक डा. अशोक कुमार श्रोती ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवको द्वारा स्वच्छता मिशन में दी जा रही प्रभावी भूमिका महात्मा गांधी के स्वच्छता मिशन को निरंतरता दे रही है। उन्होने शिविरार्थियो से राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण मे सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकारों के प्रति समर्पित होने का आहवान किया। विशिष्ट अतिथि डा. विजय कुमार मिश्र व प्रो. उपेन्द्र सिंह ने भी शिविरार्थियों को उच्च शिक्षा में लगन व मेहनत से अध्ययनशील होने के साथ सामाजिक निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विशेष शिविर में शिविरार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन भी हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष डा. वीरेन्द्र मिश्र व संचालन डा. वाचस्पति मिश्र ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने स्वागत भाषण में शिविर के ध्येय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रमाधिकारी डा. सीमा त्रिपाठी ने आभार जताया। इस मौके पर डा. राजेन्द्र मिश्र, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, साहित्यकार अंजनी अमोघ, राहुल मिश्र, डा. ऋचासु कुमार, डा. गंगाधर मिश्र आदि रहे।

## जनहित संकल्प सम्मेलन में किया गया जागरूक





जनहित संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य अतिथि व उपस्थित भीड़

**पट्टी।** शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के रमईपुर नेवादा में सरदार बल्लभ भाई पटेल बिरसा मुंडा तथा महाराज सिंह भारती जयंती समारोह के अंतर्गत जनहित संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आए हुए वक्ताओं ने सरदार पटेल सहित पिछड़े वर्ग के महान नेताओं के संदर्भ में अपनी बात रखी और उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पट्टी तहसील क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव में सरदार सेना द्वारा आयोजित जनहित संकल्प सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भीम सेना आर्मी के चीफ चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण ने संवैधानिक अधिकारों के प्रति मौजूद लोगों को जागरूक रहने तथा अपने हित के लिए संघर्ष करने की बात कही। उन्होंने भारत में वर्ग विभेद और उसकी राजनीति के संदर्भ में सरदार बल्लभ भाई पटेल और संविधान शिल्पी भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार सेना के अध्यक्ष आर यस पटेल ने सभी लोगों को एकजुट हो जाने का संकल्प दिलाया। नीरज पटेल अंबेडकर और सरदार पटेल की मूर्तियों के संदर्भ में तकरार होने पर नाराजगी जताई। सरदार सेना के प्रदेश अध्यक्ष छोटेलाल मौर्य ने सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत का सच्चा नायक बताया। जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने युवाओं से आवाहन किया की एकजुटता की मिसाल बनकर देश की सेवा करें। रानीगंज विधायक आरके वर्मा ने भाजपा सरकार की नीतियों को ढकोसला बताते हुए आलोचना किया। पूर्व विधायक रामेश्वर पवन ने भी अंबेडकर तथा सरदार पटेल के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छोटेलाल मौर्य तथा संचालन डॉक्टर जगदीश्वर पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश पटेल, शिवम पटेल, अंकित पटेल, राजेश पटेल, बांकेलाल पटेल, भोला नाथ वर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स


मकाओ में मोटरसाइकिल रेस में भाग लेते हुए चेक गणराज्य के केमिल होलान।

# भारत-न्यूजीलैंड मैच बारिश के कारण रद्द: दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने फुटबॉल खेलकर किया टाइमपास

## दूसरा मैच 20 नवंबर को

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी-20 मैच बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया में टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टीम पहला मुकाबला खेलने उतरी थी। दोनों टीमों के खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में फुटबॉल खेलकर टाइमपास करते नजर आए। इउउक ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। अब दूसरा टी-20 मैच 20 नवंबर को माउंट माउंगानुई में खेला जाएगा।



भारतीय समयानुसार यह मैच दोपहर 12 बजे शुरू होना था, लेकिन वेलिंगटन में लगातार बारिश हो रही थी। डेढ़-पौने दो घंटे तक बारिश रुकने का इंतजार किया गया, लेकिन वह नहीं रुकी। इसके बाद मैच को रद्द करने का फैसला लिया गया।

भारतीय सिलेक्टर्स ने इस दौरे में युवाओं पर दांव खेला है। टीम की कमान हार्दिक पंड्या के पास है। उनके सामने न्यूजीलैंड को उसके घर में हराने की चुनौती है। पिछली बार उन्हें आयरलैंड दौरे में टीम का कप्तान बनाया गया था। जहां से वे जीत कर लौटे थे। इस बार सामना केन विलियमसन की कप्तानी वाली टीम से है।

***सूर्यकुमार यादव तोड़ सकते हैं रिजवान का रिकॉर्ड***

सूर्यकुमार यादव के पास एक साल में टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने का मौका है। अभी यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान के नाम है। सूर्या को कितने रन की जरूरत है, यह आप अगली तस्वीर में देख सकते हैं।

***पंत, पंड्या, भुवी और चहल ही सीनियर***

इस सीरीज के लिए सिलेक्टर्स ने युवाओं पर भरोसा जताया है। वहीं भुवनेश्वर कुमार, युजवेंद्र चहल, ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या बतौर सीनियर भेजे गए हैं। टीम के अधिकतर खिलाड़ी नए और अनुभवहीन हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि सिलेक्टर्स भविष्य की टीम खोज रहे हैं। जो टीम इंडिया को ट्रॉफी दिला सकें। बता दें कि टीम इंडिया को अगले साल वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी भी करनी है। ऐसे में सिलेक्टर्स की नजरें उस मेगा टूनामेंट की तैयारी पर भी होगी।

***भारत और न्यूजीलैंड की पूरी टीम***

**न्यूजीलैंड टी 20 आई के लिए भारत की टीम**

न्यूजीलैंड टी 20 आई मैच में हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुभमन गिल, इशान किशन, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव , अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, मो. सिराज, भुवनेश्वर कुमार, उमरान मलिक शामिल होंगे।

न्यूजीलैंड टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम

भारत के खिलाफ केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, ब्लेयर टिकनर मैदान में उतरेंगे।

**न्यूजीलैंड वनडे में भारत की टीम**

न्यूजीलैंड वनडे में शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (वीसी और डब्ल्यूके), संजू सैमसन (डब्ल्यूके), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, शाहबाज अहमद, युजवेंद्र चहल , कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, कुलदीप सेन, उमरान मलिक मैदान में उतरेंगे।


लिस्बन में मैत्री फुटबॉल मैच में खेलते हुए नाइजीरिया और पुर्तगाल के खिलाड़ी।

# फुटबॉल विश्व कप के लिए जा रही पोलैंड की टीम को एफ16 लड़ाकू विमानों ने किया एस्कॉर्ट

## रूस-यूक्रेन के बीच तनाव के कारण कई फुटबॉल फैंस निराश

**नई दिल्ली।** कतर में 20 नवंबर से फुटबॉल का 22वां विश्व कप शुरू होने जा रहा है। इस टूनार्मेट में दुनिया भर की 32 टीमें हिस्सा लेंगी। टीमों का कतर पहुंचना जारी है। इसी बीच एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसने सबको हैरान कर दिया। पोलैंड की टीम ने जब विश्व कप के लिए कतर के लिए उड़ान भरा तो एफ16 लड़ाकू सविमानों ने उसे एस्कार्ट किया।



एक तरफ कतर में फुटबॉल का महाकुंभ लगने वाला है तो दूसरी ओर रूस-यूक्रेन के बीच तनाव के कारण कई फुटबॉल फैंस निराश हैं। यूक्रेन विश्व कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाया। वहीं, रूस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इन दोनों देशों के बीच चल रही युद्ध का असर पोलैंड पर भी पड़ता है। उसकी सीमाएं दोनों देशों से जुड़ी हैं। हाल ही में पोलैंड-यूक्रेन सीमा के पास मिसाइल गिरने के बाद स्थिति तनावपूर्ण है। इस हमले में दो लोगों की मौत हुई है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए पोलैंड ने राष्ट्रीय टीम को एफ16 लडाकू विमानों से सुरक्षा दी। पोलैंड की राष्ट्रीय टीम के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट ने इस वीडियो को साझा किया है।

पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के ट्विटर अकाउंट पर लड़ाकू विमानों की कुछ तस्वीरों के साथ पोस्ट किया गया। उसके कैप्शन में लिखा है, "हमें एफ16 विमानों द्वारा पोलैंड की दक्षिणी सीमा तक पहुँचाया गया! पायलटों को धन्यवाद और शुभकामनाएं!

जहां तक फीफा विश्व कप की बात है, पोलैंड मंगलवार को ग्रुप सी मुकाबले में अपने अभियान की शुरूआत मैक्सिको के खिलाफ करेगा। स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवानडॉस्की की कप्तानी वाली पोलैंड की टीम फीफा रैंकिंग में 26वें स्थान पर है। उसके विश्व कप जीतने की संभावना तो नहीं है, लेकिन वह कई दावदारों का खेल बिगाड़ सकती है। पोलैंड 26 नवंबर को सऊदी अरब और 30 नवंबर को लियोनेल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना की टीम से खेलेगा। पोलैंड की टीम 1986 से नॉकआउट राउंड में नहीं पहुंची है।

## टाइमिंग पर रहता है मेरा ध्यान : शुभमन

**वैलिंग्टन।** युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने हाल के दिनों में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर अपना फर्म हासिल किया है। अब शुभमन न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर सलामी बल्लेबाज के तौर पर टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे। इस युवा बल्लेबाज ने कहा कि मेरा ध्यान टाइमिंग और तकनीक पर रहता है। मेरा मानना है कि तेजी से बल्ला घुमाने से ज्यादा अहम टाइमिंग है। मैं अब टी20 के लिहाज से कुछ अलग करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं छक्के लगाने की ओर ज्यादा ध्यान नहीं देता।

शुभमन ने आईपीएल 2022 में नई टीम गुजरात टाइटंस का की ओर से 16 मैच में 35 की औसत से 483 रन बनाए थे। जिसमें 4 अर्धशतक शामिल थे। इस दौरान उनका



स्ट्राइक रेट 132 का रहा था। इस युवा बल्लेबाज ने ओवरऑल टी20 के 95 मैच में 33 की औसत से 2577 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 129 का है। शुभमन ने अब तक 11 टेस्ट में 30 की औसत से 579 रन बनाए हैं। जिसमें 4 अर्धशतक भी हैं। इस दौरान उनका सर्वाधिक स्कोर 91 रन रहा है। वहीं 12 एकदिवीय में उन्होंने 58 की औसत से 579 रन बनाए हैं। जिसमें एक शतक और 3 अर्धशतक शामिल है।

# ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही एकदिवसीय में इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

***एश्टन की फील्डिंग को देख हैरान हुए लोग***

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने यहां हुए पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। इंग्लैंड की ओर से डेविड मलान ने शानदार शतक लगाया पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। मलान ने 128 गेंदों में 134 रन बनाये जिससे इंग्लैंड ने 50 ओवरों में नौ विकेट पर 287 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 288 रनों के लक्ष्य को डेविड वॉर्नर के 86 रन), ट्रेविस हेड के 69 रन और स्टीव स्मिथ के 80 नाबाद रनों की सहायता से मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। मेजबान टीम ने यह मुकाबला 46.5 ओवर में ही छह विकेट से जीत लिया। इस मैच में मलान के शतक से ज्यादा



चर्चा एश्टन एगर की शानदार फील्डिंग की हुई। 45वें ओवर की अंतिम गेंद पर मलान ने पैट कमिंस की गेंद पर हवा में शॉट लगाया और गेंद 6 रनों के लिए निकली पर डीप मिडविकेट पर एश्टन एगर ने हवा में छलांग लगार गेंद रोककर 5 रन बचाए। एश्टन की इस फील्डिंग को देखकर लोग हैरान रह गये।

इस मैच में मेजबान टीम के वॉर्नर और हेड की नई सलामी जोड़ी ने 88 गेंदों में शतकीय साझेदारी करके 288 रनों का लक्ष्य हासिल किया। वॉर्नर ने 44 गेंदों में अर्धशतक बनाया जबकि हेड 46 गेंदों में अर्धशतक लगाया। इस साझेदारी के टूटने के बाद हेड ने जॉर्डन की गेंद पर आउट हुए और 147 रनों की शुरूआती साझेदारी समाप्त हो गई। इससे शायद ही कोई फर्क पड़ा क्योंकि स्मिथ ने तब पारी को संभाला। विली द्वारा वॉर्नर और मार्नस लाबुशेन को लगातार ओवरों में आउट करने के बाद मेहमानों ने देर से वापसी की, लेकिन स्मिथ ने जल्दी ही उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अनुभवी बल्लेबाज का अर्धशतक 47 गेंदों में पूरा हुआ, इससे पहले कि उन्होंने उन्हें एक चौका और एक छक्का लगाया और 19 गेंद शेष रहते हुए ऑस्ट्रेलिया को जिताने में मदद की।

## पराग ने विजय हजारे ट्रॉफी में शतक लगाया रॉयल्स के रिटेन करने के फैसले को सही साबित किया

**कोलकाता।** युवा खिलाड़ी रियान पराग ने विजय हजारे ट्रॉफी के एलीट ग्रुप-बी के यहां खेले गये एक मैच में असम की ओर से सिक्किम के खिलाफ शानदार शतक लगाया है। पराग को आईपीएल 2023 के लिए राजस्थान रॉयल्स ने बरकरार रखा है। रॉयल्स के इस फैसले को अब पराग ने सही साबित किया है। असम की ओर से खेल रहे रियान ने इस मैच में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 93 गेंद में 137 के स्ट्राइक रेट से 128 रन बनाये। पराग ने अपनी इस पारी में 7 छक्के और 5 चौके लगाए। वो असम की पारी के अंतिम 50वें ओवर में पेवेलियन लौट। तब तक असम के 300 रन से अधिक हो गये थे। असम ने पराग के शतक की सहायता से 8 विकेट के नुकसान पर 307 रन बनाए। उनके अलावा अमलानज्योति दास ने 62 गेंद में 47 रन बनाए। इससे पहले रियान ने इस सत्र के अपने पहले मैच में ही राजस्थान के खिलाफ 84 गेंद में 117 रन बनाये थे। अपनी इस पारी में रियान ने 10 चौके और 6 छक्के लगाये थे। रियान की इस पारी की सहायता से असम ने राजस्थान को 272 रन का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में राजस्थान की टीम 33.3 ओवर में 128 रन ही बना सकी थी और असम ने यह मैच 143 रन से जीता था। इस मैच में रियान ने 5 ओवर में 27 रन दिए थे। पराग ने अब तक विजय हजारे ट्रॉफी के 4 मैच में 72 की औसत से 291 रन बनाए हैं। इस साल सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में असम की तरफ से सबसे अधिक 253 रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

## अभी तक टी20 प्रारुप नहीं समझ पायी है भारतीय टीम : अश्विन

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि भारतीय टीम अभी तक टी20 प्रारुप को नहीं समय पायी है। साथ ही कहा कि हमें अभी इसको समझने में समय लगेगा। अश्विन ने यह बात हाल में भारतीय टीम को एशिया कप और उसके बाद टी20 विश्वकप प्रारुप में मिली असफलता को देखते हुए कही है। अश्विन ने कहा कि इस प्रारुप में महारथी बनने के लिए अभी हमें काफी कुछ सीखना और उसे अमल में लाना है। अश्विन ने कहा, हमने आईपीएल शुरू किया। हमारे पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन के लिए ऑरेंज और पर्पल कैप हैं। इसमें हम देखते हैं कि किसने कितने रन बनाए और किसने कितने विकेट लिए हालांकि अब हमें इसपर फिर से विचार की जरूरत है। यह विचार की बात है कि द्विपक्षीय सीरीज में अच्छे प्रदर्शन और पिछले एक साल में घर या बाहर कोई भी सीरीज नहीं हारने के बाद भी टीम आईसीसी मुकाबलों में विफल रही है। अश्विन आईपीएल के आने वाले सत्र में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते नजर आएंगे। आईपीएल के पिछले सत्र में उन्होंने राजस्थान के लिए 17 मैचों में 27.29 की औसत और 141.48 की स्ट्राइक रेट से 191 रन बनाए थे. इसमें एक अर्धशतक भी शामिल था। वहीं गेंदबाजी में उन्होंने 7.51 की इकॉनमी से 12 विकेट अपने नाम किए थे। वहीं टी20 विश कप में उनका प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा वह केवल जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में ही चार ओवरों में 22 रन देकर तीन विकेट ले पाए थे।




आबू धाबी में रेड बुल के सरजेई पेरेज टीम के साथ तस्वीर खिंचाते हुए।

## श्रीलंकाई क्रिकेटर धुनष्का गुनातिलका को आंखिरकार मिली जमानत

**सिडनी।** बलात्कार के आरोप में ऑस्ट्रेलियाई जेल में बंद श्रीलंकाई क्रिकेटर धुनष्का गुनातिलका को आंखिरकार जमानत मिल गयी है। गुनातिलका को कुछ शर्तों पर यह जमानत मिली है। उन्हें हर दिन पुलिस स्टेशन में हाजिर होने के साथ ही 82 लाख की रकम गारंटी के तौर पर जमा करनी होगी। इसके अलावा वह सोशल मीडिया का इस्तेमाल भी नहीं कर सकेंगे। गुनातिलका पर एक महिला ने जबरन संबंध बनाने के आरोप लगाये थे। उसके बाद इस क्रिकेटर को हयात रिजेंसी होटल से 6 नवंबर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उस उमय श्रीलंकाई टीम स्वदेश लौटने के लिए उड़ान पकड़ने के लिए तैयार थी। गिरफ्तारी के बाद से ही धुनष्का जेल में बंद थे। गुनातिलका को हय जमानत श्रीलंका सरकार और क्रिकेट बोर्ड की सहायता के बाद मिली है। गुनातिलका को जमानत अवधि के दौरान रोज पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करना होगा।


इटली में स्पेन के रफल नडाल एटीपी टेनिस फाइनल में नार्वे के केस्पर रुप पर जीत के बाद उत्साहित होते हुए।

# कट्टरपंथ फैलाने के लिए डार्कनेट का इस्तेमाल कर रहे आतंकवादी: अमित शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री तीसरे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 'नो मनी फॉर टेटर' को संबोधित किया, बोले– आतंकवाद के खतरे को किसी भी धर्म, राष्ट्रीयता या समूह से जोड़कर नहीं देखा जा सकता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कट्टरपंथी सामग्री फैलाने के लिए आतंकवादी डार्कनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे क्रिप्टोकरंसी के उपयोग में वृद्धि देखी गई है। शाह ने कहा कि डार्कटनेट पैटर्न का समाधान ढूंढने की आवश्यकता है। शाह ने आगे कहा, सुरक्षा ढांचे और वित्तीय व्यवस्था में प्रगति के बावजूद आतंकवादी युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और आर्थिक संसाधन जुटाने के नए तरीके ढूंढ रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री यहां तीसरे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 'नो मनी फॉर टेटर' को संबोधित कर रहे थे।



केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, हमारा मानना है कि आतंकवाद के खतरे को किसी भी धर्म, राष्ट्रीयता या समूह से जोड़कर नहीं देखा जा सकता है और न ही जोड़ा जाना चाहिए। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए हमने सुरक्षा ढांचे और कानूनी व वित्तीय प्रणालियों को मजबूत करने में अहम प्रगति की है। इसके बावजूद आतंकवादी, हिंसा करने व युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लगातार नए तरीके खोज रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, आतंकवादी कट्टरपंथी सामग्री को फैलाने और अपनी पहचान को छिपाने के लिए डार्कनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके अलावा क्रिप्टोकरंसी जैसी आभासी संपत्ति के इस्तेमाल में वृद्धि हुई है। जरूरी है कि इन डार्कनेट गतिविधियों के पैटर्न को समझा जाए और उसका समाधान ढूंढा जाए।

शाह ने कहा कि हमारे सामने आभासी संपत्ति एक नई चुनौती है। आतंकवादियों द्वारा वित्तीय लेनदेन के लिए के नए तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आभासी संपत्ति के चैनलों, फंडिंग के ढांचों और डार्कनेट के इस्तेमाल पर नकेल कसने के लिए हमें सुसंगत रूप से काम करने की आवश्यकता है। सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री ने उन देशों का नाम लिए बगैर निशाना साधा, जो आतंकवाद से लड़के के सामूहिक संकल्प में बाधा डालना चाहते हैं। शाह ने कहा, दुर्भाग्य से ऐसे देश हैं जो आतंकवाद से लड़ने के हमारे सामूहिक संकल्प को कमजोर करना चाहते हैं, बाधा डालना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, हमने देखा है कि कुछ देश आतंकियों की रक्षा करते हैं और उन्हें शरण देते हैं, एक आतंकवादी की रक्षा करना आतंकवाद को बढ़ावा देने के बराबर है। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी होगी कि इस तरह के तत्व कभी अपने मंसूबों में कामयाब न हों। उन्होंने आगे कहा आतंकवादी और आतंकी समूह आधुनिक हथियारों और सूचना प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) की बारीकियों और साइबर व वित्तीय क्षेत्र की गतिशीलता को बहुत अच्छी तरह समझते हैं और उनका इस्तेमाल करते हैं। *एजेंसी*

### राममंदिर का 60 फीसदी काम पूरा, दिसंबर 2023 तक गर्भगृह का काम पूरा करने का लक्ष्य

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि में राममंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है। अब तक मंदिर का 60 फीसदी और गर्भगृह का 20 फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दिसंबर 2023 तक गर्भगृह का काम पूरा करने का लक्ष्य बनाया है। जनवरी 2024 से भव्य गर्भगृह में भक्तों को रामलला का दर्शन प्राप्त होने लगेगा। जिसके चलते गर्भगृह निर्माण के काम में भी तेजी आ गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्र ने बताया कि गर्भगृह में करीब 10 हजार लाल पत्थर बिछाए जाने हैं। जिनमें से करीब पांच हजार पत्थरों की आपूर्ति हो चुकी है। गर्भगृह का काम भी सिंहद्वार, नृत्य मंडप से आगे बढ़कर गूढ़मंडप तक पहुंच गया है। बताया कि राममंदिर में परकोटे का काम भी अगले महीने शुरू हो जाएगा। मंदिर के चारों तरफ करीब आठ मीटर लंबे परकोटा का निर्माण किया जाएगा। राममंदिर की सुरक्षा के मद्देनजर परकोट 21 फीट ऊंचा बनाया जाएगा। परकोटे की दीवार से 14 फीट चौड़ा गलियारा बनाया जाएगा। *एजेंसी*

### आमिर खान की लाडली आइरा ने मुंबई में ब्वॉयफ्रेंड नुपूर शिखरे संग की सगाई



**नई दिल्ली।** आमिर खान की लाडली बेटी आइरा खान पिछले काफी समय से फिटनेस ट्रेनर नुपूर शिखरे को डेट कर रही हैं। दोनों ने साल 2021 में सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते की ऑफिशियल अनाउसमेंट की थी। आइरा नुपूर के साथ अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी रोमांटिक तस्वीरें शेयर करती हैं। पिछले महीने ही आमिर खान की बेटी आइरा ने इंस्टाग्राम पर उनके साथ फोटो शेयर करते हुए ये घोषणा की थी कि वह जल्द ही सगाई करने वाले हैं और अब हाल ही में पिता और परिवार की मौजूदगी में आइरा खान ने अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड नुपूर शिखरे संग मुंबई में सगाई की।

आइरा और नुपूर की सगाई की वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। आमिर खान और रीना दत्ता की बेटी आइरा की इंगेजमेंट वीडियो को सेलिब्रिटी फोटोग्राफर योगेन शाह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। आइरा खान की इंगेजमेंट का फंक्शन काफी पर्सनल रहा, जिसमें सिर्फ उनका परिवार और उनके करीबी लोग ही शामिल हुए। अपनी इंगेजमेंट सेरेमनी में आइरा खान ने पिंक गाउन चुना। इस वीडियो में ऑफ शोल्डर लॉन्ग गाउन के साथ सिंपल पर्ल ज्वेलरी में आइरा बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं, तो वहीं उनके मंगेतर नुपूर शिखरे भी ब्लैक एंड व्हाइट सूट में काफी जंच रहे हैं। सगाई के मौके पर दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे हुए काफी खुश नजर आए।

## खास खबर

### माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ की छह करोड़ की संपत्ति कुर्क

माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ की देवघाट झलवा में स्थित करीब छह करोड़ की प्रॉपर्टी को कुर्क कर दिया गया। मुनादी कराने के बाद पुलिस ने संपत्ति को सीज कर दिया और वहां प्रशासन का बोर्ड लगा दिया। कुछ दिन पहले ही उसकी प्रॉपर्टी को चिन्हित किया गया था। बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ पहुंची अधिकारियों की टीम ने उसकी संपत्ति को अटैच कर दिया। देवघाट झलवा में अशरफ और उसके गुर्गों ने 14 बिस्वा जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग की थी। धूमनगंज थाने की पुलिस के साथ पहुंचे अधिकारियों ने संपत्ति को कुर्क कर दिया।

### एनआईए ने कहा- नवलखा मामले में एससी को किया गया गुमराह, अदालत ने पूछे तीखे सवाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कोरेगांव–भीमा मामले के एक आरोपी कार्यकर्ता गौतम नवलखा को नजरबंद करने की अनुमति देने के मामले में कहा कि सुप्रीम कोर्ट को जानबूझकर गुमराह किया गया। तीखी प्रतिक्रिया के साथ सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश को वापस लेने से इनकार कर दिया और कहा कि नजरबंदी के दौरान कुछ सुरक्षा उपायों की आवश्यकता होती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के एक हफ्ते बाद भी 70 वर्षीय गौतम नवलखा को अब तक जेल से बाहर नहीं निकाला गया है। एनआईए का केस रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने नवलखा की टीम द्वारा चुने गए स्थान की सुरक्षा के बारे में चिंता जताई और अदालत से हाउस अरेस्ट के फैसले को रद्द करने का आग्रह किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आप नहीं रख सकते, तो हम रखेंगे निगरानी आपत्तियों पर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी प्रतिक्रिया दी। अदालत ने कहा, क्या सॉलिसिटर जनरल मेहता और एएसजी (अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू) यहां यह कहने के लिए हैं कि पुलिस 70 वर्षीय बीमार व्यक्ति पर नजर नहीं रख सकती है?

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मामले की सुनवाई टली, अब कोर्ट ने 23 नवंबर की तारीख दी

### पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर रहने के कारण फिर टली सुनवाई



**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिविजन कुमुद लता त्रिपाठी की अदालत में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की तरफ से दाखिल वाद की सुनवाई शुक्रवार को भी पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर रहने के कारण एक बार फिर टल गई। अब इस मामले में 23 नवंबर को सुनवाई होगी। वादी के अधिवक्ता रमेश उपाध्याय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश दिया है कि ज्ञानवापी से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई एक ही कोर्ट में हो। ऐसे में जिला जज की अदालत में जल्द आवेदन देकर एक साथ सुनवाई किये जाने का अनुरोध किया होगा। अविमुक्तेश्वरानंद की तरफ से दाखिल इस वाद में ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग की आकृति की पूजा पाठ रागभोग आरती करने की अनुमति मांगी गई है। बता दें की शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के शिष्य रहे और अब उनकी मृत्यु के बाद शंकराचार्य का पद संभाल रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद व रामसजीवन ने वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार त्रिपाठी,रमेश उपाध्याय चंद्रशेखर सेठ के माध्यम से अदालत में वाद दाखिल किया है जिसमे शृंगार गौरी प्रकरण में सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के आदेश पर हुए कोर्ट कमीशन की कार्यवाही में मिले शिवलिंग की आकृति का विधिवत रागभोग,पूजन व आरती जिला प्रशासन की ओर से विधिवत करना चाहिए था, लेकिन अभी तक प्रशासन ने ऐसा नहीं किया है। न किसी अन्य सनातनी धर्म से जुड़े व्यक्ति को इसके लिए नियुक्त किया। उन्होंने बताया कि कानूनन देवता की परस्थिति एक जीवित बच्चे के समान होती है। जिसे अन्न-जल आदि नहीं देना संविधान की धारा अनुच्छेद-21 के तहत दैहिक स्वतंत्रता के मूल अधिकार का उल्लंघन है।

### ईडी निदेशक का कार्यकाल बढ़ाने का मामला, जस्टिस एस के कौल ने खुद को सुनवाई से किया अलग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस के कौल ने शुक्रवार को ईडी निदेशक के लिए पांच साल तक के विस्तार की अनुमति देने वाले संशोधित कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। हालांकि न्यायाधीश ने अदालत में घोषित अपने फैसले के लिए कोई कारण नहीं बताया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल स्पष्ट कर दिया था कि मिश्रा को और विस्तार नहीं दिया जाएगा। जस्टिस कौल और ए एस ओका की पीठ प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुखों को विस्तार देने के विवादास्पद मुद्दे पर याचिकाओं के एक बैच की सुनवाई कर रही थी। जस्टिस कौल ने आदेश दिया कि मामले की उस बेंच द्वारा सुनवाई की जाए जिसमें वह शामिल न हों। याचिकाकर्ता की ओर से पेस हुए वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने बेंच को बताया कि केंद्र ने संजय कुमार मिश्रा को एक साल का कार्यकाल विस्तार दे दिया जबकि मामला अदालत में लंबित है। इस पर बेंच ने कहा कि चूंकि एक पक्षकार के वकील ने मामले पर तात्कालिकता दिखाई है, इसे सीजेआई के समक्ष रखा जाए।

## नॉर्थ कोरिया ने दागी वर तक पहुंचने वाली बैलिस्टिक मिसाइल: जापान की समुद्री सीमा में गिरी, कमला हैरिस भड़कीं

### अमेरिका पर निशाना साध सकता है नॉर्थ कोरिया, प्रतिबंध के बावजूद मिसाइल टेस्टिंग कर रहा नॉर्थ कोरिया

**लंदन।** नॉर्थ कोरिया ने शुक्रवार को इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का टेस्ट किया। ये मिसाइल जापान की समुद्री सीमा में जाकर गिरी है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिडा के मुताबिक, यह मिसाइल पश्चिमी जापान के आइलैंड ओशिमा के 210 किलो मीटर की दूरी पर गिरी है।

नॉर्थ कोरिया ने सुनान एरिया से इस मिसाइल को फायर किया। जापान के रक्षा मंत्री यासुकाजू हमादा ने कहा- इस बैलिस्टिक मिसाइल ने 6 हजार किमी से ज्यादा की ऊंचाई पर उड़ान भरी। इस मिसाइल की रेंज काफी है। ये अमेरिका तक दागी जा सकती है। ये मिसाइल 15,000 किमी तक उड़ान भरने में सक्षम है।



एक इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल हजारों किलोमीटर का सफर कर सकती है। दूसरे शब्दों में कहें तो नॉर्थ कोरिया इस तरह की मिसाइल से अमेरिका पर भी निशाना साध सकता है। 2017 में पहली बार नॉर्थ कोरिया ने कहा था कि वो जल्द ही ऐसी मिसाइल तैयार कर लेगा जो दुनिया के किसी भी हिस्से में दागी जा सकें।

***कमला हैरिस ने जताई आपत्ति***

अमेरिका की वाइस प्रेजिडेंट कमला हैरिस ने नॉर्थ कोरिया की इस हरकत पर आपत्ति जताई है। एशिया पैसिफिक इकोनॉमिक कोऑपरेशन में हिस्सा लेने थाईलैंड पहुंचीं कमला हैरिस ने कहा- मैं सभी सहोगियों से अपील करती हूं कि वो नॉर्थ कोरिया की इस हरकत की निंदा करें। यह संयुक्त राष्ट्र संघ की नियमों का उल्लंघन है। वहीं, जापान के प्रधानमंत्री ने इसे भड़काऊ हरकत बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र यानी वठ ने नॉर्थ कोरिया पर परमाणु और बैलिस्टिक हत्यारों की टेस्टिंग को लेकर प्रतिबंध लगाए हैं। आसान शब्दों में कहें तो नॉर्थ कोरिया परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण नहीं कर सकता है। इसके बावजूद लगातार मिसाइल टेस्ट किए जा रहे हैं। इससे पहले मई में भी मिसाइल टेस्ट किया गया था।

***नॉर्थ कोरिया तेजी से बढ़ा रहा मिलिट्री बिल्डअप***

नॉर्थ कोरिया अपने मिलिट्री बिल्डअप को तेजी से बढ़ा रहा है। बीते दिनों नॉर्थ कोरिया ने कई सारे मिसाइल टेस्ट किए हैं। नॉर्थ कोरिया इस साल में अब तक 34 मिसाइल दाग चुका है। शुक्रवार को दागी गई इस मिसाइल की ऊंचाई और दूरी 24 मार्च को दागी गई मिसाइल से 100 किलोमीटर कम थी। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च में दागी गई मिसाइल नॉर्थ कोरिया की अब तक की सबसे खतरनाक मिसाइल मानी गई है। इसने 6,248.5 किलोमीटर तक ऊंची उड़ान भरी थी जबकि 1090 किलोमीटर की दूरी तय की थी। *एजेंसी*

## केशव प्रसाद को धर्मेंद्र यादव ने दिया करारा जवाब

### केशव प्रसाद मौर्य ने सपा को कहा समाप्त पार्टी, धर्मेंद्र यादव ने दिया जवाब- जाएं पहले सिराथू सीट मजबूत करें

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बयान पर सपा नेता धर्मेंद यादव ने पलटवार किया है। धर्मेंद्र यादव ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य पहले अपनी सिराथू सीट को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि बड़बोले मन से कोई फायदा नहीं है, जो सच्चाई है, वो उनको देखें।



दरअसल, कुछ महीने पहले हुए यूपी विधानसभा चुनाव में केशव प्रसाद मौर्य को सिराथू में पल्लवी पटेल के हाथों करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। इन सबके बाद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य लगातार सपा पर हमलावर हैं। इसी बीच डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कौशांबी के सिराथू पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी की ओर से मैनपुरी में शिवपाल सिंह यादव को स्टार प्रचारक बनाए जाने के मीडिया के सवाल पर कहा कि इससे बीजेपी को क्या फर्क पड़ेगा? भारतीय जनता पार्टी भारी अंतर से जीत रही है। समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनने जा रही है। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में जीत का दावा करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा था कि इस बार मैनपुरी में कमल खिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैनपुरी में भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीतेंगे। मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले तीन उपचुनावों आजमगढ़, रामपुर लोकसभा और गोला विधानसभा में बीजेपी को जीत नसीब हुई है। उसी तरह मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव, रामपुर विधानसभा उपचुनाव और खतौली विधानसभा चुनाव में भाजपा की भारी मतों से जीत होगी। *एजेंसी*

## डिंपल यादव के खिलाफ नहीं मिला मैनपुरी से टिकट, अब बीजेपी स्टार प्रचारकों की लिस्ट में भी नहीं अपर्णा का नाम

### विधानसभा से ठीक पहले अपर्णा ने समाजवादी पार्टी छोड़कर थाम लिया था बीजेपी का दामन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोकसभा सीट पर उप चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश के 40 बड़े पार्टी नेताओं के नाम शामिल हैं, वहीं अपर्णा यादव का नाम इस लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है। इसके पहले इस उपचुनाव में अपर्णा यादव को बीजेपी उम्मीदवार के तौर पर उतारे जाने के कयास लगाए जा रहे थे। पहले अपर्णा का इस उपचुनाव में टिकट नहीं मिला और अब स्टार प्रचारकों की सूची से उनका नाम गायब है।

***यूपी विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुई थीं अपर्णा***

मैनपुरी की लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई सीट पर उपचुनाव में सपा की ओर से जहां डिंपल यादव खड़ी हैं वहीं उनके खिलाफ बीजेपी से एक सप्ताह पहले तक संभानाएं कुछ ऐसी दिखाई दे रहीं थीं कि डिंपल यादव के खिलाफ अपर्णा यादव को चुनाव में उतारा जाएगा अपर्णा मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू हैं।



उत्तर प्रदेश विधानसभा से ठीक पहले अपर्णा ने समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया था। फिलहाल बीजेपी ने मैनपुरी से रघुराज सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है। वहीं बीजेपी की जारी की गई स्टार प्रचारकों की सूची से भी अपर्णा का नाम गायब है। हालांकि रघुराज सिंह शाक्य भी समाजवादी पार्टी से रहे हैं। वो सपा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। शाक्य अपने आपको मुलायम सिंह यादव का शिष्य बताते हैं। शाक्य ने आगरा यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है उन्होंने छात्र संघ राजनीति के जरिए सियासत में कदम रखा है।

## आगरा में न एंबुलेंस मिली और न ही स्ट्रेचर

### गर्भवती को चारपाई पर लिटाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से अस्पताल पहुंचे परिजन



**आगरा।** आगरा के खेरागढ़ में एंबुलेंस सेवा नहीं मिलने पर परिजन गर्भवती महिला को चारपाई पर लिटाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। सीएचसी में गर्भवती को ले जाने के लिए स्ट्रेचर तक नहीं मिला। पूरे मामले के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक रसूलपुर निवासी पुष्पेंद्र की पत्नी गर्भवती सपना को गुरुवार को प्रसव पीड़ा होने लगी। इस पर परिजनों ने सरकारी एंबुलेस के लिए कॉल करने का प्रयास किया, लेकिन कॉल नहीं लगा। वहीं गर्भवती सपना की प्रसव पीड़ा बढ़ती ही जा रही थी।

***अस्पताल में स्ट्रेचर तक नहीं मिला***

जब परिजन को कुछ नहीं सूझा तो गर्भवती को चारपाई पर लिटाकर पड़ोसी के ट्रैक्टर ट्राली से ही अस्पताल लेकर पहुंच गए। परिजन उसे ट्रैक्टर ट्रॉली से उतारकर चारपाई पर लिटाकर वार्ड तक पहुंचे। उन्हें स्ट्रेचर या व्हीलचेयर तक नहीं मिली। बाद में सपना को आगरा के लिए रेफर कर दिया गया।

इस संबंध में सीएचसी के अधीक्षक मुकेश चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। एक प्रसूता ट्रैक्टर-ट्रॉली से लाई गई, यह गलत है। उन्होंने कहा कि प्रसूता को लाने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध रहती है। प्रसूता को एंबुलेंस और स्ट्रेचर क्यों नहीं मिला, यह पता करते हैं।

## काशी तमिल संगमम: वाराणसी पहुंचे तमिलनाडु के प्रमुख मंदिरों के 9 महंत, कल पीएम मोदी करेंगे सम्मानित

### काशी में दिखेगा लघु तमिलनाडु का नजारा, बाबतपुर एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया

**नई दिल्ली।** धर्म नगरी वाराणसी में आज यानि शनिवार को काशी-तमिल संगमम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। भारतीय सनातन संस्कृति के दो अहम प्राचीन पौराणिक केंद्रों के मिलन के दौरान पीएम मोदी की उपस्थिति में अनूठा आयोजन किया जाएगा। काशी तमिल संगमम के उद्घाटन समारोह में तमिलनाडु के प्रमुख मठ-मंदिरों के आदिनम (महंत) को काशी की धरा पर पहली बार सम्मानित किया जाएगा। शुक्रवार को 12 में से नौ आदिनम वाराणसी पहुंच चुके हैं। बाबतपुर एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से सभी आदिनम काशी विश्वनाथ धाम परिसर पहुंचे। यहां दर्शन-पूजन के बाद काशी विद्वत परिषद, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास तथा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद आदिनम गंगा आरती देखेंगे। काशी तमिल समागमम में आने वाले आदिनाम को काशी में बसे लघु तमिलनाडु का भ्रमण भी कराया जाएगा। हनुमान घाट और उसके आसपास स्थित शंकर मठ सहित अन्य मंदिरों को भी दिखाया जाएगा। इसके अलावा तमिलनाडु के परिवारों के बीच भी वहां से आने वाले लोगों को ले जाया जाएगा। इसके जरिए काशी में तमिल परंपरा के जीवंत उदाहरण को भी प्रस्तुत किया जाएगा।



***पीएम मोदी करेंगे संवाद***

महामना की बगिया में आयोजित भव्य समारोह में सम्मान समारोह के बाद पीएम मोदी भगवान शिव के ज्योर्तिलिंग काशी विश्वनाथ और रामेश्वरम के एकाकार पर आदिनम से संवाद भी करेंगे। काशी और तमिलनाडु के बीच आध्यात्मिक संबंधों पर संवाद के साथ ही काशी व काशी विश्वनाथ से वहां के जुड़ाव पर परिचर्चा करेंगे। इसके जरिए दक्षिण और उत्तर के उत्तरेत्तर संबंधों के साथ ही दोनों स्थानों की समानता को भी दशार्या जाएगा। भगवान राम के हाथों स्थापित रामेश्वरम ज्योर्तिलिंग के साथ ही स्वयंभू काशी विश्वनाथ की महिमा भी बखान किया जाएगा।

दरअसल, तमिलनाडु के तेनकासी शहर में स्थित काशी विश्वनाथर मंदिर है। तमिलनाडु के जानकारों के अनुसार भगवान शिव को समर्पित काशी विश्वनाथर मंदिर को उल्गाम्मन मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इसे पांड्यन शासन ने बनवाया था और तमिलनाडु का दूसरा सबसे बड़ा गोपुरा भी है। द्रविड शैली में बने इस मंदिर का गोपुरा 150 फीट का है। ऐसे ही काशी और तमिलनाडु के मठ मंदिरों की पंरपराओं पर भी चर्चा होगी। *एजेंसी*

### नेपाल में चुनाव के मद्देनजर तीन दिन बंद रहेगी भारत-नेपाल सीमा

**काठमांडू।** नेपाल में 20 नवंबर को प्रतिनिधि तथा प्रदेश सभा सदस्य के लिए होने वाले चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा तीन दिनों के लिए बंद रहेगी। नेपाल में आयोजित चुनाव को सकुशल निपटाने के लिए यह फैसला लिया गया है। सीमा से जुड़े थाना क्षेत्रों में गश्त तेज कर दी गई है। भारत- नेपाल की खुली सीमा है। नेपाल में 20 नवंबर को प्रतिनिधि व प्रदेश सभा सदस्य के लिए चुनाव होगा। खुली सीमा होने के कारण दोनों देशों में होने वाले चुनाव को अराजक तत्वों द्वारा प्रभावित करने की आशंका बनी रहती है। चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या न उत्पन्न हो, इसके लिए बीते दिनों नेपाल में भारतीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर तीन दिन सीमा बंद करने का निर्णय लिया गया है। नेपाल में चुनाव को लेकर 18, 19 व 20 नवंबर को सीमा बंद रहेगी।



दिल्ली समेत देशभर के कई राज्यों में मौसम बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। राजधानी दिल्ली में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है और सर्दी का एहसास बढ़ने लगा है। राजस्थान सहित कई अन्य राज्यों में कड़ाके की ठंड बढ़ने लगी है। दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश का सिलसिला जारी है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार कई राज्यों में हल्की बारिश की भी संभावना है।

# पीयू के दो विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की सीएसआईआर नेट परीक्षा पास की

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) भौतिकीय अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग के दो विद्यार्थी आलोक

**उपलब्धि**

**कुलपति समेत शिक्षकों ने दी बधाई**

सिंह तथा प्रियंका मौर्या ने रसायन विज्ञान विषय में की सीएसआईआर यूजीसी नेट की परीक्षा पास कर ली है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा का परिणाम गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित किया गया। इस प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण करने के पश्चात अभ्यर्थी देश के किसी भी संस्थान से पीएचडी करने साथ ही साथ असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए पात्र हो जाता है।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने दोनो विद्यार्थियों को बधाई दी तथा यह उम्मीद जताई की इसी तरह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विश्वविद्यालय तथा अपने संस्थान व शिक्षकों का नाम रोशन करते रहेंगे। इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह तथा रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद कुमार ने नेट पास करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ. अजीत सिंह, डा. मिथिलेश यादव, डॉ. नितेश जायसवाल, डा. दिनेश कुमार वर्मा, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. आशीष वर्मा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. काजल कुमार डे, डॉ. अलोक वर्मा, सौरभ कुमार सिंह, शशिकांत यादव, रामांशु, सुजीत चौरसिया, संदीप वर्मा समेत विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने बधाई दी।


प्रियंका मौर्या


आलोक सिंह

## इग्नू अध्ययन केंद्र पर परिचय समारोह का आयोजन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का परिचय एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इग्नू के समन्वयक एवं व्यवसायिक अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने किया।

उन्होंने अध्ययन केंद्र पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इग्नू के विभिन्न रोजगार पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सत्रीय कार्य, परामर्श कक्षाएं पठन सामग्री एवं सत्रांत परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित करते हुए इग्नू की शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं में डॉ. इंद्रेश ने दूरस्थ शिक्षा आपके द्वार इस विषय पर अपने अनुभवों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। चंद्र प्रकाश अग्रवाल ने इग्नू में संचालित तमाम रोजगार परक पाठ्यक्रमों की उपयोगिता पर अपना विचार वक्त किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दूरस्थ शिक्षा किस प्रकार समाज की मदद कर सकता है पर भी प्रकाश डाला। राकेश उपाध्याय ने इग्नू के ज्ञान एवं पाठ्यक्रम को उत्कृष्ट बताते हुए आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके साथ ही इग्नू द्वारा प्रदान की जाने वाली तमाम ऑनलाइन सेवाओं एवं उनकी उपयोगिता का उल्लेख भी किया। इस कार्यक्रम में नेहा विश्वकर्मा, नितिन कुमार चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता

## संक्षेप

### कृष्ण का स्वरूप ही भागवत है : डॉ. सलिल



जौनपुर। नगर के सदभावना पुल के पास कीर्ति कुंज ज्वेलर्स गोल्ड पैलेस के बगल में चल रही कथा के पहले दिन में कथा व्यास डा. सलिल वृन्दावन ने बताया कि श्री भागवत जी कोई गंथ नहीं साक्षात कृष्ण है। अगर कृष्ण के दर्शन करने है तो भागवत का श्रवण करना ही चाहिए। बता दे कि पंडाल में सुनने वाले भक्तों में महिलाओं की भारी संख्या रही। कथा व्यास ने बताया कि संसार में अनेकों शास्त्र, पुराण, उपनिषद वेद है परंतु भागवत सभी पुराण का सार है। कृष्ण की कथा ही कथा है अन्य बातें वृथा है जहां पर भगवान की कथा होती है वहां पर सारे तीर्थ चले आते है। वह स्थान तीर्थ स्वयं बन जाता है। उन्होंने बताया कि जीव पर प्रभु की कृपा तीन प्रकार से होती है। मूर्ति के रूप में कथा के रूप में एवं संत के रूप में भागवत का उद्गम होता है। व्यास को शान्ति प्राप्त होती है। भागवत की रचना व्यास करते है जिसका श्रवण किसी नदी के तट पर करना चाहिए।

### सड़क हादसे में दारोगा घायल

चंदवक। क्षेत्र के खुज्झी हिसामपुर मार्ग पर मढ़ी मोड़ के पास थाने पर तैनात दारोगा बाइक के जोरदार टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी डोभी लाया गया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। थाने पर तैनात दारोगा राम विचार प्रजापति हल्का नंबर दो में ड्यूटी के दौरान मढ़ी गांव में साधन सहकारी समिति पर खाद लेने की ज्यादा भीड़ होने की सूचना पर शांतिपूर्ण तरीके से वितरण कराने के लिए जा रहे थे। खुज्झी हिसामपुर मार्ग पर मढ़ी मोड़ के पास अज्ञात बाइक सवार जोरदार टक्कर मारते हुए भाग निकला। ग्रामीण थाने पर सूचना देने के साथ सीएचसी डोभी ले गए जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

### धान क्रय केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण



जौनपुर। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा साधन सहकारी समिति अर्धपुर, विकासखंड बक्शा में बने धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि आज किसी भी किसान के द्वारा धान विक्रय नहीं किया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि लेखपाल धान विक्रय के लिए किसानों को प्रेरित करें। धान क्रय केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में बोरा, कांटा उपलब्ध मिला। उन्होंने केंद्र प्रभारी बसंत निगम को निर्देशित किया कि क्रय केंद्र पर किसानों को बैठने के लिए एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था रहे। ग्राम सभा सुजिया मऊ का नाम पोर्टल पर नहीं होने की वजह से पंजीकरण में समस्या आ रही थी जिस पर डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया कि तत्काल समस्या का निस्तारण करा कर सूचित करें। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था सुदृढ़ करें जिससे किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

### जिलाधिकारी ने प्राइमरी स्कूल का निरीक्षण कर जाना हाल


स्कूल के बच्चों से शिक्षा स्तर की जानकारी लेते डीएम

**मिड-डे-मील चखकर देखी गुणवत्ता, छत ठीक करवाने का निर्देश**

जौनपुर। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल परशुरामपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी अध्यापक/अध्यापिका उपस्थित मिलीं। निरीक्षण के दौरान कुल 47 बच्चे उपस्थित मिले। जिलाधिकारी के द्वारा बच्चों को दिए जाने वाला मिड-डे-मील चखकर गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा कक्षा 5 के शाश्वत, श्रेजल अग्रहरी से हिंदी की किताब पढ़वाई। कक्षा एक की श्वेता व हिमांशु ने जिलाधिकारी को ए से जेड तक अंग्रेजी वर्णमाला पढ़कर सुनाया। जिलाधिकारी ने विद्यालय की छत को ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चों को मिड-डे-मील खाने के लिए एक टीन शेड का निर्माण कराया जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में पाया कि कुछ बच्चों के द्वारा अभी ड्रेस नहीं खरीदा गया है जिस पर अध्यापकों को निर्देशित किया कि उनके अभिभावकों को प्रेरित करते हुए ड्रेस खरीदवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सहायक अध्यापक साहबलाल, अनिल सरोज शिक्षामित्र, अजय कुमार, विभा देवी उपस्थित रहे।

### नहीं बंट पाई डीएपी खाद, मचा हड़कंप

**पुलिस और कर्मचारी दोनों हुए बेबस**

केराकत। नरहन स्थित साधन सहकारी समिति पर शुक्रवार को किसानों की भारी संख्या देखते हुए डीएपी खाद लेने की होड़ मच गयी जिससे वहां पर बवाल मच गया और मौके पर तैनात पुलिसकर्मी भाग लिए जिससे किसानों को खाद नहीं बट पाई। किसान बैरंग ही वापस लौट गये। खाद मिलने की सूचना पर साधन सहकारी समिति पत किसानों की भीड़ एकत्रित होना शुरू हो गयी। समिति की सचिव सोनल? सिंह भी अपने सहयोगियों के साथ समय से पंहुच गयी और भीड़ देखते हुए पुलिस का इंतजार करने लगी। पुलिस के आने में देरी से किसान उद्वेलित होने लगे। जब पुलिस मौके पर पंहुची तो किसानों की भीड़ में शामिल कुछ उपद्रवी तत्व गाली गलौज और पत्थरबाजी करने लगा। डीएपी देने के लिए एक बार चैनल खुला तो पचासों की संख्या में लोग अन्दर घुस गये और खाद लेने के लिए बवाल करने लगे। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया तो किसान नहीं माने और उसी तरह खाद लेने की जिद करने लगे। बवाल देख पुलिस कर्मी खिसक लिए और सचिव सोनल सिंह और कर्मचारी बेबस नजर आने लगे। किसी तरह किसानों? को बाहर निकाल खाद वितरण बन्द कर दिया। जिसके बाद किसान बैरंग वापस लौट गये।

## डेंगू का कहर, एक की मौत

जनसंदेश न्यूज

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय नगर क्षेत्र मे फैले डेंगू के डंक ने एक युवक की जान ले ली। युवक बुखार से पीड़ित चल रहा था।

नगर क्षेत्र के प्रतापगढ़ रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड के करीब के निवासी मोहम्मद इमरान (32) पुत्र आरिफ को पिछले कुछ दिनों से हल्का बुखार आ रहा था। गुरुवार की सुबह अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्हे स्थानीय एक प्राइवेट हास्पिटल मे ले जाया गया। चेकअप के बाद डेंगू की पुष्टि डाक्टरों ने की। उनका प्लेटलेट भी लगातार गिरने लगा। परिजनों द्वारा फौरन प्रयागराज के एक नर्सिंग होम में उन्हे भर्ती कराया गया लेकिन कोई सुधार नही हुआ। इमरान को प्राईवेट विमान से दिल्ली ले जाने की तैयारी चल रही थी कि शुक्रवार की भोर 4 बजे उनकी मौत हो गई। गौरतलब है कि नगर क्षेत्र मे पिछले एक पखवारे से डेंगू के डंक ने अपना पांव पसारना शुरू कर दिया है। साहबगंज मुहल्ले मे एक दर्जन से अधिक लोग डेंगू से पीड़ित चल रहे है। इसके अलावा नगर के अनेक मुहल्ले मे डेंगू का कहर जारी है।

## गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार



जफराबाद। क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी मारपीट तथा गैर इरादतन हत्या का आरोपी सुनील कुमार यादव पुत्र लालपत यादव को घर से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपी को घर से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। सुनील के ऊपर धारा 323, 504, 308 तथा 325 का मुकदमा दर्ज है।

## दुर्घटना नहीं, मेरे पिता की हुई हत्या

जलालपुर। थाना क्षेत्र के लहंगेपुर गांव में प्लाई फैक्ट्री मैनेजर की हुई मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। शुक्रवार को मृतक के बेटे ने मीडिया से हुई बातचीत में बताया कि मेरे पिता की दुर्घटना में मौत नहीं हुई है उनकी हत्या की गयी है। उस रात को भी मैंने पुलिस से हत्या की आशंका जताई थी परंतु पुलिस ने मेरे तहरीर को पोस्टमार्टम

**नया मोड़**

**पुलिस से नहीं मिला न्याय तो पूरा परिवार जाएगा मुख्यमंत्री दरबार**

**बेटे का आरोप, पोस्टमार्टम के नाम पर पुलिस ने बदलवाई थी तहरीर**

कराने के नाम पर बदलवा दिया था। पुलिस दुर्घटना का रूप देकर अपराधियों को बचाने का प्रयास कर रही है। यदि पुलिस अपना दायित्व सही से निभाती तो अब तक मेरे पिता के हत्यारे पुलिस की गिरफ्त में होते हैं।

बता दें कि बीते सोमवार की रात्रि में प्लाई फैक्ट्री के मैनेजर लाल मोहन की उस वक्त मौत हो गयी जब वह बाइक से त्रिलोचन (मकरा) स्थित फैक्ट्री से घर के लिए निकले थे। घर से कुछ दूर लहंगपुर गौशाला के पास वह खून से लथपथ मिले थे। वाराणसी के ट्रामा सेंटर ले जाने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। आरोप लगाते हुए मृतक के बेटे संदीप ने बताया कि मेरे पिता को लाठी-डंडे एवं टोटी लगी लोहे की पाइप से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा गया है। पिता के शरीर पर लगे चोटों के निशान चीख-चीख कर गवाही दे रहे थे कि मेरे पिता की हत्या हुई है। यदि पुलिस से न्याय नहीं मिला तो हम परिवार सहित मुख्यमंत्री के दरबार में जाएंगे। वहीं अभी भी पुलिस लाल मोहन की मौत का कारण दुर्घटना मान रही है।



### पत्नी ने बताया, पति के सिर में पाइप घुसने का था निशान

जलालपुर। लहंगपुर गौशाला के पास हुई लाल मोहन की मौत के बाद सदमे में डूबी पत्नी सावित्री की हालत में अब धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। सावित्री ने बताया कि जिस रात मेरे पति की मौत हुई थी दोपहर में फोन पर मुझसे बात हुई तो सब कुछ ठीक-ठाक था। वह फैक्ट्री से रोज रात्रि करीब 8 बजे तक घर वापस आ जाते थे। उस दिन जब देर होने लगी तो मैंने अपने बेटे से फोन करवाया तो उनके मोबाइल के दो नंबर बंद बता रहे थे। एक नंबर पर फोन लग रहा था परंतु कोई फोन उठा नहीं रहा था। कई बार फोन करने के बाद एक व्यक्ति ने फोन उठाया और उसने बताया कि लहंगपुर गौशाला के पास उनका एक्सीडेंट हो गया है। मैं अपने बेटे के साथ दौड़ती हुई घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि वह सड़क से कुछ दूर खेत में खून से लहूलुहान पड़े हुए थे और उनके दोनों पैर टूट चुके थे। उनके सर में लोहे की रॉड जैसी कुछ घुसने का निशान था और उनकी बाइक पर कोई खरोच का निशान नहीं था। आनन-फानन में हम लोग ने उन्हें गाड़ी बुलाकर वाराणसी जिले के फूलपुर में स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल पर ले गए जहां पर डाक्टरों उन्हें ट्रामा सेंटर वाराणसी ले जाने की सलाह दी। हम लोग ट्रामा सेंटर पहुंचे तो डॉक्टरों की टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सावित्री ने यह भी बताया कि उनके गले की सोने कि चेन, पर्स व एंड्रॉयड मोबाइल गायब था। हो सकता है कि हत्यारों ने मेरे पति की हत्या करने बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए लूटपाट किया होगा।

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के नाम पर बदलवाई थी तहरीर

जलालपुर। प्लाई फैक्ट्री के मैनेजर लाल मोहन के मामले में पुलिस ने जिस तहरीर के आधार पर दुर्घटना का मामला दर्ज किया है दरअसल उस तहरीर को पुलिस ने पोस्टमार्टम के नाम पर बदलवा दिया था। बेटे संदीप का आरोप है कि पिता की मौत के बाद मैं थाने पर पहुंचा और लिखित रूप से तहरीर दिया। तहरीर में अस्पष्ट लिखा था कि घटनास्थल से खून से लथपथ दो डंडा तथा टोटी लगी लोहे की पाइप मिली है परंतु पुलिस ने यह कहकर तहरीर बदलवा दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अन्य कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यदि उसी दिन सक्रिय हो जाती तो हत्यारे अब तक पकड़े जा चुके होते।

## प्रसव के दौरान स्वास्थ्य कर्मी पर धन उगाही का आरोप


प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर धन उगाही का आरोप लगाते परिजन

**आरोप**

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर परिजनों ने किया हंगामा**

करंजाकला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव के दौरान स्वास्थ्य कर्मी द्वारा धनउगाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि सुविधा शुल्क न देने पर मरीज के साथ लापरवाही बरती जाती है।

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मोकलपुर गांव निवासी मालती यादव पत्नी संदीप कुमार यादव को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने शुक्रवार की सुबह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के जननी सुरक्षा केंद्र पर भर्ती कराया। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के पूर्व स्वास्थ्य कर्मियों ने परिजनों से एक हजार रुपये की मांग की। प्रसूता ने बच्ची को जन्म दिया। परिवार के लोग मिठाई लेकर महिला स्वास्थ्य कर्मी के पास पहुंचे तो उन्होंने एक हजार रुपये की मांग करते हुए मिठाई लेने से इनकार कर दिया और कहा कि रुपया मिलने के बाद ही प्रसूता को मिलने वाली जननी सुरक्षा का लाभ दिया जाएगा। परिजन 500 रुपया दे रहे थे इसके बाद भी बात नहीं बनी। महिला के परिवार के लोग अक्रोशित हो उठे और अस्पताल पर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद मामला प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के पास पहुंचा जिन्होंने डांट फटकार लगा कर मामले को शांत कराया।

## ब्लॉक प्रमुख, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष व जिपं सदस्य पर केस दर्ज

गभिरन। खुटहन ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय और जिला पंचायत सदस्य सूबेदार सिंह पर ब्लाक मुख्यालय पर तैनात मनरेगा अकाउंटेंट ने मारपीट, जान से मारने की धमकी और सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए थाने में मंगलवार को तहरीर दिया था। आरोप के आधार पर गुरुवार की देर शाम पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

क्षेत्र में इस मामले की खूब चर्चा हो रही है। मनरेगा अकाउंटेंट ने थाने में नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मंगलवार को खंड विकास अधिकारी की मौजूदगी में ब्लाक प्रमुख उन्हें अपने कक्ष में बुलवाकर हाथापाई पर उतरकर अपशब्दों का प्रयोग किया। वहां पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य ने भी उन्हें अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी।

उधर तीनों आरोपितों का कहना था कि कई प्रधानों ने मनरेगा में अवैध धन उगाही की शिकायत किया था जिसको लेकर उन्हें पूछताछ को बुलाया गया था। सभी आरोप बेबुनियाद और गलत है।

## पत्रकार उत्पीड़न में दारोगा के खिलाफ गैर जमानती वारंट

जौनपुर। विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) की अदालत ने दलित पत्रकार को मारने की धमकी देने व गाली-गलौज के आरोप में पवांरा थाने पर तैनात दरोगा नागेश्वर शुक्ला को गैर जमानती वारंट जारी किया है।

जानकारी के अनुसार एक राष्ट्रीय अखबार के पत्रकार अर्जुन ने न्यायालय में परिवाद दाखिल किया था कि पवांरा थाना क्षेत्र में जुआ खेलने, बोलेरो चोरी का खुलासा न होने तथा कोरोना काल में प्रतिबंध के बावजूद दुकान खुली रहने के समाचार को प्रकाशित करने से थाने पर तैनात दरोगा नागेश्वर शुक्ला नाराज हो गये थे। 23 मई 2021 को करीब दस बजे उपरोक्त घटनाओं के बारे में परिवादी दरोगा नागेश्वर शुक्ला से जानकारी लेने गया तो उन्होंने उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली देते हुए हाथ-पैर तोड़ने व फर्जी केस में फंसाने की धमकी दिया और पुनः उसी दिन करीब एक बजे दरोगा नागेश्वर शुक्ला परिवादी के घर गये और पुनः भद्दी-भद्दी गालियां दीं तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया जिस पर न्यायालय ने परिवाद दर्ज कर लिया था और तलब भी किया था। जमानती वारंट जारी होने के बावजूद दारोगा न्यायालय में हाजिर नहीं हुए। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) की अदालत ने दारोगा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए 14 जनवरी को न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया है।

### व्यापार मंडल ने सामूहिक विवाह पर किया विचार-विमर्श

महराजगंज। जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा 18 दिसंबर को होने वाले सर्व धर्म सामूहिक विवाह के लिए महराजगंज उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष अरविंद सोनी उर्फ बबलू के नेतृत्व में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विचार विर्मश किया गया जिसमें सभी पदाधिकारियों से अपील किया गया कि विवाह योग्य क्षेत्र के जितने युवक-युवतियों के माता-पिता हैं उनसे संपर्क कर सर्व धर्म सामूहिक विवाह में शादी करवाएं। सामूहिक विवाह शर्म नहीं स्वाभिमान है। मौके पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार निगम, संजय यादव, वसीम, सचिन यादव, शोभनाथ जायसवाल, विनोद निगम, जवाहरलाल, पवन सोनी, अखिलेश यादव सहित पदाधिकारी व दर्जनों बाजार वासी मौजूद रहे।

## त्रिशूल घाटी के बलिदानियों को किया गया याद

जनसंदेश न्यूज

गौराबादशाहपुर। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा इकाई जौनपुर के तत्वाधान में गौरव शिक्षा संस्थान धमार्पुर में जिलाध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर राम अवध यादव पूर्व

**आयोजन**

**त्रिशूल घाटी के बलिदानियों को किया गया याद**

सीएमओ ने अपने उद्बोधन ने बताया कि 18 नवंबर 1962 में भारत और चीन के युद्ध में लद्दाख के त्रिशूल घाटी में जहां हड्डी कंपाने वाली ठंड बर्फ ही बर्फ थी कुमाऊ रेजीमेंट में 124 अहिर जवानों ने त्रिशूल घाटी पोस्ट पर चीन के 1400 सैनिकों का सीमित हथियारों के बावजूद टीम के कमांडेंट मेजर शैतान सिंह की अगुवाई में जिस तरह से चाइना के अधिकतर सैनिकों को मार डाला और मेजर शैतान सिंह को गोली लगने के बावजूद भी अपने सैनिकों का हौसला बुलंद करते रहे वह हमेशा से इतिहास के स्वर्णाक्षरों मे लिखा जायेगा। हमारे देश के 124 सैनिकों में जो वहां तैनात थे सब अहिर जाति के थे। 114 सैनिक शहीद हुए कुछ सैनिक हिरासत में लिए गए। हिरासत के दौरान कुछ सैनिकों की मृत्यु हुई। यह अहिर की वीर जवानों ने 1400 सैनिकों को मार गिराते हुए उनको भागने को मजबूर किया।

चाइना के खेमे में इतनी दहशत हुई कि युद्ध बंद करने के लिए मजबूर हो गए। आज ऐसे वीर अहिर जवानों की शहादत पर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की तरफ से 2 मिनट का मौन रहकर उनको याद किया गया और देश के प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति से मांग की गयी कि सेना में अहिर रेजिमेंट बनाया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष लालजी यादव, जिला महामंत्री डॉ. राजपति यादव,संरक्षक राम अवध यादव,संरक्षक राजदेव यादव, जिया राम यादव, जिला कोषाध्यक्ष शिव सहाय यादव, सरिता यादव, आशा यादव आदि लोग मौजूद रहे।



धमार्पुर त्रिशूल घाटी के बलिदानियों को याद करते स्कूल के छात्र-छात्राएं व अतिथिगण

## दुष्कर्म का आरोपी व एक वारंटी गिरफ्तार

गभिरन। खुटहन थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों से पुलिस ने सटीक मुखबिरी के बल पर दुष्कर्म के आरोपित तथा दूसरा हाजिर न्यायालय न हो रहे वारंटी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद चलान न्यायालय भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर किशोर कुमार चौबे ने बताया कि तिघरा गांव निवासी अबुजर उर्फ अबूसहमा पर आरोप था कि उसने घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देकर एक गांव निवासी महिला के साथ दुष्कर्म किया था। घटना लगभग छह माह पूर्व की है। पीड़िता के आरोपों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। घटना के बाद से ही आरोपित फरार चल रहा था जिसकी सुरागशी को लेकर मुखबिर लगाया गया था। गुरुवार को उसकी सूचना पर दबिश देकर आरोपित को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया गया। इसी तरह मुबारकपुर गांव निवासी मुन्ना पुत्र सोमारू मारपीट के मामले में हाजिर न्यायालय न होने पर उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल आफिसर्स एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। जिले के यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल आफिसर्स एसोसिएशन जौनपुर कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में सुनील यादव अध्यक्ष व शुभम सिंह सचिव निर्वाचित घोषित किए गए। कुल 57 कर्मचारियों ने मतदान किया।

**चुनाव**

**सुनील यादव अध्यक्ष, शुभम सिंह बने सचिव**

यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जौनपुर कार्यकारिणी का चुनाव जिला प्रशिक्षण संस्थान परिसर के सभागार में कराया गया जिसमें चुनाव अधिकारी डॉ. रविंद्र नाथ और चुनाव पर्यवेक्षक मंडलीय सचिव सुभाष सिंह की देखरेख में चुनाव संपन्न किया गया। जिसमें विभिन्न पदों के लिए आठ लोगों ने नामांकन किया। मतदान में कुल 57 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और मतदान संपन्न होने के बाद वोटों की गिनती कराई गई। जिसमें अध्यक्ष पद पर सुनील यादव ने 37 मत पाकर विजेता घोषित हुए। निकटतम प्रतिद्वन्द्वी रूद्र प्रताप पाल को 20 मत मिले। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 37 मत पाकर रणजीत चौधरी जीते। मंगलेश शर्मा को 20 वोट से संतोष करना पड़ा। वही सचिव पद पर कांटेदार टक्कर रही जिसमें शुभम सिंह 31 मत पाकर विजेता घोषित हुए। विकास दीक्षित को 26 मत मिले।

कोषाध्यक्ष पद पर अखिलेश यादव और ऑडिटर पद पर अनित कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। विजेता पदाधिकारियों को लोगों ने बधाई दी। चुनाव अधिकारी डॉ. रवींद्रनाथ ने निर्वाचित पदाधिकारियो को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। डायट प्राचार्य सच्चिदानंद ने सभी विजेता उपविजेता को एक परिवार की कड़ी बताया और मिलकर आगे चलने की नसीहत दी। इस मौके पर रविंद्र कुमार मौर्य, दुर्गा शंकर राय, संजीव सिंह, अखिलेश यादव, अनिल उपाध्याय, शैलेन्द्र यादव, संतोष सिंह, धीरेन्द्र यादव गुड्डू, धर्मेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।


एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण

# आयोजित होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 पर आयोजित की गयी कार्यशाला

**कार्यशाला**

**निवेश करने वाली इकाइयों के लिए लागू की गई है नई नीति संयुक्त निदेशक**

**विदेश व्यापार विभाग वाराणसी के संयुक्त निदेशक ने वहां मौजूद निर्यातकों को दी सरकार की औद्योगिक नीति की जानकारी**



कार्यशाला में शामिल कालीन निर्यातक



जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते संयुक्त निदेशक

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के तत्वावधान में शुक्रवार को नगर के मर्यादपट्टी में स्थित कालीन भवन के एकमा सभागार में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां पर इसके संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा निर्यातकों संग चर्चा की गई।

इस दौरान संयुक्त निदेशक विदेश व्यापार वाराणसी राजीव कुमार सोनी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आगामी फरवरी माह में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें प्रदेश में नए निवेश करने वाली इकाइयों को सुविधा प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नई औद्योगिक नीति-2022 लागू की गई है। वहीं एकमा के मानद सचिव असलम महबूब ने रोड टैप एक साल से रुका नहीं पर सवाल किया। जिस पर संयुक्त निदेशक डीजीएफटी ने समाधान का आश्वासन दिया। वहीं संयुक्त निदेशक एमएसएमई वैभव खरे व सिडबी प्रयागराज के शाखा प्रबंधक शशांक कुमार ने भी योजनाओं के संबंध में बताया।

उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र भदोही उमेश चंद वर्मा ने ओडीओपी सहित प्रदेश, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले मेला, प्रदर्शनी में विभाग द्वारा दिए जाने वाले अनुमन्य आर्थिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर एकमाध्यक्ष मो.रजा खां, असलम महबूब, राजेश कुमार, हाजी गुलाम सरफुद्दीन अंसारी, हाजी रियाजुल हसनैन अंसारी, जयप्रकाश गुप्ता, इश्तियाक खां अच्छू, आलोक बरनवाल, अरशद वजीरी, वेद प्रकाश गुप्ता, आरके बोधरा, सुजीत जायसवाल आदि कालीन निर्यातक प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## 90 लाभार्थियों से होगी रिकवरी

**ज्ञानपुर।** गरीबों को आशियाना उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने करीब छह साल पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू किया था। वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर अब तक करीब 40 हजार से अधिक लाभार्थियों को आवासों का आवंटन किया जा चुका है। इसके लिए धन लेने के बाद भी तमाम आवासों का निर्माण पूर्ण नहीं हो सका है। तमाम अपात्र लोगों को भी आवास आवंटित कर दिया गया।बेसहारा गरीब परिवारों को सुसज्जित आशियाना मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत धन लेने के बाद भी आवास निर्माण न कराने एवं अधूरा छोड़े लाभार्थियों पर सख्ती कर दी गई है। उनसे आहरित किए गए धनराशि की वसूली की जाएगी। 90 लाभार्थियों को रिकवरी के लिए आरसी जारी कर दी गई है। करीब एक करोड़ रुपये की वसूली की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी भानुप्रताप सिंह ने बताया कि जांच में पैसा लेने के बाद भी आवास निर्माण पूरा न कराने वाले 90 लाभार्थियों से वसूली के लिए आरसी जारी की गई है। तहसीलों की ओर से अमीनों के जरिए वसूली सुनिश्चित कराई जाएगी।

# पूर्व विधायक के बेटे, बहू व समधी की करोड़ों की संपत्ति होगी कुर्क

**जनसंदेश न्यूज**

**कार्रवाई**

**मीरजापुर के लालगंज तहसील के भूसी पथरहा में आपराधिक कृत्यों से की अर्जित सम्पत्ति**

**कुर्क की गई जमीन की कीमत 10 करोड़ 92 लाख 71 हजार**

**ज्ञानपुर।** विधानसभा ज्ञानपुर के पूर्व विधायक विजय मिश्रा और उनके करीबियों पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। जनपद की पुलिस ने अवैध तरीके से अर्जित किए गए धन से अर्जित संपति को कुर्क करने का कार्य कर रही है। शुक्रवार को डीएम गौरांग राठी ने पूर्व विधायक के बेटे, बहू व समधी के नाम से क्रय की गयी जमीन को क्रय करने का निर्देश दिया।

पूर्व विधायक विजय मिश्र के खिलाफ हत्या, लूट, अपरहण, बलात्कार, मारपीट, संपति हड़पने और जालसाजी सहित अन्य मामलों में कुल 83 मुकदमें दर्ज हैं, इस समय पूर्व विधायक केंद्रीय कारागार आगरा में निरुद्ध हैं। पूर्व विधायक और उनके कुनबे पर पुलिस-प्रशासन की सख्ती बरकरार है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पूर्व विधायक के बेटे विष्णु मिश्रा व बहू रूपा मिश्रा तथा अपने सगे समधी रमेश चंद्र मिश्रा के नाम से मीरजापुर के लालगंज तहसील स्थित आराजी मौजा भूसी पथरहा में गाटा संख्या 83ग क्षेत्रफल 6.6260 हेक्टेयर (26 बीघा 04 विस्वा लगभग) जमीन को जब्त करने का आदेश दिया। आरोप है कि पूर्व विधायक ने इस जमीन को आपराधिक कृत्यों के अर्जित धन से अपने परिजनों/रिश्तेदारों के नाम से वास्तविक मूल्य से कम मूल्य पर अपने प्रभाव का प्रयोग कर रजिस्ट्री कराई गयी थी। इस जमीन की कीमत 10 करोड़ 92 लाख 71 हजार बताया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि जिलाधिकारी ने मीरजापुर के लालगंज तहसील के भूसी पथरहा में पूर्व विधायक के बेटे-बहू और समधी के नाम से खरीदी गई लगभग 6.6260 हेक्टेयर भूमि को जब्त करने का निर्देश दिया है। जल्द ही उक्त जमीन को कुर्क किया जायेगा।

## सीसीटीएनएस परफारमेंस की रैंकिंग में भदोही पुलिस को मिला प्रथम स्थान

**ज्ञानपुर।** एसपी डॉ. अनिल कुमार सीसीटीएनएस पोर्टल पर निर्धारित कार्यों को तय सीमा के अंदर पूर्ण किए जाने, तत्समय ही अधिक से अधिक डाटा फीडिंग व डाटा सिंक की कार्यवाही हेतु जनपदीय सीसीटीएनएस कोऑर्डिनेटर को लगातार निर्देश देते रहते हैं। एसपी के निर्देश के क्रम में भदोही जनपदीय कोऑर्डिनेटर अमित कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में सीसीटीएनएस पुलिसकर्मियों द्वारा लगातार सीसीटीएनएस पोर्टल पर सूचनाओं को तय समय के अंदर फीडिंग व सिंक की कार्यवाही की जा रही है। एनसीआरबी द्वारा राज्य स्तर पर सीसीटीएनएस पोर्टल पर नियुक्त पुलिसकर्मियों के कार्यों के परफॉर्मेंस के आधार पर सभी जनपदों की मासिक रैंकिंग किया जाता है। एनसीआरबी द्वारा जारी सूची में माह अक्टूबर में जनपदीय पुलिस को राज्य स्तर की रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं मुख्यालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपदीय कोऑर्डिनेटर अमित कुमार पाण्डेय के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# जेसीबी से तालाब खुदवाने के प्रकरण में ग्राम प्रधान को नोटिस जारी

**ज्ञानपुर।** डीघ विकासखण्ड के इब्राहिमपुर गाँव में जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई कराने के मामलें में ग्राम प्रधान सुशीला देवी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैं।

उक्त गाँव निवासी शिकायतकर्ता विरेन्द्र कुमार व सुरेश कुमार बिन्द ने जिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत में स्थित तालाब संख्या 198 का खुदाई कार्य जेसीबी मशीन से कराये जाने की शिकायत किया है। प्रकरण के जांच में सभी पक्षों की सुनवाई की गयी। सीडीओ द्वारा कराये गये स्थलीय निरीक्षण एवं उभयपक्षों की सुनवाई में पाया गया कि ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर में स्थित तालाब संख्या 198 दो पाटों में विभाजित है, तालाब संख्या 198 द्वितीय पर 24 अक्टूबर को जेसीबी मशीन से कार्य कराये जाने की प्रथम दृष्ट्या पुष्टि होती है। खुदाई के लिए अब तक स्वीकृत धनराशि 04.51 लाख के सापेक्ष मस्टररोल के माध्यम से मु. 03.53 लाख व्यय किया गया है। तालाब पर 17 अक्टूबर से एक नवम्बर तक कुल 45 श्रमिकों का मस्टररोल ग्राम पंचायत द्वारा जारी कराया गया है। शिकायतकर्तागण द्वारा शिकायत करने के उपरान्त ग्राम पंचायत द्वारा उपर्युक्त मस्टररोल को शून्य करा दिया गया, जबकि स्थलीय निरीक्षण मे यह तथ्य संज्ञान में आया कि कुल 05 दिवस श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज की गयी है। शिकायत प्रकाश में आने पर ग्राम प्रधान/सचिव द्वारा मत्स्य पालक मुन्नालाल से बयान दिलवाया जा रहा है कि उक्त कार्य उनके द्वारा करवाया गया है, जबकि मत्स्य पालक को उक्त तालाब वर्ष 2019 में आवंटित हुआ है, आवंटन के पश्चात आज तक उक्त तालाब में इनके द्वारा मत्स्य पालन का कार्य नही किया गया है। जाँच में दोषी पाए जाने पर ग्राम प्रधान से सीडीओ ने एक सप्ताह के अन्दर स्पष्टीकरण माँगा है, उत्तर समय से प्राप्त न होने पर नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षेप

### बैठक में अनुपस्थित सात सचिवों से डीपीआरओ ने मांगा स्पष्टीकरण

**ज्ञानपुर।** पंचायत भवनों के निर्माण सहित अन्य विभागीय योजनाओं को लेकर गत दिवस मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। निर्देश के बाद भी विभिन्न ब्लाकों के ग्राम पंचायतों में तैनात सात सचिव बैठक में प्रतिभाग करने नहीं पहुंचे। इससे वहां के कार्यों के स्थिति के बारे में सटीक जानकारी नहीं हासिल हो सकी। जिला पंचायत राज अधिकारी राकेश कुमार यादव ने पंचायत भवन निर्माण व अन्य विकास कार्यों को लेकर पिछले दिनों हुई समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहे साच पंचायत सचिवों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। स्पष्टीकरण देने का निर्देश देते हुए चेताया है कि संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर कार्रवाई तय की जाएगी। सीडीओ भानुप्रताप सिंह के निर्देश पर डीपीआरओ ने औराई ब्लाक के बाबूसराय व झौवा गांव व निजामपुर के सचिव रंजन यादव, भभौरा के सचिव सिकंदर, भदोही ब्लाक के सुलतानपुर गांव के सचिव विनोद कौशल, अभोली ब्लाक के प्रयागपुर की सचिव नीतू शुक्ला, कनकपुर की सचिव आरती, सुरियावां ब्लाक के मंगुरा के सचिव मनोज मौर्य, डीघ ब्लाक के बनकट उपरवार के सचिव सुजीत को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### 26 विद्यालयों के निरीक्षण में 21 गुरुजन मिले अनुपस्थित

**भदोही।** प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यो की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा दिए गए निर्देश पर शुक्रवार को बीएसए के नेतृत्व में जनपद एवं ब्लाक से ट्रांसपोर्ट अधिकारियों ने कुल छब्बीस विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें कुल इक्कीस शिक्षा कर्मी अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित शिक्षाकर्मियों पर विभागीय कार्यवाही की गई। जिला बेसिक शिक्षा भूपेंद्र नारायण सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय रामापुर द्वितीय का भी भ्रमण किया गया, जिसमें ग्राम प्रधान को बुलाकर कायाकल्प के अंतर्गत शेष बचे कार्यों को पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया। ग्राम प्रधान द्वारा आश्वस्त किया गया कि दो सप्ताह के अंदर उक्त दिए गए कार्यों को पूर्ण करा दिया जाएगा। अधिकारियों द्वारा किये गए कुल 26 विद्यालयों का निरीक्षण में 21 अध्यापक-अध्यापिकाओ को अनुपस्थित पाए जाने पर अनुपस्थिति तिथि का वेतन भुगतान प्रतिबंधित किया गया। बीएसए ने समस्त विद्यालयों में बनाए जा रहे मध्यान्ह भोजन को गुणवत्ता युक्त बनाने के निर्देश दिए गए तथा साफ सफाई के लिए विशेष रूप से कहा गया निपुण भारत लक्ष्य अंतर्गत विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निर्देश दिया।

### दिव्यांग दम्पत्ति को मिलेगा शादी अनुदान

**ज्ञानपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह पुरस्कार योजना के अन्तर्गत गत वर्ष एवं चल वित्तीय वर्ष में हुई शादी हेतु दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर रू. 15 हजार व युवती के दिव्यांग होने पर पर रू. 20 हजार तथा युवक-युवती दोनो के दिव्यांग होने की दशा में रू. 35 हजार पुरूस्कार स्वरूप संयुक्त बैक खाते के माध्यम से दिये जाने का प्राविधान है। बताया कि शादी के समय दम्पत्ति में युवक की आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष तक तथा युवती की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति में कोई आयकर दाता न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण.पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। नवीनतम फोटो विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र आय व जाति प्रमाण पत्र युवक एवं युवती का आयु प्रमाण-पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड राष्ट्रीयकृत बैक से संचालित संयुक्त खाता अधिवास निवास का प्रमाण पत्र युवक एवं युवती की आधार कार्ड की छायाप्रति देना होगा।

### मौखिक परीक्षा 28 को

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग प्रभारी ने बताया कि एमए समाजशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2021-22 में समस्त छात्र छात्राओ को सूचित किया जाता है कि उनकी मौखिक परीक्षा 28 नवम्बर को समाजशास्त्र विभागमें प्रातः 10 बजे से होगी। समस्त परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र व परिचय पत्र के साथ नियत समय पर विभाग में उपस्थित होना सुनिश्चित करे। अनुपस्थित की दशा में परीक्षार्थी स्वंय उत्तरदायी होगा। सभी परीक्षार्थी को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित यूनीफार्म में 28 नवम्बर को विभाग में अनिवार्य रूप से उपस्थित हो।

## चन्दौली

# अवैध कब्जा से मुक्त कराएं चनहटा ग्रामसभा की जमीन

**चंदौली।** सदर ब्लाक क्षेत्र से चनहटा गांव में जमीन कब्जा करने के मामले में आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर दिया। अपनी मांगों को लेकर डीएम ईशा दुहन को पत्रक सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बंजर नवीन परती जमीन है, जो समाज के हित में पहले से ही शादी-विवाह एवं अन्य सामूहिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए उपयोग में लायी जाती है। विगत कई वर्षों से कुछ लोगों द्वारा उक्त जमीन पर कब्जा कर लिया गया है।

इस कारण ग्राम समाज का कोई भी सामूहिक कार्यक्रम शादी विवाह आदि होने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्राम सभा में कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां ग्रामीण इस तरह का कोई कार्यक्रम कर सके। आरोप लगाया कि जो भी राजस्व विभाग के लेखपाल या अधिकारी जमीन नापने आते हैं। जमीन कब्जा किए लोगों के घर नाश्ता पानी कर चले जाते हैं। वही ग्रामीणों ने जमीन को लोगों से मुक्त कराकर ग्राम सभा के हित में जमीन देने के लिए डीएम ईशा दुहन को शुक्रवार को पत्रक सौंपा है। इस मौके पर किरन देवी, घनश्याम, नवीन, अंबिका सुमन, गोविंद सेन, उमेश, शेरू आदि उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को अवैध कब्जा के बाबत जानकारी देते ग्रामीण।

## बिना हेलमेट व सीट बेल्ट पहने वाहन चालकों का चालान

**कंदवा।** यातायात माह में जब प्रशासन रोड पर उतरा तो वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने सहित यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर प्रशासन कुछ सख्त दिखा चालान करते हुए यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया।
एक तरफ में जहां नवंबर माह में वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन का पाठ पढ़ाया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ कुछ वाहन स्वामी इन नियमों की अनदेखी करने से नहीं चूक रहा हैं। ऐसे लोगों को यातायात नियमों का पालन कराए जाने के क्रम में उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार को सैयदराजा-जमानियां मार्ग पर रामपुर पुलिस चौकी के सामने स्थानीय पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट के बाइक चलाने, चार पहिया वाहन चलाने के दौरान सीट बोल्ट की अनदेखी करने सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की गई। कुल 35 वाहनों का आनलाइन चालान करते हुए यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया। इस दौरान रामपुर चौकी इंचार्ज मनोज पांडेय, कृपाशंकर यादव, संतोष, शिवम आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# निकाय चुनाव की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, 154588 मतदाता करेंगे मतदान

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदौली।** जनपद के चारों निकायों के मतदाता सूची का शुक्रवार को अंतिम प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची में 154588 मतदाता शामिल हैं। इसमें 9302 नए वोटर दर्ज किए गए हैं। वहीं 1659 का नाम कटा है। जबकि 220 मतदाताओं का संशोधन किया गया है। अब वार्डों के आरक्षण सूची का लोगों को इंतजार है। इस आरक्षण सूची को बीते दिनों ही शासन को भेजी गई थी। इस सूची के जारी होते ही चुनाव की सरगर्मी बढ़ जाएगी।

जनपद के नगर पालिका मुगलसराय के अलावा चंदौली, सैयदराजा और चकिया नगर पंचायतों में आनलाइन व आफलाइन प्राप्त किए गए दावे आपत्तियों का निस्तारण करते हुए शुक्रवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। मुगलसराय नगर पालिका में कुल 100518 वोटर सूची में दर्ज किए गए हैं। चंदौली नगर पंचायत में 22642 मतदाता, सैयदराजा नगर पंचायत में 16432 मतदाता, चकिया नगर पंचायत में 14996 मतदाता शामिल हैं।

मतदाता सूची के अनुसार पीडीडीयू नगर पालिका में 6677 नए मतदाता बढ़े हैं। वहीं 1295 का नाम कटा और 136 मतदाताओं का संशोधन हुआ है। चंदौली नगर पंचायत में 925 नए मतदाता, 86 का नाम कटा व 59 मतदाताओं का संशोधन किया गया है। सैयदराजा नगर पंचायत में 871 नए वोटर, 144 का नाम कटा और 4 मतदाताओं का संशोधन हुआ है। चकिया नगर पंचायत में 829 नए मतदाता,134 वोटरों का नाम कटा है। वहीं 21 मतदाताओं का नाम में संशोधन हुआ है।

## संक्षेप

### पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं पेड़-पौधेः निशांत

**चंदौली।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा चंदौली के तत्वाधान में कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिल्टी के अंतर्गत शुक्रवार को महेंद्र टेक्निकल इण्टर कॉलेज समेत आधार दर्जन स्कूलों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ अशोक, कदम, जामुन, गोदावरी, कमीनी, गुलमोहर आदि के 800 से अधिक पौध रोपित किए गए। इस कड़ी में आदर्श इण्टर कालेज काटा, आदर्श कॉलेज माटीगांव, नगर पालिका इंटर कॉलेज मुगलसराय, कम्पोजिट विद्यालय मुगलसराय में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन करते निशांत श्रीवास्तव कहा कि वर्तमान में प्रदूषण को कम करके पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं। इसके अलावा यह हमारी पृथ्वी को हरा-भरा व सुंदर बनाए रखते हैं। हमारे देश में वृक्षों को पूजनीय माना जाता है इसलिए हमसभी को अपने घरों में भी पौधरोपण करना चाहिए। इस अवसर पर स्टेट बैंक चंदौली मुख्य प्रबंधक निशांत श्रीवास्तव एवं मुख्य प्रबंधक सुनील कुमार, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### नवहीं की घटना में निंदोषों को फंसा रही चंदौली पुलिस

**चंदौली।** क्षेत्र के नवहीं गांव के प्रधान राजेंद्र गौतम ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बीते 14 जुलाई को नवहीं ग्राम सभा के हुए गोलीकांड मामले से अवगत कराया। बताया कि चंदौली कोतवाली पुलिस उस मामले में कुछ निर्दोष लोगों को जबरन फंसाने का प्रयास व कार्यवाही कर रही है। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में बीच बचाव करने के कारण मुझे और गांव के उमापति के विरूद्ध पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके अलावा पढ़ने-लिखने वाले कई नौजवानों का नाम भी पुलिस ने विवेचना के दौरान शामिल किया है। कहा कि जिन नौजवानों का इस घटना से लेना-देना नहीं है पुलिस विवेचना के दौरान उन्हें अभियुक्त बनाकर उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का काम कर रही है। इससे नवहीं गांव के लोग डरे सहमे हुए हैं। कहा कि निर्दोष पर कार्यवाही से पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप लगाया कि कतिपय लोगों के दबाव व प्रभाव में आकर पुलिस द्वारा ऐसा किया जा रहा है। यदि ऐसा हुआ तो गांव के पढ़ने-लिखने वाले कई बच्चों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा, जो किसी भी दृष्टिकोण से न्याय संगत व उचित नहीं है। लिहाजा इस प्रकरण में सही विवेचना करते हुए घटना में संलिप्त लोगों के खिलाफ ही कार्यवाही की जाए। इस प्रकरण में एसपी ने भरोसा दिया कि किसी भी निर्दोष नौजवान के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा, जिनके नाम गलत तरीके से विवेचना में शामिल किए गए हैं उन्हें न्याय मिलेगा।

### अधिवेशन में शामिल होने रवाना हुए समाचार पत्र वितरक

**डीडीयू नगर।** समाचार पत्र वितरक संगठनों का 20 नवंबर को वर्धा सेवाग्राम आश्रम में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होगा। इस कड़ी में प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया व गोरखपुर समाचार पत्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष राम श्रेष्ठ पासवान को सेंटर पर वितरकों ने माल्यार्पण व गगनभेदी नारा लगाकर सिकंदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना किया, जहां वितरकों की मूलभूत समस्याओं सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। संस्थान को बचाने पर भी चर्चा होगी। समारोह के मुख्य अतिथि बालाजी पवार महाराष्ट्र पत्र वितरक व विशिष्ट अतिथि भागवत नारायण चौरसिया उत्तर प्रदेश प्रदेश महामंत्री व राम श्रेष्ठ पासवान गोरखपुर अध्यक्ष व अध्यक्षता डॉक्टर पंकज होंगे। स्वागत करने वालों में विजय जायसवाल, राजेश सिंह, अमित शर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, आनंद गुप्ता, मदन यादव, त्रिपुरारी यादव, शाहिद अली, धर्मेंद्र कुशवाहा, कयामुद्दीन अंसारी, अजय जायसवाल आदि लोग भारी संख्या में थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र स्थित पांडेपुर कस्बे के समीप सड़क हादसे में दो बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से चोटिल हो गए। राहगीरों व ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। आपको बताते चलें कि चकिया थाना क्षेत्र के बियासड गांव निवासी विकास जिनकी उम्र 35 वर्ष तथा बबुरी थाना क्षेत्र के दूदे गांव निवासी अभय जिनकी उम्र लगभग 18 वर्ष बाइक से मुगलसराय नगर में किसी काम से जा रहे थे तभी एक अनियंत्रित पिकअप पांडेपुर के समीप बाइक को टक्कर मार दी दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है ।

## कोतवाल से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल

**चंदौली।** सिविल बार एसोसिएशन एवं डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार के अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को कोतवाल राजीव सिंह से मिला। इस दौरान साथ ही अधिवक्ता के साथ हुए मारपीट का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। इसे गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# व्यापारियों ने की सैयदराजा में ट्रेनों के ठहराव की मांग



**सैयदराजा।** व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष अंकित जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों का दल डीएम से मिला। इस दौरान सैयदराजा स्टेशन पर पूर्व में रुक रही ट्रेनों का ठहराव फिर से किए जाने की मांग की। इस बाबत जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकान्त अग्रहरी ने बताया कि ऐक्सप्रेस ट्रेनों का कोविड-19 संक्रमण काल से पूर्व नियमित रूप से ठहराव व परिचालन होता रहा है। किंतु कोविड संक्रमण काल प्रभावहिन होने के उपरांत सभी ऐक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन व ठहराव अवरुद्ध हो गया। जबकि कोविड संक्रमण काल प्रभावहिन होने के उपरांत सभी ऐक्सप्रेस ट्रेनों का पुनः परिचालन व ठहराव पहले संदर्भित स्टेशनों पर होने लगा। किंतु सैयदराजा स्टेशन पर किसी ऐक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं हो पाया, जिससे सैयदराजा में व्यापारी, किसान, सैयदराजा के आम सम्मानित नागरिक को किसी अन्य राज्य के लिए अत्यंत कठिन परिस्थितिओ का सामना करना पड़ रहा है। अंकित जायसवाल ने बताया कि सैयदराजा में उत्तरी व दक्षिणी बाजार को जोड़ने वाली रेलवे क्रासिंग गेट संख्या-72बी पर ओवर ब्रिज बनाया गया है लगभग 6 माह से आवागमन जारी है। उक्त ब्रिज बाजार से आउटर में है जो पूरी तरह अंधेरे में है अभी तक टाइट की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गयी है जिससे ऊपर से पैदल आने जाने में लूट-पाट का भय बना रहता है। इस दौरान भगवानदास कसौधन, शिवा साव, अमित वर्मा, हर्ष केशरी उपस्थित रहे।

# चंदौली में लग रहे जाम में फंसकर कराह रही जनता

**चंदौली।** चंदौली मुख्यालय पर जाम की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन लगने वाले भीषण जाम से आमजन मानस के साथ साथ जिले के अधिकारी भी घंटो फंसकर हलकान हो रहे हैं। इसके अलावा स्थानीय दुकानदारों की दुकानदारी पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बावजूद इसके यातायात महमा उसे पटरी पर लाने में सफल नहीं हो पा रहा है।

दरसअल सदर तहसील से लगाकर जिला अस्पताल तक की वाहन स्टैंड नहीं होने से सड़क किनारे आड़े-तिरछे खड़े वाहन जाम का मुख्य कारण बन रहे हैं। इससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही है और लोगों के साथ जिले के अधिकारी भी जाम में फंसकर घंटों हलकान हो रहे हैं। जाम से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल के बच्चों व एम्बुलेंस को होता है। नगर के अतिव्यस्त मार्ग सदर तहसील से लेकर सकलडीहा रोड पुलिस चौकी तक सुबह से लेकर शाम तक आड़े तिरछे खड़े दुपहिया वाहन व आटो चालकों का कब्जा रहता है। सुबह से ही दोपहर तक बीच सड़क पर आटो खड़ा करके सवारियां बैठते हैं, जिससे जाम की स्थित पैदा हो जा रही है। जाम में सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल से छूटे बच्चों को हो रही है। जो धूप से तिलमिला उठ रहे है। वही बाइक व साइकिल सवार हलकान हो जा रहे है। सदर तहसील से लगाकर पुलिस चौकी के समीप छोटी पुलिया तक प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। जाम में फंसे लोग यातायात पुलिस व प्रशासन को कोस रहे थे।



चंदौली सर्विस रोड पर लगे जाम में फंसे लोग व मजिस्ट्रेट।



## बाजार की नई करवट

# काशीवासियों को लुभायेंगे तमिलनाडु के उत्पाद

### सज गया काशी का बाजार, तमिल पर्यटकों की आगवानी का इंतजार

### बनारसी परिधान, व्यंजन और विविध उत्पाद की अच्छी बिक्री की आस

कारोबारियों का कहना है कि तमिल मेहमान पुरातन शहर काशी की संस्कृति, धर्म-दर्शन, गंगा, सभ्यता, शिक्षा, वैज्ञानिकता समेत जीवन के कोलाहल को करीब से देखेंगे। इस जीवंत शहर की जिंदादिली से रुबरू होंगे। निश्चित रूप से एक महीने तक चलने वाले इस संगमम् से काशी के कारोबार को और ऊंचाई मिलेगी। तमिल लोगों को देखने के लिए काशी का हैंडलूम होगा, तो वहीं काशी के लोग भी तमिल के उन व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे, जो अभी तक उन तक पहुंच नहीं पाए हैं। यहां तमिल क्लासिकल किताबें हिन्दी भाषा में मिलेंगी। निश्चित रूप से साहित्य की नगरी काशी में इन किताबों की काफी डिमांड होगी, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। उम्मीद लगायी जा रही है कि तमिल क्लासिकल किताबों का काशी एक बड़ा बाजार बनकर उभरेगा। कारोबारियों का कहना है कि कांचीवरम की रेशमी साड़ियां, अरियल्लूर का प्रॉसेस्ड काजू, कोयंबटूर के मोटर पंप, कन्याकुमारी के काजू नट्स, पेरंब्लूर का मक्का, मदुरई के रेडीमेड गारमेंट्स आदि उत्पादों की प्रदर्शनी काशीवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु होगी।





# अर्थशास्त्र का नया अध्याय रचेगा काशी-तमिल संगमम

### बनारस के कई ओडीओपी उत्पादों की तमिलनाडु में हैं बहुत ज्यादा डिमांड

**जितेंद्र श्रीवास्तव**

काशी-तमिल संगमम् एक अद्भुत और अविस्मरणीय इतिहास रचेगा। सिर्फ दो संस्कृतियों के आदान-प्रदान का ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी। माना जा रहा है कि जहां काशीवासी तमिल संस्कृति से परिचित होंगे। वहीं, स्थानीय बाजार भी तमिल पर्यटकों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, ताकि उनको यहां के पारंपरिक परिधान के साथ ही बनारसी खान-पान और विविध उत्पाद से रुबरू कराते हुए यादगार लम्हों के साथ उसे अपने साथ ले जाने के लिए प्रेरित किया जा सके। कारोबारियों की मानें तो बनारस के कई ओडीओपी उत्पादों की तमिलनाड़ में बहुत ज्यादा डिमांड है। ऐसे में उनको बेहतर कारोबार की आस है। हो भी क्यों न? काशी धार्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों



के साथ-साथ ही व्यापारिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन गया है। काशी विश्वनाथ धाम, सारनाथ, गंगा आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों में भागीदारी इन तमिल पर्यटकों के लिए जहां गौरव का विषय होगा। वहीं, एक महीने के दौरान अरबों के कारोबार से इंकार भी नहीं किया जा सकेगा। इस आयोजन से न सिर्फ काशी-तमिल के सांस्कृतिक विरासत को और मजबूती मिलेगी, बल्कि अर्थशास्त्र का नया अध्याय भी लिख जाएगा।

काशी-तमिल संगमम् का इंतजार अब समाप्त हो चुका है। तमिल पर्यटकों का आगमन होने लगा है। तमिल से यहां आने वाले मेहमानों का शिवनगरी में डमरू बजाकर जोरदार स्वागत हुआ। करीब एक माह तक चलने वाले काशी-तमिल संगमम् के दौरान तमिल संस्कृति में जहां बनारस जहां एक नया इतिहास रचेगा, तो वहीं तमिलनाडु से जुड़ी खानपान, क्राफ्ट, वहां के छोटे उद्योग-धंधों से जुड़े उत्पाद, कला संस्कृति से जुड़े स्टॉल इस बात के गवाह बनेंगे।

कारोबारियों की मानें तो दीपावली, देव दीपावली के बाद काशी-तमिल संगमम् एक बड़ा मार्केट देगा। वजह, एक महीने तक चलने वाले इस ऐतिहासिक मिलन में बेहतर बिक्री की आस सभी को हैं। वजह, यहां आने वाले तमिल पर्यटक न सिर्फ काशी की बदली हुई तस्वीर को अपनी आंखों में कैद करेंगे, बल्कि यहां की यादें संजोने के लिए कुछ न कुछ



खरीदारी भी खरीदेंगे। हर कोई अपने सामर्थ्य के अनुसार न सिर्फ खरीदारी करेगा, बल्कि नातेदारों-रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए उपहार भी लेकर जाएगा। काशी-तमिल संगमम् के इस सीजन को लेकर बनारस का मार्केट बूम करने को बेताब है।

## व्यंजनों के 'कॉकटेल' का उठायेंगे लुत्फ

काशी-तमिल संगमम् का औपचारिक शुभारंभ 19 नवम्बर को होगा। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस तारीख को काशी में मौजूद रहेंगे। इस संगमम् में काशी के विकास मॉडल संग दक्षिण के खान पान, संस्कृति, शिक्षा, व्यवसाय, आध्यात्म व शिल्पियों का संगम होगा। कह सकते हैं कि अगले 30 दिन काशी की जमीन पर दक्षिण भारत के रंग बिखरने वाले हैं। इस रंग को और गाढ़ा करेंगे बनारसी परिधान, बनारसी व्यंजन के अलावा विविध प्रकार के उत्पाद। बनारस के कई ओडीओपी उत्पादों की तमिलनाडु में बहुत ज्यादा डिमांड रहती है। यहीं वजह है कि इस संगमम् को लेकर यहां के कारोबारियों ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। इस आयोजन में यहां को होटल मार्केट भी खूब बूम करेगा। ट्रैवेल्स एजेंसियों का कारोबार भी खूब चमकेगा। यहां आने वाले तमिल पर्यटक बनारसी साड़ी, बनारसी परिधान (होम फर्निशिंग उत्पाद), मौसमी परिधान, हस्तनिर्मित लकड़ी के खिलौने, बीड्स, काशी की गुलाबी मीनाकारी, मीठी सुपाड़ी, आर्टिफिशियल उत्पाद, सजावटी सामान, आर्टिफिशियल मालाएं, पीतल के बर्तन व मूर्तियां, रुद्राक्ष, स्टफिक व मोती की मालाएं आदि वस्तुएं जहां खरीदेंगे। वहीं, बनारसी व्यंजनों (गोलगप्पे, आलू टिकिया, टमाटर चॉप्स, मलइयो आदि) का लुत्फ भी उठायेंगे। इसके अलावा, बाजार में साउथ इंडिया के टेस्ट वाला इडली-डोसा, सांभर और उत्तपम खाने को मिलेगा। साथ ही चेत्तीनाद कुसिन, कुंगनाड़ कुसिन, पोरियल (कई तरह की सब्जियों से बना व्यंजन), मोर कुलम्बु (नारियल के साथ दही और मसाले), पुली कुलम्बु, मुरुक्कू, लेमन राइस, नेई पायसम, पोरियाल पोंगल समेत सैकड़ों तरह के व्यंजन खाने को मिलेंगे।



# देखिए, आजादी की सुलगी चिंगारी से अबतक का सफरनामा

### एम्फी थिएटर मैदान में लगी प्रदर्शनी में तमिल समाज के योगदान की झलक

### ईस्ट इंडिया कंपनी के कुशासन से लेकर साउथ फिल्म स्टार धनुष का डिस्प्ले

**सुरोजीत चैटर्जी**

बीएचयू के एम्फी थिएटर मैदान में काशी-तमिल संगमम के लिए लगी प्रदर्शनी में स्वतंत्रता आंदोलन की सुलगी चिंगारी से लेकर अबतक भारत को ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाली हस्तियों को भी याद किया गया है। उनमें देशभर के व्यक्तित्वों और मुख्य रूप से तमिल समाज के लोगों की भूमिका और वहां के प्रसिद्ध व्यक्तित्वों की झलक तस्वीरों के जरिये प्रस्तुत किया गया है। इस स्टॉल पर अलग-अलग कालखंड में तत्कालीन दौर के प्रमुख लोगों की तस्वीर और उनके दौर का संक्षिप्त परिचय भी दिया गया है। शुरुआत सन 1700 से 1857 तक के तत्कालीन दौर को पेश करने का प्रयास किया गया है जिसमें ईस्ट इंडिया कंपनी के कुशासन के दौरान भारतीय स्वतंत्रता की चिंगारी सुलगने लगी थी। इस काल खंड के चित्रों में वीर पांडिया कट्टबोमन (1799), बेगम हजरत महल (1857), नाना साहिब (1857), रानी लक्ष्मीबाई, झलकारीबाई, बहादुरशाह ज़फ़र का आत्मसमर्पण (1857), वीर सुरेंद्र साय (1884), कितूर की रानी चेन्नम्मा (1824), तात्या टोपे और मातादीन भंगी आदि के चित्रों के साथ संक्षिप्त परिचय दिया गया है। इसी प्रकार अन्य कालखंडों के विभिन्न दौर में देश के लिए योगदान देने वालों की जानकारी भी दी गयी है। वहीं, तमिलनाडु की उन फिल्मी हस्तियों की चर्चा भी की गयी है कि जिन्होंने न सिर्फ दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपनी धाक जमायी है बल्कि हिन्दी फिल्मों के माध्यम से बॉलीवुड में के सुपर स्टार व मेगा स्टार माने जाते हैं। इनमें अभिनेत्री वैजंती माला, हेमा मालिनी, रेखा, श्रीदेवी, अभिनेतारजनीकांत, कमल हासन, एआर रहमान और धनुष आदि सम्मिलित किये गये हैं।



## देशभर के भव्य मंदिरों की लीजिए जानकारी

प्रदर्शनी में देशभर के और विशेषकर दक्षिण भारत के भव्य मंदिरों, मठों और विशिष्टजनों के चित्रों की अलग गैलरी बनायी गयी है। इस गैलरी में वृहदीश्वर मंदिर, मरुधरमलाई मंदिर कोयंबटूर, ब्रह्मपुरीश्वर मंदिर मयिलाडुरतुरै एवं तिरुपन्नूर, ऐयारप्प मंदिर तंजावुर, जलकंटेश्वर मंदिर वेलुर, एकांबारेश्वर मंदिर कांचीपुरम, नटराज मंदिर मयिलाडुतुरै, रामानाथ स्वामी मंदिर रामेश्वर, रंगनाथ मंदिर, मरुन्दीश्वर मंदिर तिरुवान्मियूर, मीनाक्षी मंदिर मदुरै, ऐरावत मंदिर कुंबकोणम, करपात्रीजी महाराज मीरघाट वाराणसी, गंगैकोंड चोलपुरम, महाबलीपुरम के मंदिर, मोक्ष मंदिर गौड़िया मठ सोनारपुरा वाराणसी, कबीरमठ कबीरचौरा, काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी, विश्वनाथ मंदिर परिपथ की खोदाई में मिली कई ईसापूर्व की शिव मूर्तियां, 14वीं शताब्दी ईसापूर्व के कार्तिकेय की मूर्ति, केदारेश्वर लिंग केदारघाट वाराणसी और रामनाथ स्वामी मंदिर रामेश्वर आदि के चित्र लगाए गये हैं।



## तमिल व्याकरण की पहली किताब का आकर्षण

### प्रदर्शनी में पुस्तकों के स्टॉल पर विभिन्न भाषाओं समेत अनूदित किताबें उपलब्ध

काशी-तमिल संगमम के उद्घाटन समारोह स्थल एम्फी थिएटर मैदान में लगी प्रदर्शनी में कई प्रकाशकों ने भी स्टॉल लगाया है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से लगे इन स्टॉलों पर हिन्दी व तमिल समेत कई अन्य भाषाओं में साहित्य, व्याकरण, इतिहास, इंजीनियरिंग, समीक्षा, कहानियों का संग्रह, शोध, नॉवेल, नाट्य साहित्य, बच्चों की रुचि की किताबें आदि हैं। इसके अलावा वर्तमान पीढ़ी में साहित्य आदि किताबों के प्रति रुची बढ़ाने और पुस्तक प्रेमियों के लिए नेशनल बुक ट्रस्ट की ओर से दो आकर्षक मोबाइल वाहन नगर में भ्रमण कर रहा है। उन वाहनों को ट्रस्ट यहां उनमें विभिन्न रुचि की पुस्तकें उपलब्ध हैं। स्टॉल पर नेशनल बुक ट्रस्ट ने सैकड़ों किताबें डिस्प्ले की हैं। उनमें आधुनिक भारत के भगीरथ श्री नरेंद्र मोदी, कविता में बनारस, बहती गंगा, संस्कृत नाट्य साहित्य, लोक परंपराओं में स्व का बोध, भारतीय कला के अंतर्संबंध, भारत का जल परिवहन, बृहत् समानांतर कोश, भारतीय कृषि आजादी के बाद आदि पुस्तकें भी रखी गयी हैं। निकट ही केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान की ओर से न सिर्फ तमिल बल्कि तमिल भाषा की किताबों का अन्य भाषाओं में अनुवाद कर किताबें पेश की गयी हैं। इस स्टॉल पर सभी पुस्तकों पर 50 फीसदी छूट भी दी जा रही है। ताकि अधिक से अधिक लोग कम रेट में उन किताबों को खरीदकर लाभ उठा सकें। उन पुस्तकों में पुरातत्व विज्ञान से जुड़ी चार हजार रुपये मूल्य की एक किताब 'अर्ली तमिल एपिग्राफी' भी है। पद्मश्री ईरावथम महादेव लिखित इस पुस्तक में शताब्दियों पूर्व पत्थरों, गुफाओं और पहाड़ों आदि पर उस दौर में लिखी या उकेरी गयी भाषाओं पर तस्वीरों के साथ विस्तार में जानकारी दी गयी है। वहीं, प्राचीन तमिल शास्त्र से जुड़ी 41 पुस्तकें ऐसी हैं जिनका हिन्दी, अंग्रेजी, बांग्ला, नेपाली समेत 14 भाषाओं में अनूदित प्रति भी उपलब्ध करायी गयी है। स्टॉल के स्टाफ ने बताया कि डॉ. एन. बालसुब्रह्मणयम तथा प्रो. के. नाच्चिमुत्तु लिखित ने तमिल भाषा की प्रथम व्याकरण की किताब 'तोलकाप्पियम' भी पाठकों के मुहैया कराया है।





## तमिल समाज के आराध्य हैं आदि विशेश्वर व कुलदेवी विशालाक्षी

**वाराणसी।** शिव की नगरी काशी शैव संप्रदाय को मानने वाले तमिल भाषियों की आस्था का केंद्र है। आदिकेशव से अस्सी के बीच तमिलनाडु के श्रद्धालुओं की श्रद्धा के केंद्र के रूप में अनेक मंदिर हैं। तमिल समुदाय के आराध्य आदि विश्वेश्वर और कुलदेवी विशालाक्षी काशी में ही विराजती हैं। तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के राज्यों से आने वाले श्रद्धालु बिना इस मंदिर में मत्था टेके बिना काशी यात्रा को पूर्ण नहीं मानते हैं। ये बातें चिंतामणि गणेश मंदिर के महंत चल्ला सुब्बाराव शास्त्री ने दी। बताया कि काशी में श्री काशी विश्वनाथ को मिलाकर कुल 59 प्रमुख शिवलिंग हैं। 12 आदित्य, 56 विनायक हैं, अष्ट भैरव, नौ दुर्गा, 13 नरसिंह तथा 16 केशव हैं। दक्षिण भारतीयों में मान्यता है कि कांची कामाक्षी, मदुरै मीनाक्षी और काशी विशालाक्षी तीनों सगी बहनें हैं। दक्षिण भारतीय वहां मीनाक्षी और कामाक्षी का दर्शन तो कर लेते हैं लेकिन विशालाक्षी के दर्शन के लिए काशी आते हैं। इसके अलावा चिंतामणि गणेश मंदिर और शृंगेरी मठ भी उनका प्रमुख केंद्र है। गौरी केदारेश्वर, तिलभांडेश्वर और हनुमान घाट पर स्थित मंदिरों में वह मत्था जरूर टेकते हैं। दक्षिण भारतीय श्रद्धालु जब काशी आते हैं तो विशालाक्षी देवी का दर्शन करके तीनों बहनों के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद तमिल समुदाय के लोग मां अन्नपूर्णा का दर्शन व प्रसाद ग्रहण करने के बाद माता विशालाक्षी के दर्शन करते हैं। तमिल समुदाय के तीर्थ पुरोहित राकेश पंडा ने बताया कि आदिकेशव का दर्शन करके काशी में घाट-घाट होते हुए धार्मिक यात्रा करने की प्राचीन परंपरा है। मणिकर्णिका तीर्थ से ही पंचक्रोशी और अंतर्गृही परिक्रमा आरंभ होती है।



कांची कामाक्षी मदुरै मीनाक्षी व काशी विशालाक्षी तीनों हैं सगी बहनें

छाया: शंकर चतुर्वेदी  पेज सज्जा: सौरभ जायसवाल

# पहली बार भरतनाट्यम पेश करने आयी हूं: बी. ऐश्वर्या

**चेन्नई से तमिल संगमम में भरतनाट्यम पेश करने अपने ग्रुप के साथ पहुंची**

**राधेश्याम कमल**



चेन्नई से काशी तमिल संगमम् में भरतनाट्यम पेश करने आयी बी. ऐश्वर्या काशी आकर काफी प्रफुल्लित हैं। वह अपने पापा वेंकट व मां लता के साथ शुक्रवार को बनारस पहुंचीं। वे हनुमानघाट स्थित कांची शंकराचार्य मठ में ठहरी हुई हैं। मठ में जनसंदेश टाइम्स ने उनसे बातचीत की। बी. ऐश्वर्या ने बताया कि काशी में पहली बार भरतनाट्यम पेश करने आयी हूं। यह मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि काशी तमिल संगमम् के आयोजन पर हम अपने पापा-मम्मी के साथ बनारस आये हैं। उनका एम्फी थियेटर में भरतनाट्यम का कार्यक्रम है। कुल नौ सदस्याओं की टीम में पद्मश्री मीनाक्षी चितरंजन, अर्पणा चितरंजन, ऐश्वर्या वेंकट, काव्या, निवेदिता, कृतिका, सहाना हैं। इस कार्यक्रम में शिव पुराण पर कुल चार प्रस्तुतियां होंगी।

## पुण्य क्षेत्र में आकर आनंद की अनुभूति हो रही: लता



भरतनाट्यम नृत्यांगना बी ऐश्वर्या की मां लता भी पहली बार काशी पहुंची हैं। बातचीत के दौरान कहती हैं कि काशी नगरी को पुण्य की नगरी कहा जाता है। इस पुण्य की नगरी में आने का उनका बहुत ही पहले से मन था। ईश्वर ने सचमुच उनकी मनोकामना पूरी कर दी। इस पुण्य की नगरी काशी आकर उन्हें सचमुच में आनंद की अनुभूति हो रही है। तमिल की कला व संस्कृति विश्व में साकार हो यही मेरी कामना है। भरतनाट्यम तमिल के साथ-साथ भारत को गौरव प्रदान करता है।

## तमिलनाडु से बनारस आने वाले श्रद्धालु करते है सराहना: चन्द्रशेखर द्रविड़



काशी निवासी तमिलनाडु के चंद्रशेखर द्रविड़ बताते हैं कि उनके यहां तमिलनाडु से बनारस आने वाले श्रद्धालु काशी को काफी सराहते हैं। कहते है कि यह गर्व की बात है, कि यहां के सीएम धर्म के संरक्षण के साथ ही विकास के काम भी बेहतरीन ढंग से अंजाम दे रहे हैं। सिर्फ काशी ही नहीं पूरे प्रदेश की छवि उन्होंने बदल के रख दी है। दक्षिण के प्रदेशों में भी ऐसा विकास होना चाहिए।

## ऐसा लगा जैसे अपने परिवार में आये हैं: वेंकट



भरतनाट्यम नृत्यांगना बी ऐश्वर्या के पापा वेंकट बताते हैं कि काशी आकर उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है जैसे वह अपने ही परिवार में आये हैं। सचि मानिये ऐसा लग रहा है जैसे हम ननिहाल में आये हैं। काशी तमिल संगमम एक अद्भुत कार्य हो रहा है। इससे उत्तर व दक्षिण दोनों के संबंध और भी प्रगाढ़ होंगे। इससे तमिल की संस्कृति और कला और भी विकसित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कार्य बहुत ही सराहनीय है।

## काशी अब काफी साफ सुथरी हो गई है: अन्नपूर्णिनी



सदियों से काशी में बड़ी संख्या में तमिलनाडु के श्रद्धालु आते रहे हैं। मगर अब उन्हें काशी की बदलती तस्वीर भाने लगी है। काशी तमिल संगमम में शामिल होने तमिलनाडु से आई अन्नपूर्णिनी ने बताया कि शिवजी की नगरी काशी की आध्यात्मिकता और धार्मिकता के चलते हम लोग हजारों किलोमीटर दूर से काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। कहा कि काशी साफ सुथरी हो गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी को बहुत अच्छा बना दिया है। अन्नपूर्णिनी ने कहा योगी जैसा मुख्यमंत्री तमिलनाडु को मिलना चाहिए।

## संगमम से संबंधों में आएगी ताजगी: वेंकटरमन घनपाठी



पांच पीढ़ी से काशी में रह रहे और श्री काशी विश्वनाथ न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी ने बताया कि तमिलनाडु से आने वाले लगभग सभी श्रद्धालु उनके मंदिर में आते हैं और काशी समेत उत्तर प्रदेश के विकास से काफी प्रभावित होते हैं। तमिलनाडु के ही कृष्ण कुमार ने बताया व 10 साल बाद काशी आ रहे हैं। यहां का विकास देखकर खुशी हुई है। गंगा पहले से काफी साफ सुथरी हुई हैं। घाट भी खूबसूरत हो गये हैं। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम से हमारे आपसी संबंधों में नयी ताजगी आएगी, जिससे और ज्यादा पर्यटक काशी आएंगे।

## श्रेष्ठ भारत के लिए तमिल संगमम महत्वपूर्ण: बीएस चन्द्रशेखर



**काशी में उत्तर व दक्षिण की संस्कृति का हो रहा मिलन**

कांचीकाम कोटि मंदिर व मठ के संयुक्त प्रबंधक बीएस चन्द्रशेखर बताते हैं कि श्रेष्ठ भारत व सशक्त भारत के लिए तमिल संगमम अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इससे काशी में उत्तर व दक्षिण का मिलन हो रहा है। कहा कि उत्तर व दक्षिण की संस्कृति गंगा व कावेरी के तट पर बसी है। भारत एक कृषि प्रधान देश है जहां गंगा के किनारे गेहूं व धान की पैदावार होती है। वहीं कावेरी के तट पर धान की तीन फसल की पैदावार होती है। दोनों स्थानों के गांवों का रहन-सहन सात्विकता के साथ होने के कारण किसान भी संतुष्ट रहता है। आज दोनों जगह नवीन तकनीकी के द्वारा जुताई व बुआई का कार्य हो रहा है। दक्षिण भारत में जल की मात्रा कम होने के कारण जल संरक्षण व संवर्धन के प्रति लोग जागरुक ज्यादा रहते हैं। उत्तर भारत में जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जागरुकता लाने की आवश्यकता है। उसी तरह कला, संस्कृति, परम्परा को देखते है तो दोनों जगह लोगों में जागरुकता तो है परंतु आचरण पर और ध्यान देने की आवश्यकता है। शायद यही उद्देश्य एक श्रेष्ठ भारत व सशक्त भारत होने के लिए कराशी में तमिल संगमम अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

